सुप्रभात
रांची, गुरुवार
12.06.2025
* * नगर संस्करण। पेज :12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | आषाढ़, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 327



12 ट्रंप पर कुछ टिप्पणियों पर है पछतावा

## न्यूज डायरी

### पेंशनधारकों के लिए जुलाई में चलेगा विशेष अभियान

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने केंद्रीय पेंशनधारकों, विशेषकर परिवार पेंशनधारकों और सुपर सीनियर नागरिकों की शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए विशेष अभियान 2.0 शुरू करने का निर्णय लिया है। यह अभियान एक से 31 जुलाई तक चलेगा। इस अभियान की शुरूआत पीएमओ में राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह करेंगे। इसका उद्देश्य महिलाओं के सशक्तीकरण और वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण को बढ़ावा देना है। अभियान के तहत कुल 2210 पेंशन शिकायतों को 51 मंत्रालयों, विभागों और संगठनों को समाधान के लिए सौंपा गया है।

### पेयजल योजना की जांच करने पहुंची केन्द्रीय टीम

**पलामू।** पलामू जिले के छत्तरपुर में पाइप लाइन पेयजल योजना की जांच करने बुधवार को जलजीवन मिशन की केंद्रीय टीम पहुंची। टीम ने हुसैनाबाद स्थित देवरी सिंचाई योजना एवं दंगवार सोन नदी तट से छत्तरपुर प्रखंड में आने वाली पाइप लाइन जलापूर्ति योजना की जांच की और सात साल से योजना के लंबित रहने पर चिंता व्यक्त की। संवेदक की मनमानी के कारण यह योजना अधर में लटकी हुई है। पाइप लाइन योजना में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। बता दें कि 68 करोड़ की लागत से पानी टंकी का निर्माण पूरा हो चुका है फिर भी जलापूर्ति शुरू नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है।

### आबकारी सिपाही भर्ती में 12 मौतों पर मांगा जवाब

**पूर्वी सिंहभूम।** झारखंड में आबकारी सिपाही भर्ती के दौरान हुई 12 मौत के मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने संज्ञान लिया है। मानवाधिकार कार्यकर्ता दीपक कुमार की शिकायत पर एनएचआरसी ने झारखंड सरकार के गृह विभाग के विशेष सचिव को चार सप्ताह के अंदर जवाब देने का निर्देश बुधवार को दिया है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2024 के अगस्त और सितंबर में झारखंड के सात केंद्रों पर आयोजित आबकारी सिपाही भर्ती की शारीरिक दक्षता परीक्षा के दौरान छह केंद्रों पर 12 प्रतिभागियों की मौत हो गई थी, जबकि करीब 400 प्रतिभागियों की हालत बिगड़ गयी थी।

### देश में कोरोना के सक्रिय मामले सात हजार के पार

**नयी दिल्ली।** देश में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या सात हजार के पार हो गयी है। बुधवार को स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटों में 306 नए मामले सामने आए। इसके साथ ही देशभर में सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 7,121 हो गयी। मंत्रालय के अनुसार पिछले 24 घंटे में छह मौतें भी हुईं। इनमें तीन केरल से, दो कर्नाटक से और एक महाराष्ट्र मौत हुई। वहीं इस दौरान 929 लोग कोरोना से ठीक भी हुए हैं। केरल में सबसे ज्यादा 2,223 सक्रिय मामले हैं। गुजरात में सक्रिय मामले 1,223 हो गई है। दिल्ली में कोरोना के सक्रिय मामले 757 तक पहुंच गए हैं।

## कार्टून कोना




## भगवान जगन्नाथ का देव स्नान संपन्न गर्भगृह में 15 दिन के एकांतवास में गये

**रांची।** धुर्वा स्थित जगन्नाथपुर मंदिर में बुधवार को भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा का महाजलाभिषेक अनुष्ठान हुआ। इस दौरान भगवान के विग्रह का 108 पवित्र कलशों से जलाभिषेक किया गया, जिनमें गंगाजल, चंदन मिश्रित जल, पुष्पजल और औषधीय जल शामिल था। भगवान की विशेष महाआरती की गयी और विशेष चंदन और वस्त्र अर्पित किए गए। इसके बाद भगवान जगन्नाथ एकांतवास में चले गए। यह एक विशेष धार्मिक परंपरा है, जो रथयात्रा से पूर्व 15 दिनों तक चलती है। इसे भगवान के 'बीमार पड़ने' की लीला मानी जाती है, उन्हें औषधियां दी जाती है।



## एक जुलाई से तत्काल टिकट बुकिंग के लिए आधार वेरिफिकेशन अनिवार्य

**नयी दिल्ली।** रेलवे ने तत्काल टिकट बुकिंग प्रणाली में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं, ताकि टिकट बुकिंग में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित हो सके। एक जुलाई से आईआरसीटीसी की वेबसाइट और मोबाइल ऐप पर तत्काल टिकट बुकिंग के लिए आधार प्रमाणीकरण अनिवार्य होगा। वहीं 15 जुलाई से ऑनलाइन तत्काल बुकिंग के लिए आधार- आधारित ओटीपी वेरफिकेशन भी अनिवार्य होगा। रेल मंत्रालय ने बताया कि ऑनलाइन तत्काल बुकिंग के लिए आधार प्रमाणीकरण अनिवार्य होगा जबकि पीआरएस काउंटर्स और अधिकृत एजेंटों से तत्काल टिकट बुकिंग के लिए ओटीपी अनिवार्य होगा।

### झारखंड में अब तंबाकू खरीद-बिक्री और सेवन पर सख्ती

# सिगरेट और तंबाकू प्रतिषेध संशोधन विधेयक को मंजूरी

■ राष्ट्रपति की ओर से मिले अनुमोदन के बाद विधेयक राज भवन को प्राप्त हुआ



द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

**झारखंड में अब सार्वजनिक स्थानों पर तंबाकू उत्पाद बेचना, धूम्रपान करना और तंबाकू थूकना पांच गुना महंगा पड़ेगा। ऐसा करते पकड़े जाने पर 1000 रुपये का लगाया जायेगा जुर्माना**

एजेंसी

**नयी दिल्ली/रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्य, उत्पादन, प्रदाय और वितरण विनियमन) झारखंड संशोधन विधेयक-2021 पर अपनी मंजूरी प्रदान कर दी। झारखंड विधानसभा की ओर से पारित यह संशोधन विधेयक राज्यपाल के माध्यम से राष्ट्रपति की स्वीकृति के लिए भेजा गया था। राष्ट्रपति की ओर से अनुमोदन के बाद विधेयक राज भवन को प्राप्त हो गया है।

झारखंड राजभवन के मीडिया कोषांग ने बुधवार को जारी सूचना में बताया कि झारखंड विधानसभा में पारित सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्य, उत्पादन, प्रदाय और वितरण विनियमन) झारखंड संशोधन विधेयक, 2021 पर भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्वीकृति प्रदान कर दी है।

विधेयक के कानून के रूप में अधिसूचित होने के बाद राज्य में 21 साल से कम उम्र का किशोर कोई भी तंबाकू उत्पादों को न बेच सकेगा और न ही खरीद सकेगा। अब शिक्षण संस्थानों, अस्पताल, स्वास्थ्य संस्थानों, सार्वजनिक दफ्तर और कोर्ट के एक सौ मीटर की परिधि में सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद की खरीद-बिक्री की अनुमति नहीं होगी। इसके अलावा डिब्बा खोलकर सिगरेट बेचने पर भी रोक रहेगी।

उल्लेखनीय है कि इस संशोधन विधेयक के स्वीकृत होने से पहले तक राज्य में सार्वजनिक स्थानों पर सिगरेट पीने पर 200 रुपये जुर्माना का प्रावधान था, जो अब पांच गुणा बढ़कर 1000 रुपए हो गया है।

झारखंड कैबिनेट पूर्व में राज्य में हुक्का बार पर प्रतिबंध लगाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे चुका है। इस नियम का उल्लंघन करने वालों को जेल की सजा या एक लाख से तीन लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है।

### भारत में जर्मनी के राजदूत फिलिप एकरमैन सीएम हेमंत से मिले

# जर्मनी ने झारखंड में कोयला उद्योगों के विकास में मदद की जतायी इच्छा

- विकास से जुड़े विषयों पर विशेष रूप से हुई चर्चा
- सीएम ने झारखंड में निवेश की संभावनाओं से जर्मन राजदूत को कराया अवगत
- जर्मन राजदूत ने सहयोग और भागीदार बनने की जतायी इच्छा



मुख्यमंत्री से बात करते भारत में जर्मनी के राजदूत फिलिप एकरमैन।

**सीएम हेमंत सोरेन ने कहा- भारत में निवेश करने वाले जर्मन निवेशकों को सरकार पूरा सहयोग करेगी, जर्मन राजदूत ने मुख्यमंत्री को जर्मनी आने का दिया न्योता।**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भारत में जर्मनी के राजदूत फिलिप एकरमैन और इकोनॉमी काउंसलर ने बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके आवासीय कार्यालय में भेंट की। इस अवसर पर उनके बीच विभिन्न क्षेत्रों में विकास से संबंधित विभिन्न विषयों एवं पहलुओं को लेकर चर्चा हुई। जर्मनी के राजदूत ने कहा कि विशेषकर कोयला खनन और उत्पादन को लेकर जर्मनी और झारखंड में काफी समानतायें हैं। ऐसे में कोल आधारित उद्योगों के विकास को लेकर झारखंड के साथ जर्मनी सहयोग बढ़ाने को लेकर इच्छुक है। मुख्यमंत्री ने झारखंड में औद्योगिक निवेश की संभावनाओं से जर्मनी के राजदूत को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि इस दिशा में राज्य सरकार देश विदेश के औद्योगिक समूहों के साथ लगातार संपर्क स्थापित कर रही है। इसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आ रहे हैं। उन्होंने जर्मन राजदूत से कहा कि भारत में निवेश करने वाले जर्मन निवेशकों को सरकार पूरा सहयोग करेगी। जर्मन राजदूत ने मुख्यमंत्री को जर्मनी आगे का न्योता दिया। इस मौके पर मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार भी मौजूद थे।

## जेपीएससी मुख्य परीक्षा के मेरिट लिस्ट को हाईकोर्ट में चुनौती, आयोग से मांगा जवाब

**मूल्यांकन पर सवाल**

■ मुख्य परीक्षा की मेरिट लिस्ट को खारिज कर उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन दोबारा कराने की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** 11वीं-13वीं जेपीएससी सिविल सेवा की मुख्य परीक्षा के मेरिट लिस्ट को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए झारखंड हाई कोर्ट ने जेपीएससी को नोटिस जारी कर कई बिंदुओं पर जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति दीपक रोशन की अदालत ने शपथ पत्र के जरिए जेपीएससी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। इस मामले में अगली सुनवाई 23 जुलाई को होगी।

दरअसल, प्रार्थियों की ओर से विज्ञापन या नियमों का हवाला देते हुए कहा गया कि उक्त सिविल सेवा परीक्षा में डिजिटल इवेलुएशन किया गया, जबकि इसका कोई प्रावधान नहीं है। थर्ड पार्टी एजेंसी के माध्यम से इवेलुएशन कराया गया, यह थर्ड पार्टी एजेंसी कौन है और टेंडर कब हुआ, इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है। उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेज में कार्यरत 10 साल से अधिक अनुभव वाले शिक्षकों या पोस्ट ग्रेजुएट शिक्षक, जिनका अनुभव 5 साल से ज्यादा हो, उससे मूल्यांकन कार्य कराया जाना था, लेकिन इस परीक्षा में 2 साल अनुभव वाले गेस्ट फैकल्टी से उत्तर पुस्तिका की जांच करायी गयी। इसलिए मुख्य परीक्षा की मेरिट लिस्ट को खारिज करते हुए दोबारा उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कराया जाए।

### झारखंड की महिला एडीजे की छुट्टी मामले में सरकार को सुप्रीम कोर्ट ने भेजा नोटिस



**रांची।** सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड की महिला एडीजे कशिका एम प्रसाद की मातृत्व अवकाश से संबंधित याचिका पर राज्य सरकार को फिर नोटिस जारी किया है। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के बाद इस मामले में राज्य सरकार को नोटिस जारी किया। साथ ही महिला एडीजे द्वारा दायर आइए पर चार सप्ताह बाद सुनवाई की तिथि निर्धारित करने का निर्देश दिया। महिला एडीजे ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इसमें यह कहा गया था कि उन्होंने बच्चों की देखभाल के लिए 194 दिनों की छुट्टी मांग थी, लेकिन उनके आवेदन को रद्द कर दिया गया।

### शराब घोटाले के दो आरोपियों से एसीबी दो दिन करेगी पूछताछ

**रांची।** झारखंड में 38 करोड़ रुपए से अधिक के शराब घोटाले से जुड़े पूर्व उत्पाद सचिव विनय कुमार चौबे मामले में एसीबी पुख्ता सबूत जुटाने में लगी है। जेल में बंद झारखंड राज्य बेवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के वित्त महाप्रबंधक सुधीर कुमार दास, पूर्व महाप्रबंधक सुधीर कुमार और मेसर्स मार्शन इनोवेटिव सिक्योरिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड प्लेसमेंट एजेंसी के स्थानीय प्रतिनिधि नीरज कुमार सिंह से एसीबी दो दिनों तक पूछताछ करेगी। एसीबी कोर्ट ने बुधवार को दो दिनों की पुलिस रिमांड की अनुमति प्रदान की है। जांच अधिकारी ने 7 दिनों की पुलिस रिमांड की मांग की थी। यह पूछताछ 12 एवं 13 जून को की जायेगी। तीनों को एसीबी ने उक्त मामले में 21 मई को पूछताछ के दौरान गिरफ्तार किया था। अदालत में पेशी के बाद तीनों को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार भेज दिया गया है। तब से तीनों जेल में हैं।

## पांच लाख का इनामी सहित दो नक्सली ढेर

एजेंसी



**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के कुकानार थाना क्षेत्र में बुधवार को पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में 5 लाख का इनामी एलएसओ कमांडर सहित दो नक्सली मारे गए। मरने वालों में एक महिला नक्सली भी शामिल है। मुठभेड़ स्थल से बंदूक और विस्फोटक सामग्री बरामद की गयी है। इलाके में अन्य नक्सलियों की तलाश जारी है।

पुलिस अधीक्षक एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि सुकमा जिले के थाना कूकानार क्षेत्रांतर्गत डुनमपारा पुसगुन्ना के जंगली पहाड़ी इलाके में कटेकल्याण एरिया कमेटी में सक्रिय माओवादियों की उपस्थिति की सूचना मिली थी। जिसपर जिला पुलिस बल और डीआरजी की संयुक्त पुलिस पार्टी नक्सल विरोधी सर्च अभियान में रवाना हुई थी। बुधवार दोपहर सर्च ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच कई बार मुठभेड़ हुई। सुरक्षा बल के जवानों ने जवाबी कार्रवाई करते हुए दो नक्सलियों को मार गिराया।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मारे गए नक्सलियों में एक की पहचान पेदारास एलओएस कमांडर बमन के रूप में हुई है, जिस पर 5 लाख का इनाम घोषित था। एक महिला नक्सली का शव मिला है जिसकी पहचान की जा रही है। घटनास्थल से इंसास राइफल, 12 बोर राइफल सहित अन्य हथियार, गोला-बारूद एवं विस्फोटक सामग्री बरामद की गई है।

**टेरर फंडिंग मामला**

### टीपीसी के रवींद्र गंझू की बेल पर एनआइए से मांगा जवाब

**रांची।** चतरा के टंडवा स्थित मगध और आम्रपाली कोल परियोजना से जुड़े टेरर फंडिंग मामले में आरोपित टीपीसी के रीजनल कमांडर आक्रमण उर्फ रवींद्र गंझू की जमानत याचिका पर एनआईए की विशेष अदालत में अब अगली 21 जून को सुनवाई होगी। बुधवार को एनआईए अदालत ने मामले की सुनवाई की और जांच एजेंसी से 21 जून से पहले जवाब दाखिल करने के लिए कहा। आरोपित ने 9 जून को याचिका दाखिल कर कोर्ट से जमानत की गुहार लगायी है।

जांच एजेंसी ने जांच में यह पाया कि सीसीएल, पुलिस, उग्रवादी व शांति समिति के बीच समन्वय से टेरर फंडिंग हो रही थी। टीपीसी को फंड देने की पुष्टि हुई है। टीपीसी को लेवी देने के लिए ही उसने ऊंची दर पर मगध और आम्रपाली प्रोजेक्ट से कोयला ढुलाई का ठेका लिया था।


### केंद्रीय कैबिनेट ने सात जिलों को कवर करने वाली दो रेल परियोजनाओं को मंजूरी दी

# कोडरमा-बरकाकाना रेलखंड का होगा दोहरीकरण, 133 किमी तक बिछेगी पटरी, रामगढ़ वासियों को होगा सबसे ज्यादा लाभ

■ पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान का अहम हिस्सा है यह परियोजना

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने बुधवार को झारखंड, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश के सात जिलों को कवर करने वाली रेलवे की दो मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इसमें झारखंड में कोडरमा-बरकाकाना और कर्नाटक में बेल्लारी-चिकजाजुर की करीब 318 किलोमीटर की रेलवे लाइनों के दोहरीकरण शामिल है।




इन परियोजनाओं से यात्रा सुविधा में सुधार होगा, लॉजिस्टिक लागत घटेगी, तेल आयात में कमी और कार्बन डाईऑक्साइड उत्सर्जन में गिरावट आएगी, जिससे टिकाऊ और कुशल रेल परिचालन को बढ़ावा मिलेगा।

परियोजनाओं की कुल अनुमानित लागत 6,405 करोड़ रुपए है।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ये रेल परियोजनाएं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नए भारत के विजन के अनुरूप हैं, जो क्षेत्र में व्यापक विकास के माध्यम से लोगों को आत्मनिर्भर बनाएगी, जिससे उनके लिए रोजगार/स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि पहली परियोजना 133 किलोमीटर लंबी कोडरमा-बरकाकाना रेल लाइन के दोहरीकरण की है जो झारखंड के एक प्रमुख कोयला उत्पादक क्षेत्र से होकर गुजरती है। इसके अलावा, यह पटना और रांची के बीच सबसे छोटा और अधिक व्यावहारिक रेल संपर्क है। इसके बाद झारखंड से पटना जाने वाले लोगों को काफी सहूलियत हो जाएगी। सबसे ज्यादा लाभ इसका रामगढ़ वासियों को मिलेगा। इसके अलावा हजारीबाग, चतरा और कोडरमा जिले के निवासी भी इससे बड़े पैमाने पर लाभान्वित होंगे।

रेल मंत्री ने कहा कि दूसरी परियोजना 185 किमी बेल्लारी-चिकजाजुर रेल लाइन के दोहरीकरण की है और यह लाइन कर्नाटक के बल्लारी और चित्रदुर्ग जिलों और आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले से होकर गुजरती है। इस परियोजना से बेल्लारी एवं सिकदंराबाद के खनिज एवं अन्य उत्पादों को मेंगलूर बंदरगाह तक की आसान पहुंच हासिल होगी।

उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएं झारखंड, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश के सात जिलों को कवर करेंगी और दोनों दोहरीकरण परियोजना एक हजार 408 गांवों में कनेक्टिविटी बढ़ाएगी जिनकी आबादी लगभग 28.19 लाख है।

## झारखंड के मतदान केंद्रों की होगी जियो फेंसिंग

### मतदान केंद्रों पर वोटरों की संख्या 1200 के अंदर होगी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की संख्या 1200 के अंदर ही होनी चाहिए, ताकि मतदान में क्यू-मैनेजमेंट और वोटिंग की स्पीड बढ़ायी जा सके। उन्होंने बताया कि मतदाताओं की सुविधा के लिए राज्य में विभिन्न मतदान केंद्रों की सीमाओं को जियो फेंसिंग से चिन्हित और ऑनलाइन किया जा रहा है। इससे बीएलओ को अपने क्षेत्र के मतदाताओं और उनके घरों तक पहुंचने में आसानी होगी। इस प्रक्रिया के पूरी होने के बाद सभी बीएलओ के अपने-अपने क्षेत्र निर्धारित होंगे व ऑनलाइन ऐप के जरिए मतदाता मतदान केंद्र, उसका लोकेशन और बीएलओ को जान पाएंगे।

**13 जून तक ट्रेनिंग प्रोग्राम :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि 13 जून तक चलने वाले ट्रेनिंग सत्र में सभी प्रतिभागियों को मतदान केंद्रों के मैप एवं जियो फेंसिंग के बारे में प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को मतदान केंद्रों के मैप और जियो फेंसिंग के बारे में पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी जाएगी।

# झारखंड में पेसा कानून पर कांग्रेस की मुहिम, ड्राफ्ट पर मंथन, मांगा सुझाव

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** प्रदेश कांग्रेस पेसा कानून लागू करने को लेकर पूरी तरह से गंभीर है। इसे लेकर मंथन पर मंथन हो रहा है। बुधवार को गीतांजलि बैंक्वेचट हॉल में प्रदेश कांग्रेस के नेता जुटे। इसके ड्राफ्ट पर मंथन किया। कानून पर अपनी बात रखी। पार्टी के नेताओं को 20 जून पर अपना लिखित सुधाव देने को भी कहा गया पेसा कानून, यानी पंचायत एक्सटेंशन टू शेड्यूल एरिया एक्ट, 1996 में केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित किया गया था। इसका उद्देश्य आदिवासी बहुल क्षेत्रों में पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करना और उनकी पारंपरिक स्वशासन प्रणाली को संरक्षित करना है। इस कानून के तहत ग्राम सभाओं को शक्तिशाली और अधिकार संपन्न बनाने का प्रावधान है।

**पेसा नियमावली ड्राफ्ट में होगा संशोधन, नये सिरे से बनेगा ड्राफ्ट :** प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के राजू ने कहा कि पेसा नियमावली ड्राफ्ट में संशोधन कर इसे नए सिरे से तैयार किया जाएगा। इसके लिए सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के अनुसूचित क्षेत्रों में रहने वाले जनजातीय समुदाय की पारंपरिक व्यवस्था और उनकी संस्कृति-सभ्यता का संरक्षण इस कानून के माध्यम से होगा।

**सरकार की प्रतिबद्धता :** ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि कार्यशाला में कई महत्वपूर्ण सुझाव आए हैं, जिन्हें ध्यान में रखा जाएगा।
विभाग का मानना है कि अनुसूचित क्षेत्रों में रहने वाले जनजातीय समुदायों के पारंपरिक तौर-तरीकों और रूढ़िगत परंपराओं को संरक्षित करने के लिए सरकार के अन्य सहयोगी दलों के सुझावों के आधार पर कदम उठाए जाएंगे।

**पेसा नियमावली का महत्व :** कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने कहा कि पेसा नियमावली जब कानून का रूप लेगी, तो 1996 में बने पेसा एक्ट की मूल भावना के अनुरूप आदिवासियों के रीति-रिवाज और परंपराएं संरक्षित होंगी। उन्होंने कहा कि यह कानून आदिवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो उनकी पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था और संस्कृति को संरक्षित करने में मदद करेगा।

### आदिवासी परंपरा और संस्कृति को संरक्षित करने के लिए कृतसंकल्पित

झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि झारखंड आदिवासी बहुल राज्य है। यहां उनकी परंपरा और संस्कृति को संरक्षित करने के लिए पेसा कानून लागू करने को सरकार कृतसंकल्पित है। उन्होंने कहा कि यह कानून आदिवासियों के अधिकारों और उनकी पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था को मजबूत बनाने में मदद करेगा।

### आवश्यक बदलाव की जरूरत

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने पेसा कानून को महत्वपूर्ण बताते हुए इसकी नियमावली में आवश्यक बदलाव की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यह कानून आदिवासियों के अधिकारों और उनकी पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था को मजबूत बनाने में मदद करेगा, लेकिन इसके लिए नियमावली में आवश्यक बदलाव करना होगा। कार्यशाला में धन्यवाद ज्ञापन मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुजनी ने किया। कार्यक्रम में सुधीर पाल, नमन विक्सल कोंगाड़ी, सुरेश बैठा, भूषण बारा, रामचंद्र सिंह, सोनाराम सिंकू, निशत आलम, अंबा प्रसाद, अजय नाथ शाहदेव जोसाई मार्डी, रमा खलखो, दयामणि बारला ने भी सुझाव रखे। मौके पर राकेश सिन्हा, राजीव रंजन प्रसाद, अशोक चौधरी, गजेंद्र सिंह, अभिलाष साहू, राजन वर्मा, सुनीत शर्मा, शांतनु मिश्रा, रियाज अंसारी पीटर मुंडू, राकेश किरण महतो, सुखेर भगत, चैतू उरांव, चंद्रशेखर दास उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### विनय चौबे की याचिका हाईकोर्ट में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध



**रांची।** शराब घोटाला के गंभीर आरोपों में एसीबी द्वारा गिरफ्तार आइएएस अधिकारी विनय चौबे की याचिका झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध हो गई है। हाईकोर्ट की वेबसाइट के मुताबिक, विनय चौबे की याचिका पर 13 जून को सुनवाई होगी और उनका मामला जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध हुआ है। दरअसल विनय चौबे ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से हाईकोर्ट में उनके खिलाफ एसीबी द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी और कार्रवाई को निरस्त करने और एसीबी द्वारा उनकी गिरफ्तारी करने को चुनौती देते हुए याचिका दाखिल की है। बीएनएस की धारा 482 के अंतर्गत उन्होंने याचिका दाखिल कर कहा है कि जिस मामले में उनके विरुद्ध एसीबी ने कार्रवाई की है वह पूरी तरह निराधार है और उनकी इस मामले में कोई संलिप्तता नहीं है। इसलिए उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद्द की जानी चाहिए और उन्हें न्यायिक हिरासत से रिहा किया जाना चाहिए। विनय चौबे की याचिका फिलहाल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध नहीं हुई है। उल्लेखनीय है कि एसीबी ने 21 मई को राज्य के वरीय आइएएस अधिकारी विनय चौबे को शराब घोटाला से जुड़े मामले में पूछताछ के लिए बुलाया था, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। विनय चौबे फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं और राज्य सरकार ने उनपर लगे गंभीर आरोपों को देखते हुए उन्हें सस्पेंड कर दिया है।

### ग्रामीण विकास मंत्री का इंजीनियरों को निर्देश, गुणवत्ता में कोई कोताही नहीं

**रांची।** ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने मुख्य अभियंता और कार्यपालक अभियंताओं को सख्त निर्देश दिए हैं कि रोड निर्माण में गुणवत्ता में कोई कोताही नहीं बरती जाए। अगर इस संबंध में कोई भी शिकायत प्राप्त होती है, तो संबंधित अभियंताओं के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी।
**केंद्र प्रायोजित योजनाओं का अधिक से अधिक चयन :** मंत्री ने सभी कार्यपालक अभियंताओं को यह सुनिश्चित करने को कहा है कि केंद्र प्रायोजित योजना, पीएमजीएसवाई-4, पीएम जनमन के अंतर्गत अधिक से अधिक योजना का चयन कर स्वीकृति कराया जाए। अगर जिन सड़क, पुल निर्माण इन योजनाओं से नहीं हो सके, तो उसे राज्य योजना से चयन की कार्रवाई की जाएगी।

### शराब घोटाले के आरोपी की जमानत पर 21 जून को होगी सुनवाई



**रांची।** शराब घोटाले में जेल में बंद आरोपी मेसर्स मार्शन इनोवेटिव सिक्योरिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के स्थानीय प्रतिनिधि नीरज कुमार सिंह की ओर से दाखिल जमानत याचिका पर 21 जून को सुनवाई होगी। उसने जमानत की गुहार लगाते हुए नौ जून को याचिका दाखिल की है। एसीबी ने उसे 21 मई को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। तब से वह जेल में है। गौरतलब है कि जेपीएससी द्वितीय नियुक्ति घोटाले में चार्जशीटेड 18 आरोपियों को अदालत ने अग्रिम राहत की सुविधा प्रदान की है। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश एसएन तिवारी की अदालत में बुधवार को दाखिल याचिकाओं पर सुनवाई हुई। सुनवाई प›ात अदालत ने शिवेंद्र, अमित कुमार, राम कृष्ण कुमार, इंद्रजीत सिंह, डॉ योगेंद्र सिंह, डॉ ओंकार नाथ सिंह, डॉ सुधीर कुमार शुक्ला, अमर नाथ सिंह, डॉ प्रदीप कुमार पांडेय, डॉ दिवाकर लाल श्रीवास्तव, डॉ मिथिलेश कुमार सिंह, डॉ सभाजीत कुमार यादव, डॉ बंशी कुमार यादव, डॉ राजेंद्र प्रसाद सिंह, डॉ अशोक कुमार सिंह, डॉ शशि देवी, महेंद्र मोहन वर्मा और ओम प्रकाश सिंह को अग्रिम जमानत की सुविधा प्रदान की। याचिकाकताओं ने अग्रिम जमानत की गुहार लगाते हुये बीते 9 अप्रैल को याचिका दाखिल की थी। अदालत ने बीते 7 मार्च को 26 भ्रष्ट अफसरों समेत 64 आरोपियों के खिलाफ दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुये समन जारी किया है।

### नेक्सस के मालिक की बढ़ी मुश्किलें

**रांची।** राज्य में 38 करोड़ रुपये से अधिक के शराब घोटाले में आरोपी रांची के नेक्सस ऑटोमोबाइल कारोबारी विनय कुमार सिंह की मुश्किलें बढ़ गई है। उस पर गिरफ्तारी की तलवार लटकने लगी है। मामले के जांच अधिकारी ने एसीबी कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट प्राप्त कर लिया है। गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बाद उसकी गिरफ्तारी कभी भी कहीं से एसीबी की टीम कर सकती है। जांच अधिकारी ने पिछले दिनों गिरफ्तारी वारंट का आवेदन देकर इसे जारी करने का अनुरोध किया था। एसीबी पूछताछ के लिये कई समन कर चुकी है। बावजूद वह एसीबी के समक्ष पेश नहीं हुआ। इतना ही नहीं गिरफ्तारी के बचने के लिये उसने अदालत में अग्रिम जमानत की गुहार लगाते हुये याचिका दाखिल की। जिस पर सुनवाई लंबित है। विनय कुमार सिंह निलंबित वरीय आईएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे के करीबी है। मामले में अब तक विनय कुमार चौबे समेत 5 की गिरफ्तारी हो चुकी है।

### जीएसटी घोटाले के आरोपी की हुई आंशिक सुनवाई

**रांची।** 800 करोड़ रुपए से अधिक के जीएसटी घोटाले में जेल में बंद जमशेदपुर के जुगसलाई निवासी अमित अग्रवाल उर्फ विक्की भालोटिया की ओर से दाखिल जमानत याचिका पर बुधवार को पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश एसएन तिवारी की अदालत में आंशिक सुनवाई हुई। मामले में ईडी को जवाब दाखिल करना है। इसके लिए अदालत ने एक सप्ताह का समय दिया है। साथ ही अगली सुनवाई की तारीख 19 जून निर्धारित की है। उसने जमानत की गुहार लगाते हुये 4 जून को याचिका दाखिल की है। यह मामला फर्जी शेल कंपनियों के नाम पर इनपुट टैक्स क्रेडिट का अवैध लाभ उठाकर बड़े पैमाने पर राजस्व चोरी से जुड़ा है। ईडी ने उक्त आरोप में 8 मई को गिरफ्तार किया था। तब से वह न्यायिक हिरासत में है। मामले में ईडी ने अब तक पांच लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

## झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन महाधिवेशन 28 को

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन का आठवां महाअधिवेशन 28 जून को रांची के कांके रोड स्थित सीएमपीडीआई रविंद्र भवन में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रतिनिधि पंजीकरण और संगठन के ध्वजारोहण के साथ शुरू होगा।
इसको लेकर केंद्रीय कार्यसमिति की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। यूनियन के अध्यक्ष शिबू सोरेन के निर्देश पर आयोजित इस बैठक में आगामी सांगठनिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई।
**समितियों का पुनर्गठन :** बैठक में निर्णय लिया गया कि यूनियन की सभी शाखा, परियोजना, कोलियरी/क्षेत्रीय एवं जोनल कमिटियों को भंग कर दिया गया है। नए कार्यकाल के लिए नए सिरे से कमिटियों का गठन किया जाएगा।
**संयोजक मंडल का गठन :** तीन प्रमुख कोल इंडिया कंपनियों - सीसीएल, बीसीसीएल और ईसीएल के लिए संयोजक मंडल का गठन किया गया है। इन संयोजक मंडलों को निर्देश दिया गया है कि वे 20 जून तक सभी शाखा/परियोजना/क्षेत्रीय जोनल कमिटियों का पुनर्गठन कर उसकी कार्यवाही पुस्तिका की छायाप्रति केंद्रीय कार्यालय को प्रस्तुत करें।
**प्रतिनिधियों की संख्या और शुल्क :** प्रत्येक जोनल कमिटी में प्रतिनिधियों की संख्या न्यूनतम 150 और अधिकतम 200 होगी। प्रत्येक प्रतिनिधि को 1000 रुपए शुल्क देना होगा। सभी परियोजनाओं एवं कमिटियों की उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनि›ित की जाएगी।

## राज्यपाल से मिले पूर्व मंत्री बंधु तिर्की उच्च शिक्षा व जनजातीय मुद्दों पर चर्चा

### विश्वविद्यालयों में कुलपति पदों पर स्थानीय व्यक्तियों की नियुक्ति के विचार करने का अनुरोध

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को राज भवन में पूर्व मंत्री बंधु तिर्की के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने भेंट की। इस अवसर पर शिष्टमंडल ने उन्हें विभिन्न विषयों से संबंधित एक ज्ञापन समर्पित किया। इंटरमीडिएट कक्षा के नामांकन पर पुनर्विचार का अनुरोध : शिष्टमंडल ने राज्य के सरकारी विश्वविद्यालयों के अधीनस्थ अंगीभूत महाविद्यालयों में इंटरमीडिएट कक्षा में छात्र/छात्राओं के नामांकन पर पुनर्विचार का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि यह निर्णय उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को प्रभावित कर सकता है। मौके पर रांची की पूर्व मेयर और कांग्रेसी नेता रमा खलखो समेत अन्य उपस्थित थे।
**जनजातीय समाज के शिक्षाविदों के साथ बैठक का आग्रह :** शिष्टमंडल ने राज्यपाल से जनजातीय समाज के शिक्षाविदों के साथ पृथक बैठक कर उच्च शिक्षा में सुधार संबंधी विषयों पर विचार-विमर्श करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इससे उच्च शिक्षा में सुधार के लिए नए दृष्टिकोण और समाधान प्राप्त हो सकते हैं।
पूर्व मंत्री श्री तिर्की ने राज्य में भूमि के अवैध हस्तांतरण की घटनाओं पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने सुझाव दिया कि इस विषय पर भी जनजातीय समाज के विशेषज्ञों के साथ संवाद कर आवश्यक कदम उठाए जाये।

### कुलपति पदों पर स्थानीय व्यक्तियों की नियुक्ति का अनुरोध

शिष्टमंडल ने राज्यपाल से राज्य के विश्वविद्यालयों में कुलपति पदों पर स्थानीय व्यक्तियों की नियुक्ति के लिए विचार करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि इससे उच्च शिक्षा में स्थानीय आवश्यकताओं और समस्याओं को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिलेगी। महामहिम ने प्रतिनिधिमंडल की मांग पर सकारात्मक विचार करने का आश्वासन देते हुए कहा कि वे बहुत जल्द उच्च शिक्षा के क्षेत्र मे सुधार का आवश्यक कदम उठाते हुए विश्वविद्यालय शिक्षकों के प्रतिनिधियों से बैठक कर उनसे सुझाव आमंत्रित करेंगे। प्रतिनिधि मंडल में शांतनु मिश्रा, रमा खालखो, शिवराम, रमेश महली, मंगल उरांव, करमा उरांव, मोहम्मद जमील और मोहम्मद सिद्दीकी शामिल थे।

## लालू यादव के 78 वें जन्मदिन पर झारखंड प्रदेश राजद ने 78 पाउंड का केक काटा

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** प्रदेश राजद की ओर से राजद कार्यालय में राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव का 78 वा जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने पार्टी चुनाव चिन्ह लालटेन से सजा हुआ सुसज्जित 78 पाउंड का केक काटकर दीघार्यु की कामना कर बधाई दी। उन्होंने कहा कि राजद अध्यक्ष लालू प्र यादव का जन्म गोपालगंज के फुलवरिया गांव में पिता स्व. कुंदन राय और माता मरछिया देवी के परिवार में हुआ था।
लालू प्र यादव का राजनीतिक जीवन दलित दबे कुचले दलित पिछड़े अल्पसंख्यक आदिवासी एवं वंचित समाज के हक और अधिकार दिलाने के लिए जाना जाता रहा है। लालू जी गुदड़ी के लाल हैं उनके चाहने वाले करोड़ों लोगों का आस्था सदैव है उन्होंने हजारों कार्यकताओं को पार्टी से विधायक सांसद बनवाए। गैर बराबरी एवं समतामूलक समाज को बढ़ावा दिया वे सामाजिक परिवर्तन व सामाजिक न्याय के महानायक के रूप में जाने जाते हैं। वे देश के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं, आज लालू यादव जी का जन्मदिन को राजद ने सामाजिक सद्भावना दिवस के रूप में मनाया। लालू प्रसाद यादव बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री के तौर पर कार्य किए।
विदित है कि प्रदेश राजद के निदेर्शानुसार सभी जिला अध्यक्ष अपने अपने जिले में गांव गांव जाकर गरीब जरूरतमंदों फल मिठाई वस्त्र कॉपी किताब वितरण कर भोजन कराया गया।
पार्टी कार्यालय में झोपड़पप्ती में रहने वाले सैकड़ों गरीब बच्चों एवं महिलाओं को फल मिठाई वितरण किया गया। मौके पर उपाध्यक्ष श्यामदास सिंह, महासचिव मनोज पांडेय, आबिद अली, प्रणय कु बबलू, मदन यादव, सुनीता चौधरी, विक्रम यादव, चंद्रशेखर भगत, सुधीर गोप, रामकुमार यादव, राजेश रौशन, विश्वनाथ राम घूरा, शब्बर फातमी, संजय यादव, राजकिशोर सिंह, संतोष यादव आदि मौजूद थे।

### झारखंड राज्य के समर्थक थे पायलट साहब : शशि भूषण राय

**रांची।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि भूषण राय ने पूर्व केंद्रीय मंत्री और किसान नेता स्वर्गीय राजेश पायलट की 25वीं पुण्यतिथि पर बुधवार को उन्हें श्रद्धांजलि दी। यह आयोजन अमरावती कॉलोनी के शिव मंदिर प्रांगण के समीप किया गया। इस अवसर पर स्वर्गीय राजेश पायलट के चित्र पर माल्यार्पण किया गया और उनके कार्यों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर शशि भूषण राय ने अपने युवा कांग्रेस के दिनों को याद किया जब उन्होंने राजेश पायलट से मुलाकात की थी। उन्होंने बताया कि झारखंड क्षेत्र की ऑटोनॉमस काउंसिल के विषय में गंभीरता से चर्चा की थी और उनके ही कार्यकाल में झारखंड ऑटोनॉमस काउंसिल का गठन किया गया था। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के बाद बच्चों के बीच पुस्तकों का वितरण किया गया और उन्हें अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर युवा नेता प्रशांत गौरव, महेश राय, विकास सिंह , रोहन सिंह और अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

## सीएम के अपर मुख्य सचिव से मिला झारखंड सचिवालय सेवा संघ डेलिगेशन



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड सचिवालय सेवा संघ का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार तथा कार्मिक सचिव प्रवीण कुमार टोप्पो से शिष्टाचार मुलाकात किया। प्रतिनिधिमंडल में संघ के अध्यक्ष रितेश कुमार, महासचिव राजेश कुमार सिंह सहित धर्मेंद्र कुमार, मुकेश कुमार, वैद्यनाथ मुर्मू, विवेक बास्के, राघवेन्द्र सिंह एवं रजनीश कुमार शुक्ला शामिल थे। उन्होंने बताया कि यह मुलाकात सौहार्द्र, पारस्परिक विश्वास और सहयोग की भावना के साथ सम्पन्न हुई।

### राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात कर जताया आभार

दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने नवगठित कार्यकारिणी को अपनी शुभकामनाएं दीं और संगठन के साथ सकारात्मक संवाद एवं सहयोग बनाए रखने का आश्वासन दिया। संघ की ओर से सचिव को संगठन के विषयों में रुचि लेने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। यह भेंट संगठन एवं शासन के मध्य विश्वास और पारस्परिक सहयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।

## 30 जून के बाद उत्पाद विभाग खुद बेचेगा शराब!

### अभी लागू नहीं होगी नयी शराब नीति, जिले को मिलेगी बड़ी जिम्मेदारी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड सरकार की शराब नीति कैबिनेट से पास तो हो गयी, लेकिन यह कब लागू होगा, यह तय नहीं है। लेकिन 30 जून के बाद जिले के उत्पाद कार्यालय को बिक्री की पूरी जिम्मेदारी दी जाएगी। विभाग खुद शराब बेचेगा। प्लेसमेंट एजेंसियों को हटा दिया जाएगा। हालांकि झारखंड में नयी शराब नीति के लागू होने से पहले ही उत्पाद विभाग में भूचाल आ गया। बताते चलें कि तत्कालीन उत्पाद सचिव विनय चौबे और संयुक्त उत्पाद आयुक्त गजेंद्र सिंह के अलावा वित्त महाप्रबंधक सुधीर कुमार दास और तत्कालीन वित्त महाप्रबंधक सुधीर कुमार को एसीबी ने गिरफ्तार कर लिया। इतना ही नहीं वर्तमान उत्पाद सचिव मनोज कुमार को भी एसीबी की तरफ से पूछताछ के लिए नोटिस भेजा जा चुका है। ऐसे में उत्पाद विभाग की स्थिति काफी लचर बतायी जा रही है। उत्पाद आयुक्त भी फिलहाल झारखंड में नहीं हैं, वो ट्रेनिंग के लिए राज्य से बाहर हैं।

#### लॉटरी के लिए 45 दिनों का लगना था समय

15 मई को झारखंड सरकार की तरफ से शराब नीति को कैबिनेट की मंजूरी मिली। उस वक्त बताया गया था कि कैबिनेट से पास होने के बाद 45 दिनों के अंदर लॉटरी कर खुदरा शराब दुकानों को निजी हाथों में दे दिया जाएगा। लेकिन, करीब एक महीना बीतने को है और इस दिशा में विभाग की तरफ से एक भी कदम आगे नहीं बढ़ाया गया है। उत्पाद विभाग के पुख्ता सूत्रों का कहना है कि विभाग में अधिकारियों की इतनी कमी है कि हर काम जस का तस पड़ा हुआ है। ऐसे में यह कतई संभव नहीं है कि 45 या 50 दिनों में विभाग लॉटरी करा पाये।

#### क्या कहते हैं उत्पाद मंत्री

उत्पाद विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद के अनुसार 30 जून के बाद विभाग अपने हाथों में खुदरा शराब बिक्री का काम ले लेगा। उनका कहना है कि नयी शराब नीति को लागू करने में थोड़ी परेशानी आ रही है। 30 जून के बाद जिले के उत्पाद कार्यालय को बिक्री की पूरी जिम्मेदारी दी जाएगी। प्लेसमेंट एजेंसियों को हटा दिया जाएगा। बिक्री से लेकर मैनपावर की पूरी जिम्मेदारी जिले में पदास्थापित सहायक उत्पाद आयुक्त और टीम के ऊपर रहेगी। बाद में स्थिति बेहतर होते ही नयी शराब नीति को लागू कर दिया जाएगा।

## भाजपा ने हेमंत सरकार पर लगाया शिक्षकों का अपमान करने का आरोप

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता रमाकांत महतो ने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा झारखंड प्रशिक्षित माध्यमिक संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2025 के विज्ञापन पर सवाल उठाया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि हेमंत सरकार गलत तरीके से नियमावली में बदलाव कर नये वेतनमान में शिक्षकों को बहाली कर अपमानित करना चाहती है। उन्होंने हेमंत सरकार को आड़े हाथों लेते हुये कहा है कि एक ओर हेमंत सरकार राज्य के नौकरियों को खत्म कर रही है। वहीं, दूसरी ओर बिना नियोजन नीति के गलत नियमावली थोपकर कम वेतनमान देकर राज्य के शिक्षित बेरोजगारों का शोषण करना चाहती है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार ने 102 उच्च विद्यालय में टीजीटी और पीजीटी शिक्षकों के स्थान पर माध्यमिक आचार्य का पद सृजित किया है। साथ ही नियमावली में बदलाव कर वेतनमान कम कर दिया है। इससे शिक्षकों के बीच विभेदीकरण होगा और शिक्षा व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पूर्व में टीजीटी शिक्षकों की नियुक्ति 4600 ग्रेड पे एवं बेसिक वेतन 44900 पर होती थी। जबकि पीजीटी शिक्षकों की नियुक्ति 4800 ग्रेड पे एवं बेसिक वेतन 47600 पर होती थी। लेकिन, सरकार की नई नियुक्ति नियमावली के तहत उनके स्थान पर माध्यमिक आचार्य को 4200 ग्रेड पे एवं 35400 बेसिक वेतन दिया जायेगा। जो पूर्व के अपेक्षाकृत काफी कम है। शिक्षकों की भूमिका में बदलाव रू पहले नौवीं एवं दसवीं कक्षा को पढ़ाने के लिये टीजीटी तथा ग्यारहवीं एवं बारहवीं कक्षा को पढ़ाने के लिए पीजीटी शिक्षक होते थे।

सुप्रभात
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
गुरुवार 12.06.2025
धनबाद, वर्ष 02, अंक 88
epaper.khabarmantra.net
# खबर मन्त्र
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

स्पीड न्यूज

### पुलिस से कारवाई की मांग

**महुदा।** कुलटांड़ निवासी जितेंद्र कुमार ठक्कर की पत्नी काजल ठक्कर ने महिला थाना धनबाद को ऑनलाइन लिखित आवेदन देकर पड़ोस के अजय दास, सुनिल दास एवं अन्य चार पर घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगायी है। उन्होंने महिला थाना से दोषी व्यक्तियों पर कानुनी कारवाई की मांग किया है। वहीं दुसरे पक्ष के अजय दास से पुछे जाने पर कुछ भी बोलने से इंकार किया। इस संबंध में महुदा थाना प्रभारी देवानंद प्रसाद ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। केश का अनुसंधान करने के पश्चात आगे की कारवाई की जायेगी।

### स्टैंड से टेम्पू की चोरी

**कतरास।** मधुबन थाना के फुलारीटांड़ मंगरीहाट स्थित टेम्पो स्टैंड दिनदहाड़े सवारी टेम्पू लेकर चोर फरार हो गया। टेम्पू महुदा थाना क्षेत्र के कुमारडीह बस्ती के कीर्तन कुमार बाउरी का बताया जाता है। घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस टेम्पो मालिक से पूछताछ के बाद आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला। मंगलवार को टेम्पो मालिक कीर्तन बाउरी दोपहर लगभग 12 बजे अपने ही गांव महुदा के कुमारडीह बस्ती से हाट बाजार करनेवाले लोगों को लेकर फुलारीटांड़ मंगरीहाट आया था। जहाँ टेम्पो स्टैंड में खड़ी कर हटिया करने चला गया। वापस लौटने के बाद वहाँ से टेम्पू गायब था।

### अवैध कोयला भंडारण के खिलाफ पुलिस ने कि छापेमारी

**जमाताड़ा।** नारायणपुर थाना क्षेत्र के शहरपुर गांव में एक घर में अवैध कोयला भंडारण करने की गुप्त सूचना नारायणपुर पुलिस को मिली। जिसके बाद पुलिस ने बुधवार अहले सुबह शहरपुर गांव के बद्री पंडित के घर में छापेमारी कर बद्री पंडित को थाना लाया गया। जानकारी के अनुसार बद्री पंडित पिकअप वैन के मदद से अपने घर में कोयला के भंडारण कर बेचने का कार्य करता था। पुलिस ने बद्री पंडित से पूछताछ करने के बाद उसे छोड़ दिया। थाना प्रभारी मुराद हसन ने बताया कि गुप्त सूचना मिला था। कि बद्री पंडित अपने घर में कोयला भंडारण का कार्य करता है। पुलिस ने छापामारी कर बद्री पंडित को थाना लाया एवं पूछताछ करने के बाद अहम जानकारी नही मिलने के कारण उन्हें छोड़ दिया गया।

### मुआवजे की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



**जोड़ापोखर।** बीसीसीएल लोदना एरिया अन्तर्गत भूलन बरारी में चल रही आउटसोर्सिंग परियोजना को ग्रामीणों ने बुधवार को मुआवजा राशि की मांग को लेकर काम बंद कर प्रदर्शन किया है। बीसीसीएल भूलन बरारी के एजेंट के अस्वासन के बाद आंदोलन को समाप्त किया गया है। नेतृत्व कर रहे अभिषेक हजारी ने बताया है की डिगवाडीह जवाहर लाल नेहरू स्कूल के पीछे वाली जमीन उनकी पुश्तैनी है। उक्त जमीन पर कम्पनी बिना बर्ता के एक माह पूर्व से ही ओबी डंप कर रहा है, जबकि लोदना महाप्रबंधक द्वारा कहा गया था की बिना बर्ता के ओबी डंप नही किया जायेगा। बुधवार को आंदोलन के बाद एजेंट अरुण पांडेय घटना स्थल पर पहुंच और ग्रामीणों से बर्ता कर अस्वासन दिया है की एक सप्ताह के बाद बर्ता कर समस्या का समाधान कर ही ओबी डंप किया जायेगा। समझौता होने के बाद ही आंदोलन समाप्त किया गया है। आंदोलन कारियो में शामिल है परुषोतम राय, देबू हजारी, बिष्णु हजारी, छोटू बावरी, सागर राय, शीतल राय, शुभम साव, तुषार हजारी आदि।

# छत्तीसगढ़ में ट्रेन की चपेट में आने वाले मजदूरों के परिजनो को उपायुक्त ने सौंपा चेक

## परिवार को दिया सरकारी योजनाओं का लाभ मुहैया कराने का आश्वासन

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** छत्तीसगढ़ में ट्रेन की चपेट आकर जान गंवाने वाले दो श्रमिको के परिजनों को उपायुक्त आदित्य रंजन ने बुधवार को 50 -50 हजार रुपया का चेक प्रदान किया। साथ ही उन्होंने मृतकों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन की ओर से सरकारी योजनाओं का लाभ मुहैया कराने का आश्वासन दिया।

**सभी प्रवासी श्रमिको से की गई रजिस्ट्रेशन कराने की अपील:** उपायुक्त ने जिले के सभी प्रवासी श्रमिको को श्रमदान डॉट झारखण्ड डॉट जीओवी डॉट इन पोर्टल में रजिस्ट्रेशन कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि रजिस्ट्रेशन हो जाने से किसी भी दुर्घटना या अन्य विपरीत परिस्थितियों में उन्हें योजना के तहत अधिक से अधिक लाभ दिया जा सकता है। इसके अलावा श्रमिको को ले जाने वाले सभी ठेकेदार एवं अन्य एजेंसियों से इन्हे अधिक से अधिक लाभ दिलाने की अपील की। स्थानीय इकाइयों में जहां 10 से अधिक कर्मी है, उन्हें प्रोविडेंट फंड, ईएसआई सहित अन्य लाभ दिलाने के लिए प्रशासन द्वारा मुहिम चलाई जाएगी।



### प्रवासी मजदूरों की मौत पर तत्काल की जाती है मदद

सहायक श्रमायुक्त प्रवीण कुमार ने कहा कि अंतर राज्य प्रवासी मजदूरों के सर्वेक्षण एवं पुनर्वास की योजना के तहत मृत्यु के उपरांत मृतकों के आश्रितों को शव लाने के लिए तत्काल उपरोक्त राशि प्रदान की गई है। सारी औपचारिकताएं पूरी कर एक-एक लाख रुपये की और राशि प्रदान की जाएगी। वहीं घायलों को भी उपचार के लिए राशि दी जाएगी।

### भगाने के क्रम में श्रमिकों की हुई थी मौत

मृतक कृष्णा राय एवं डिलू राय की माता कृष्णा राय एवं डिलू राय की माता क्रमशः राधिका देवी एवं पुनकी देवी ने बताया कि हमलोग तोपचांची थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर पंचायत के ब्रहमडिहा में रहने वाले हैं। 10 मई को गांव से 12 मजदूर, उत्तर प्रदेश के बनारस में रहने वाले ठेकेदार हर्षित सिंह के माध्यम से, छत्तीसगढ़ के डायनासौर कंपनी में काम करने के लिए गए थे। मजदूरों के साथ 600 दैनिक मजदूरी तय हुई थी। जब भुगतान का समय आया तब उन्हें 400 के हिसाब से मजदूरी दी गई। इसका विरोध करने पर कंपनी के सुपरवाइजर ने स्थानीय लोगों को बुलाकर उनके साथ मारपीट की और उन्हें खदेड़ने लगे। भागने के क्रम में कृष्णा राय एवं डिलू राय भयभीत होकर रेलवे लाइन पर दौड़ने लगे। इस क्रम में वे दोनों ट्रेन की चपेट में आ गए जबकि दो अन्य मजदूर, अजय राय एवं विकास हेमब्रम, गंभीर रूप से घायल हो गए।

# उपायुक्त ने सभी सीओ को तालाबों एवं सरकारी जमीन की सूची एक सप्ताह में देने का निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय के सभागार में जल स्त्रोतों के संरक्षण, अतिक्रमण की रोकथाम तथा प्रदूषण मुक्त बनाए जाने को लेकर टास्क फोर्स की बैठक हुई। उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों को उनके अंचल के सभी तालाब, नदी व जलस्त्रोत तथा सरकारी जमीन की सूची चार-चार, अलग-अलग दिशाओं से लिए गए जीपीएस युक्त फोटो के साथ एक सप्ताह में समर्पित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जल स्त्रोतों तथा सरकार भूमि का संरक्षण राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दिशा में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट में तालाब व सरकारी जमीन का स्थान व आकार के साथ पूरा विवरण, वास्तविक स्थिति, यदि अतिक्रमण है तो उसकी प्रकृति स्पष्ट रूप से उल्लिखित होनी चाहिए। उपायुक्त ने कहा कि जमीन की कमी के कारण केंद्रीय विद्यालय, ट्रांसपोर्ट नगर, अंतरराज्यीय बस टर्मिनल सहित कई महत्वपूर्ण योजनाएं धरातल पर उतरने से वंचित है। सभी अंचल अधिकारियों को तालाब या सरकारी भूमि का अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश दिया। वहीं वरीय पुलिस अधीक्षक श्री प्रभात कुमार ने कहा कि खनन क्षेत्र में भी जल संरक्षण को लेकर काम किया जा सकता है। मौके पर नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, डीएसपी नौशाद आलम, सहायक नगर आयुक्त प्रकाश कुमार तथा सभी अंचल के अंचल अधिकारी मौजूद थे।

## समाजसेवी पप्पू यादव ने कचरे की करायी सफाई



**कुमारधुबी।** न्यू रोड कुमारधुबी के किनारे कचरे के अंबार की सफाई बुधवार की सुबह समाजसेवी पप्पू यादव द्वारा ट्रेक्टर एवं जेसीबी के माध्यम से सफाई कराया गया। श्री यादव ने बताया की न्यू रोड में जमे कचड़े से निकल रहे दुर्गन्ध की शिकायत मिल रही थी। उसी के मद्देनजर आज सफाई अभियान चलाया गया। उन्होंने ने लोगों से अपील किया की कचरे को जहां तहां ना फेंके, इससे बाजार आने व इस रास्ते से गुजरने वाले राहगीरों को काफी परेशानी होती है। कचरे को बंद केएफएस फैक्ट्री के बाउंड्री के अंदर या ऐसे जगह पर फेंके जिससे राहगीरों को समस्या ना हो। यह सफाई का कार्य साल में तीन चार बार करवाना पड़ता है। इस दौरान उनके साथ अन्य लोग उपस्थित रहे।

## भगवान जगन्नाथ के स्नान यात्रा का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** बुधवार को रेलवे इंस्टिट्यूट माझेरपाड़ा स्थित जगरनाथ देव मंदिर में भगवान जगन्नाथ के स्नान यात्रा का आयोजन किया गया। मंदिर कमेटी बताया कि जगन्नाथ जी के स्नान यात्रा का अर्थ है देव स्नान पूर्णिमा, यह एक पवित्र स्नान उत्सव है। जो भगवान जगन्नाथ प्रकट होने की याद में मनाई जाती है। यह अनुष्ठान भगवान जगन्नाथ बलभद्र और सुभद्रा के प्रति भक्ति और श्रद्धा को प्रकट करते हैं। स्नान यात्रा के बाद भगवान जगन्नाथ बलभद्र और देवी सुभद्रा अस्वस्थ होने का लीला करते हैं, जो 14 दिनों तक दर्शन नहीं देते, जिसे अवसर कहा जाता है।

इस कार्यक्रम में केएस बनर्जी, टुबाई बनर्जी, टनि बनर्जी, अशोक विश्वास, वापी विश्वास, अमिताभ दास, अमिताभ बैनर्जी, प्रदीप बनर्जी, टुबाई बनर्जी, प्रणव राय, अनिल पर्वत, अभीक घोष,आदि लोग शामिल थे।

## कृषक मित्रों ने मानदेय बढ़ाने के लिए विधायक अरूप चटर्जी को सौंपा ज्ञापन

खबर मन्त्र संवाददाता



**मैथन।** निरसा, कलियासोल एवं एग्यारकुण्ड प्रखंड क्षेत्र के कृषकमित्रों ने बुधवार को विधायक अरूप चटर्जी से मिलकर अपना मानदेय बढ़ाने के लिए ज्ञापन सौंपा। कृषकमित्रों ने कहा कि पिछले 15 वर्षों से आत्मा परियोजना के तहत कार्य करते आ रहे हैं। हम सब कृषकमित्रों की बहाली आत्मा परियोजना से जुड़े कार्यों का प्रचार प्रसार करने के लिए किया गया था। लेकिन सरकार द्वारा आत्मा परियोजना के अलावा कृषि विभाग, मनरेगा, आपदा, उद्यान, योजना बनाओ अभियान, बीएलओ, चुनाव सहित अनेकों कार्य कराया जाता है। इसके लिए सिर्फ एक हजार रुपये प्रोत्साहन राशि दी जाती है, वह भी समय पर नहीं मिलता है। कृषकमित्रों ने विधायक श्री चटर्जी से कहा कि हमलोगों को भी सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार है। इसलिए आप कृषकमित्रों का सम्मानजनक मानदेय बढ़वाने के लिए सरकार से प्रयास करें। विधायक अरूप चटर्जी ने कृषकमित्रों को आश्वस्त किया कि इस मुद्दे को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बात करेंगे।

## गो संरक्षण संवर्द्धन की दिशा में गंगा गोशाला के योगदान को उपायुक्त से कराया अवगत



खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** गंगा गोशाला कतरास के महासचिव महेश अग्रवाल, सचिव दीपक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष दीनानाथ चौधरी, कृषि मंत्री कमलेश सिंह, गौ चिकित्सा मंत्री कृष्ण कन्हैया राय और गो ग्रास मंत्री डॉ मधुमाला बुधवार को उपायुक्त आदित्य रंजन से मिले। गो संरक्षण और संवर्द्धन की दिशा में गंगा गोशाला की उत्साह वर्द्धक यात्रा से अवगत कराया। इस औपचारिक मुलाकात में समिति के द्वारा उपायुक्त से कतरास गोशाला में आने का आग्रह किया गया।

## विनोद सिंह राष्ट्रीय हिन्दू फ्रंट के प्रदेश महासचिव बने और शेष नारायण सिंह प्रदेश सचिव

# जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाकर अंधाधुंध संतानोत्पत्ति पर अंकुश लगाने की है आवश्यकता : कौशल किशोर

खबर मन्त्र संवाददाता




**मैथन।** राष्ट्रीय हिन्दू फ्रंट के झारखंड प्रदेश कार्यसमिति की बैठक बाबा नगरी देवघर में सम्पन्न हुआ। राष्ट्रीय संगठन मंत्री कृष्ण मुरारी एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कौशल किशोर राय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। केन्द्रीय पदाधिकारियों के साथ चर्चा के बाद सर्वसम्मति से प्रदेश कार्यकारिणी एवं जिला अध्यक्षों की घोषणा प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम पाण्डेय ने किया। जिसमें धनबाद के विनोद कुमार सिंह को प्रदेश महासचिव, मैथन के शेष नारायण सिंह को प्रदेश सचिव, धनबाद के दीपक सिंह को प्रदेश सह संयोजक और रोहित महतो को धनबाद जिला का जिलाध्यक्ष बनाया गया। राष्ट्रीय संगठन मंत्री कृष्ण मुरारी ने नव चयनित पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज हिन्दू समाज जातियों में बंटकर कमजोर हो रहा है। हमारी जनसंख्या दिन ब दिन कम हो रही है, जो चिंता की विषय है। कहा कि आने वाले समय में इसका भयानक परिणाम हो सकता है। हम सभी हिंदू भाईयों को एक होना होगा, तभी हम अपने संस्कृति व धर्म की रक्षा कर सकते हैं। उन्होंने जात-पात की करो विदाई, हिन्दू हिन्दू भाई भाई के तर्ज पर सभी हिन्दू भाईयों को एक होकर आगे आने का आह्वान किया।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कौशल किशोर राय ने संगठन के उदेश्यों पर प्रकाश डाला और जनसंख्या विस्फोट एवं जनसंख्यिकीय असंतुलन जैसी समस्या से उत्पन्न हो रहे सम्भावित खतरों से अवगत कराया। श्री राय ने कहा कि एक वर्ग विशेष द्वारा एक रणनीति के तहत जानबूझकर अंधाधुंध संतानोत्पत्ति की प्रवृत्ति पर जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाकर अंकुश लगाने की आवश्यकता है, नहीं तो यह भारतीय संस्कृति के लिए विघटनकारी साबित हो सकता है। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महासचिव विनोद सिंह ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश सचिव शेष नारायण सिंह ने की।

## एक नजर में

### 12 लाख की संपत्ति चोरी के मामले में रामकनाली पुलिस के हाथ खाली

**कतरास।** रामकनाली ओपी अतर्गत केशलपुर श्रमिक कॉलोनी में चोरों ने बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया। अमजद हुसैन के घरका ताला तोड़कर 90 हजार नगद, सोना चांदी के गहना के अलावा सोने की बिस्कुट और चांदी (दो किलो) बर्तन लेकर अपराधी चलते बने। चोरी गए कुल संपत्ति की कीमत बारह लाख आंकी गयी है। घटना के दो दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। मोहल्ले में भय का माहौल है। अमजद घटना के एक दिन पुर्व ही घर में ताला बंद कर अपने पूरे परिवार के साथ ससुराल फूसरो गए हुए थे। जिसकी भनक चोरो को लग गयी।इसी का फायदा उठाकर चोरों ने देर रात घर का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया।

### रूपडीह पंचायत में संचालित विभिन्न योजनाओं का मनरेगा लोकपाल ने किया निरीक्षण



**जमाताड़ा।** नारायणपुर प्रखंड के रूपडीह पंचायत में संचालित विभिन्न मनरेगा योजनाओं का बुधवार को मनरेगा लोकपाल संजय कुमार उपाध्याय ने भौतिक सत्यापन किया। इस दौरान उन्होंने मिरगा में लगी आम बागवानी योजना को देखा। लोकपाल ने योजना को देखकर संतुष्टि जाहिर करते हुए कहा कि बिरसा हरित ग्राम आम बागवानी योजना इस क्षेत्र में काफी सार्थक सिद्ध हो रही है। अधिक से अधिक लोग इस योजना का लाभ लें। यह पंचवर्षीय योजना तो जरूर है लेकिन भविष्य में लाभुकों के लिए वरदान साबित होगी। आज भी कई लाभुक आम बागवानी योजना का बेहतर लाभ ले रहे हैं। आम बेचकर उनकी अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है।इसके अलावा पंचायत में संचालित उन्होंने मनरेगा की सिंचाई को, तालाब, डोभा और भूमि समतली करण योजनाओं का भौतिक सत्यापन किया।लोकपाल ने कहा की जेई और ऐई मनरेगा योजनाओं का स्थल निरीक्षण के बाद ही मास्टर रोल निर्गत करें। नियमित रूप से योजनाओं का निरीक्षण होना चाहिए ताकि इसमें प्रदर्शित हो। मनरेगा सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है।

### श्रम नियोजन विभाग द्वारा आयोजित शिविर में 32 आवेदकों को मिला नियुक्ति पत्र

**सिंदरी।** श्रम नियोजन प्रशिक्षण और विकास विभाग द्वारा सिंदरी में आयोजित भर्ती कैंप में 32 आवेदकों को रोजगार मिला।सिंदरी नियोजनालय में बुधवार को आयोजित भर्ती कैंप में 4 नियोजक उपस्थित हुए थे। शिविर में लगभग 250 आवेदकों ने भाग लिया था। विभिन्न नियोजकों द्वारा कुल 32 आवेदकों को चयन कर उन्हें नियुक्ति पत्र दिया गया। अन्य 8 आवेदकों को शार्ट लिस्ट किया गया है। भर्ती कैंप में सूरज कुमार, संजय कुमार साव, विवेक कुमार साव का योगदान सराहनीय रहा।

### किशोरियों, महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी समस्या व उपचार की दी गई जानकारी




**महुदा।** रोटरी क्लब धनबाद एवं ओंकार सेवा संस्थान की ओर से बुधवार को छत्रुटांड़ पंचायत सचिवालय में दो दिवसीय प्रशिक्षण एवं क्षमता वर्धन कार्यक्रम संपन्न हुआ। महुदा क्षेत्र की आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, स्वास्थ्य सहिया, जल सहिया, पोषण सखी सहित अन्य महिलाएं शामिल हुई। दो दिन के कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं के एक हजार दिन के देखभाल, किशोरियों, महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी समस्या एवं उपचार के बारे में जानकारी दी गयी। बच्चों के टीकाकरण, स्तन केंसर, लिकोरिया जैसे घातक बिमारियों के बारें में जानकारी दी गयी। ओंकार सेवा संस्थान के सचिव श्याम सुंदर हाजरा ने बताया कि इस परियोजना में 1000 दिनों के कार्यक्रम का है। इसमें लक्ष्य है गर्भवती महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य और कल्याण में बदलाव लाना है। यह महत्वपूर्ण प्रयास गर्भधारण से लेकर बच्चे के दूसरे जन्मदिन तक स्वास्थ्य के लिए मंच तैयार करना है। रोटरी क्लब के सहयोग से बाघमारा प्रखण्ड के 20 गांवों में स्वास्थ्य कार्यक्रम चला रहे हैं। जिसमें 100 किशोरी एवं 500 महिलाओं का चयन कर उसके स्वास्थ्य का देखभाल करना है। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि दिनेश प्रमाणिक, रॉटरी क्लब के संदीप नारंग, मीनाक्षी खेमका, अन्नु नारंग, विकाश शर्मा, सचिव श्याम सुंदर हजार, रितु देवी, प्रशिक्षक नैंसी डाडेल, मनोज कुमार रजक, शोभा रवानी, बसंती देवी, सुनीता देवी, रूपा देवी, निशा देवी आदि मौजूद थे।

### अंतरराष्ट्रीय हिंदी परिषद की बैठक संपन्न

**धनबाद।** बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय हिंदी परिषद झारखण्ड के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश चंद्र तिवारी की अध्यक्षता में बैठक न्यू मुरली नगर में सम्पन्न हुई। जिसमें अंतर्राष्ट्रीय हिंदी परिषद के राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष विकास पाठक के द्वारा विवेक कुमार मिश्रा को उत्तर प्रदेश युवा अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है।इस अवसर पर हमारे अंतर्राष्ट्रीय हिंदी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह संस्थापक ऐतिहासिक आंदोलनकारी हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने के अभियान कर्ता हृदय नारायण मिश्रा ने विवेक कुमार मिश्रा के कार्यों को देखते हुए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

स्पीड न्यूज

## शादीशुदा महिला और युवक की प्रेम कहानी चर्चा का विषय बना

**लोयाबाद।** शादी शुदा महिला से युवक की प्रेम कहानी चर्चा का विषय बन गया है। युवक ने महिला से मंदिर में शादी रचा लिया है। जबकि महिला की शादी चार वर्ष पूर्व हो चुकी है।शादी के बाद से महिला अपने मायके में रह रही थी। दोनो के बीच कब प्रेम हुआ किसी को पता नही है। महिला ने कहा कि युवक से प्रेम रहते हुए घर वालों ने जबरन उसके मर्जी के बगैर उसकी शादी करा दी गई। दोनों के परिजन एक दूसरे को अपनाने को तैयार नही है। दोनो के परिजन मामले को लेकर भीड़ चुके है। दोनों तरफ से लात घुसा चला। मामला थाना पहुंचा।पुलिस से प्रेमी जोड़ा सुरक्षा की गुहार लगाई है। मामला पेचीदा देखकर पुलिस भी कुछ कहने को तैयार नहीं है। फिलहाल दोनों प्रेमी जोड़ा एक साथ कहीं चला गया। दोनो ने घर से भाग कर मंदिर में शादी रचाया है।

## सड़क दुर्घटना में पांच घायल, धनबाद रेफर



**नारायणपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के भैयाडीह गाँव में दो बाइकों की टक्कर में पांच लोग घायल हो गए। घटना बुधवार देर शाम की है।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नारोडीह गाँव के नाजमूल अंसारी और इमरान अंसारी जबकि दूसरे बाइक पर कठडाबर निवासी मेहरून अंसारी, मनकडीहा निवासी मुबारक अंसारी एवं बुधुडीह निवासी जगदीश दास की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस घटना में पांचो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से पिकअप वैन से घायलों को सीएचसी नारायणपुर लाया गया।जहां ऑन ड्यूटी मौजूद प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ एके सिंह ने सभी घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए धनबाद रेफर कर दिया।

## प्रखंड सभागारों में लगेगी शहीद शक्तिनाथ महतो की तस्वीर

**कतरास।** शहीदों के सम्मान और नई पीढ़ी को प्रेरणा देने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए धनबाद जिला परिषद की अध्यक्ष शारदा सिंह ने जिले के सभी प्रखंड प्रमुखों को पत्र जारी किया है। पत्र में आग्रह किया गया है कि शहीद शक्तिनाथ महतो की तस्वीर प्रखंड सभागारों में लगाई जाए। पत्र में बताया है कि जिला परिषद की बैठक में यह प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया था कि शहीद शक्तिनाथ महतो की स्मृति में उनके चित्र को सभी प्रखंड सभागारों में स्थान दिया जाए। उन्होंने कहा कि यह पहल युवाओं को शहीदों के संघर्ष और बलिदान से जोड़ने का कार्य करेगी। उनके त्याग और राष्ट्र के प्रति समर्पण को सामने लाना आज की जरूरत है, जिससे आने वाली पीढ़ियां प्रेरणा ले सकें।

# कांग्रेस ने जय हिंद सभा का आयोजन कर सैनिकों के परिजनों को किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में बुधवार को लुबी सर्कुलर रोड स्थित उत्सव विवाह भवन में सैनिकों के सम्मान में जय हिंद सभा का आयोजन किया गया। जिसमें झरिया निवासी शहीद शशीकांत पांडेय के पिता राजेश्वर पांडेय व माता ललिता देवी, शहीद मो इशरार खान के पिता आजाद खान, माता खैरून निशा, पूर्व सैनिक परिषद के अध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह, रामनाथ मिश्रा, आलोक कुमार, अवधेश द्विवेदी, पंकज कुमार चौधरी, संतोष कुमार, हरधन तिवारी, उत्तम साव, दीपक नाराज, समाजिक संस्थान मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष मनीष शर्मा, बंगाली वेलफेयर सोसाइटीज एवं मधुमिता फाउंडेशन के गोपाल भट्टाचार्य, ह्यूमैनिटी हेल्पिंग सेंटर के संस्थापक गौतम मंडल को सम्मानित किया गया।

पर्यवेक्षक अजय कुमार दुबे ने कहा भारतीय सेना का सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। उन्होने कहा कि पहलगाम घटना के बाद केन्द्र सरकार द्वारा चलाए गए आपरेशन सिंदूर पर कांग्रेस ने केंद्र सरकार पुरा समर्थन दिया। भारत सरकार के हर निर्णय का समर्थन किया। उन्होने कहा कि जब देश हित की बात हो तो हमसभी को वोट की राजनीति से दूर रहना चाहिए। उन्होंने शहीदो के परिवार द्वारा रखे गए विचार की सरहाना की। कहा हमें अपनी सेना पर गर्व है, सेना हमारा मनोबल बढ़ाती है। सभा में उपस्थित सभी पूर्व सैनिकों के प्रति भी आभार प्रकट किया।

जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा सेना की कर्नल शौफिया कुरैशी को पाकिस्तानियो और आतंकवादियो की बहन बेटी बताने वाले मध्यप्रदेश के मंत्री भाजपा नेता विजय शाह ने देश को शर्मशार किया है। दुसरा भाजपा नेता बोलते है कि देश के सैनिक मोदी के चरण में नतमस्तक है। जिलाध्यक्ष ने केंद्र सरकार से पुछे सवाल सीजफायर किसके दवाब में हुआ और आतंकी अभी तक क्यों नही पकड़े गए। श्री सिंह ने कहा शौर्य वीरता पराक्रम अदम्यसाहस बलिदान के प्रतिक भारतीय सेना पर संपूर्ण देश को गर्व है। आज देश को बचाना है तो कांग्रेस को मजबूत करना होगा। कार्यक्रम में बृजेन्द्र प्रसाद सिंह, राशिद रजा अंसारी, शमशेर आलम बैभव सिन्हा, मनोज यादव, रविरंजन सिंह, दुर्गा दास, रामगोपाल भुवानिया, नवनीत नीरज, प्रभात सुरोलिया, सीताराणा, कुमार गौरव उर्फ सोनू, जहीर अंसारी, राजेश्वर यादव, दिनेश यादव मनोज सिंह, दिपक सिंह, योगेन्द्र सिंह योगी, बीके सिंह, राजेश राम, महेंद्र दुबे कालीचरण यादव, रमेश जिंदल, प्रीतम रवानी, गोपाल कृष्ण चौधरी, कयूम खान देवेन्द्र कुमार, इरफान खान चौधरी आदि उपस्थित थे।

## निरसा हाईवा परिवहन स्वावलंबी सहकारी समिति का चुनाव संपन्न

# संजय सिंह बने अध्यक्ष व अभिजीत सचिव

खबर मन्त्र संवाददाता



**मैथन।** निरसा हाईवा परिवहन स्वावलंबी सहकारी समिति का चुनाव गहमागहमी के बीच बुधवार को संपन्न हुआ। चुनाव के दौरान हल्की फुल्की नोक झोक के बाद चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। चुनाव संपन्न होने के बाद चुनाव पर्यवेक्षक अखलाक हुसैन में अध्यक्ष पद पर संजय सिंह एवं सचिव पद पर अभिजीत चक्रवर्ती को विजेता घोषित किया तथा दोनों को प्रमाण पत्र दिया। 354 मतदाताओं में 342 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। वही 12 मतदाता मतदान करने नहीं पहुंचे। अध्यक्ष पद के लिए हुए मतदान में तीन मत रद्द किए गए। मतदान के द्वारा हुए चुनाव में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी संजय सिंह ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी उज्जवल कुमार तिवारी को 12 मतों से हराया। वहीं अभिजीत चक्रवर्ती ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी सपन गोराई को 66 मतों से हराया। विजयी प्रत्याशियों के समर्थकों ने संजय सिंह एवं अभिजीत चक्रवर्ती को फूल माला से लाद दिया तथा जमकर पटाखे छोड़े।

### हाईवा मालिकों की हित सर्वोपरि


अध्यक्ष पद पर विजयी हुए संजय सिंह ने कहा कि हाईवा मालिकों के हित हमारे लिए सर्वोपरि होगा। हाइवा मालिकों के सुख-दुख में हमेशा खड़ा रहूंगा। एमपीएल प्रबंधन एवं ट्रांसपोर्टरों की मनमानी पर रोक लगाई जाएगी। एमपीएल प्रबंधन के साथ जो हाईवा मालिकों का जो इकरारनामा हुआ है उसे प्रबंधन को हर हाल में लागू करना होगा। वही अभिजीत चक्रवर्ती ने कहा कि हाईवा मालिकों के सुख दुख में खड़ा रहूंगा। एमपीएल प्रबंधन एवं ट्रांसपोर्टरों की मनमानी पर रोक लगाई जाएगी।

### अध्यक्ष पद के चार एवं सचिव पद के पांच थे दावेदार

अध्यक्ष पद के लिए चार दावेदार थे। जिसमें संजय सिंह को 138 मत, उज्जवल तिवारी को 126 मत, अमन कुमार मिश्रा को 65 मत एवं हरिराम अग्रवाल को 10 मत प्राप्त हुए। वही सचिव पद के लिए अभिजीत चक्रवर्ती को 143 मत, अरुण यादव को 43 मत, इंद्रजीत गोस्वामी को 22 में झंटू महतो को 63 मत एवं सपन गोराई को 77 मत प्राप्त हुए।

## एक नजर में

### एसएसपी ने लगाया जनता दरबार, सुनी फरियाद



**धनबाद।** वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसएसपी प्रभात कुमार द्वारा प्रतिदिन की भांति बुधवार को भी जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिले के सुदूर क्षेत्रों में कार्यालय में पहुंचे करीब 25 महिला-पुरुष फरियादियों के मामले की सुनवाई की गई। एसएसपी ने बारी-बारी से लोगों की फरियाद को सुना। इस दौरान जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र से आये फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्याएं एसएसपी महोदय के समक्ष रखी। जिसपर महोदय ने संबंधित थाना प्रभारी को उसके निष्पादन हेतु आवश्यक निर्देश दिए। वहीं कई मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया। शेष मामलों को संबंधित थाना प्रभारी के समक्ष निष्पादन के लिए भेजा गया। एसएसपी महोदय ने सभी थाना प्रभारी को निर्देश दिया गया है कि जनता दरबार में जो भी मामले आते हैं उसे त्वरित गति से निष्पादित कर महोदय को जानकारी उपलब्ध कराएं।

### उपायुक्त ने जल जीवन मिशन के तहत पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने का दिया निर्देश



**गिरिडीह।** समाहरणालय में बुधवार को उपायुक्त रामनिवास यादव ने जल जीवन मिशन की समीक्षा की। जल जीवन मिशन के तहत सभी गांवों, स्कूलों, आंगनवाड़ी केंद्रों और अन्य संस्थानों में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए गिरिडीह उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को क्षेत्र भ्रमण कर पेयजल की संचालित योजनाओं में आ रही समस्याओं की जांच करने एवं समस्याओं का सामाधान करने को कहा। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में पानी की किल्लत न हो, लोगों को सुगम रूप से जल की उपलब्धता सुनिश्चित हो, इसके लिए कार्य करें। खास कर विद्यालयों ओर आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता हो सुनिश्चित करें।साथ ही क्षेत्र भ्रमण के दौरान पाए जाने वाले खराब चापाकलों/नलकूपों/जलमीनारों की जल्द से जल्द मरम्मती सुनिश्चित कराएं। बैठक में पेयजल आपूर्ति से संबंधित कार्य, पेयजल स्रोतों की स्थिति, पानी टंकी की स्थिति, मरम्मत कार्य आदि से संबंधित विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। प्रखंडवार ओडीएफ प्लस सहित अन्य बिंदुओं पर भी बारी-बारी से समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इसके अलावा बैठक में उपायुक्त ने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण को लेकर किए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की। बैठक में उप विकास आयुक्त, डीआरडीए डायरेक्टर, समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, सभी प्रखंड समन्वयक एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## छेड़खानी मामले मे पुलिस ने आरोपियों को भेजा जेल

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोविंदपुर।** स्थानीय थाना अंतर्गत गायडेहरा में छेड़खानी को लेकर हुए विवाद में गोविंदपुर पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस ने प्रथम पक्ष की ओर से वादी कुंदन यादव, पिता ओम प्रकाश यादव तथा महेश यादव, पिता राजेंद्र यादव दोनों गायडेहराबाद तथा दूसरे पक्ष के समीर अंसारी, पिता हुसैन अंसारी तथा मारूफ अंसारी पिता अयूब अंसारी दोनों अमलाटांड़ को जेल भेज दिया है। प्रथम पक्ष की ओर से कुंदन यादव ने समीर अंसारी, मारूफ अंसारी एवं तौफीक अंसारी तथा अन्य के खिलाफ थाना में आवेदन दिया था। इसी के आधार पर पुलिस ने छेड़खानी, पास्को एक्ट तथा मारपीट की प्राथमिकी दर्ज की है। दूसरी ओर से मारूफ अंसारी के आवेदन पर कुंदन यादव, महेश यादव एवं अन्य के खिलाफ मारपीट की प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस मामले को लेकर सांसद ढुलू महतो ने वरीय पुलिस अधीक्षक से बात की तथा पीड़ित परिवार को न्याय देने का निर्देश दिया। धनबाद विधायक राज सिन्हा ने भी इस मामले में वरीय पुलिस अधीक्षक से बात की। इसके बाद नगर पुलिस अधीक्षक रित्विक श्रीवास्तव तथा प्रभारी डीएसपी सुनील कुमार गोविंदपुर थाना पहुंचे और पुलिस इंस्पेक्टर रुस्तम अली से मामले की जानकारी ली। उन्होंने इंस्पेक्टर को कई दिशा निर्देश दिए।

## 11 दिव्यांगों को डालसा ने दिलाया सरकारी योजना का लाभ

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** नालसा एवं झालसा के निर्देश पर दिव्यांगों के लिए लॉन्च किए गए साथी परियोजना के तहत 11 दिव्यांगों को साथी इकाई के टीम के द्वारा चिन्हित किया बुधवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार वीरेंद्र कुमार तिवारी ने 11 दिव्यांगों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र, दिव्यांगता पेंशन से सम्बंधित कागजात सौंपे। न्यायधीश श्री तिवारी ने बताया कि नालसा व झालसा के निर्देश पर पूरे जिले में है। योजना एक सप्ताह पूर्व लॉन्च की गई है जिसके तहत दिव्यांगों को चिन्हित करने का काम किया जा रहा है तथा उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ने का काम किया जा रहा है जिसके तहत झरिया क्षेत्र से 11 दिव्यांगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया गया है। अवर न्यायाधीश सह सचिव मयंक तुषार टोपनो ने बताया कि धनबाद जिले के सभी प्रखंडों में साथी इकाई के तहत डालसा की टीम ऐसे दिव्यांग बच्चों को चिन्हित कर रही है जिनका अभी तक आधार कार्ड नही बना है न ही उन्हे किसी तरह की सरकारी योजनाओं से जोड़ा गया है । प्रोजेक्ट लॉन्च होने के एक सप्ताह के अंदर अधिकार मित्र डिपेंटी कुमारी गुप्ता एवं हेमराज चौहान द्वारा झरिया क्षेत्र के कुल 11 दिव्यांगों को चिन्हित किया गया उन सभी को दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाया गया एवं दिव्यांग पेंशन जैसे सरकारी योजनाओं से जोड़ा गया और साथ ही दिव्यांगों की सुविधा के लिए पात्रता के अनुसार सामग्री का वितरण किया गया. उन्होंने बताया कि दिव्यांगों का समुचित इलाज एवं समय-समय पर काउंसलिंग की व्यवस्था डालसा धनबाद द्वारा सुनिश्चित की जाएगी।

### बिजली की लचर व्यवस्था को लेकर विधायक ने जताई नाराजगी, 24 घंटे का दिया अल्टीमेटम



**गिरिडीह।** जमुआ विधानसभा में बिजली कटौती को लेकर जमुआ विधायक मंजू कुमारी ने बुधवार को जमुआ प्रखंड के डाक-बंगला में प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बिजली आपूर्ति को लेकर लगातार बिजली विभाग के अधिकारियों से बात कर रही हूं, ताकि विधानसभा में बिजली बहाल हो सके। इस भीषण गर्मी में जमुआ और देवरी में लो वोल्टेज के साथ मात्र दो से तीन घंटे से भी कम बिजली आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने बिजली विभाग की कार्यशैली पर जमकर निशाना साधा और चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि दो दिनों के भीतर बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिजली समस्या को लेकर विभाग को ज्ञापन सौंपेंगे। कहा कि बिजली नहीं रहने के कारण विद्यार्थियों को पढ़ाई करने में काफी दिक्कते हो रही है। किसान पटवन नहीं कर पा रहे हैं। वहीं महागठबंधन की राज्य सरकार पर भड़ास निकालते हुए कहा कि यहां की सरकार विकास विरोधी है। जिला मुख्यालय से लेकर प्रखंड मुख्यालयों के कर्मी भ्रष्टाचार में लिप्त है। वहीं स्वास्थ्य विभाग के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जमुआ में लोगों को सही सुविधाएं नहीं मिलने पर नाराजगी जताई। कहा कि इसके पूर्व भी संबंधित विभाग के सीएस को असुविधाएं की जानकारी दी गई थी। लेकिन उनके कानों तक जूं तक नहीं गुंजी। कहा कि अगर संबंधित विभाग के कर्मी अपने रूपों को नहीं सुधरे तो जोरदार आंदोलन किया जाएगा। मौके पर भाजपा नेता राजेंद्र राय, परमेश्वर यादव, प्रदीप सिंह, गोपाल कृष्ण पांडेय, रूपलाल दास, विनय राय, महेश सिंह, सोनू मोदी, सुनील राय, दयानंद राय, राजकुमार सिंह, परिणय सिन्हा, अनुपम सिन्हा, पप्पू वर्मा, रंजन सिंह, सुमित कुमार, संजय सिंह आदि अन्य उपस्थित थे।

## धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान 15 जून से

आदिवासी समाज को सरकारी योजनाओं से जोड़ने का का होगा काम

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** उपायुक्त आदित्य रंजन ने बुधवार को 15 जून से शुरू होने वाले धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि यह अभियान जिले के विभिन्न प्रखंडों और गांवों में 30 जून तक चलेगा। आदिवासी समुदायों को अभियानों के माध्यम से योजनाओं और उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करेंगे। शिविर के माध्यम से प्रत्येक पात्र परिवार को आधार कार्ड, बैंक खाता, स्वास्थ्य कार्ड, गैस कनेक्शन आदि प्रदान करेंगे। आदिवासी युवाओं को स्थाई वकालत और नेतृत्व विकास के लिए प्रशिक्षित करेंगे। कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए एक समिति का भी गठन किया गया। जिसमें उप विकास आयुक्त, कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल, सिविल सर्जन, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालिका अभियंता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, जिला कौशल विकास पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी तथा जिला मत्स्य पदाधिकारी सदस्य रहेंगे। जबकि जिला कल्याण पदाधिकारी इसके संयोजक रहेंगे।

## विधायक ने किया बीज वितरण कार्यक्रम का उद्घाटन



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने बुधवार को तोपचांची प्रखंड के ब्रहमडिहा पैक्स में बीज वितरण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। ज्ञात हो कि नोडल पैक्स राजगंज द्वारा खरीफ मौसम-2025 में कुल 1250 क्विंटल धान बीज राष्ट्रीय बीज निगम, नई दिल्ली से उठाव किया गया है। जिसे जिले के विभिन्न प्रखंडो के 46 पैक्सों में आवंटन कर दिया गया है। सभी प्रखंड के पैक्स में जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में अनुदानित दर पर बीज वितरण का उद्घाटन किया जा रहा है। सभी बीज वितरण केन्द्र पर प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी एवं जनसेवक को प्रभारी पदाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया है।

# महिलाओं को सशक्त और स्वावलम्बी बनाने की दिशा में टाटा स्टील फाउंडेशन की पहल रंग लाई

खबर मन्त्र संवाददाता



**कतरास।** महिलाओं को सशक्त और स्वावलम्बी बनाने की दिशा में टाटा स्टीलफाउंडेश न की पहल रंग ला रही है। टाटा स्टील की सामाजिक इकाई, द्वारा शुरू किए गये अभियान का उद्देश्य आजीविका, गरिमा व मासिक धर्म स्वच्छता जैसी महत्वपूर्ण जरूरतों को सामुदायिक नेतृत्व वाले उद्यमों के बारे में मीडिया को रूबरू कराया गया। बी फ्रेशनाम से प्रसिद्ध महिलाओं द्वारा संचालित सेनेटरी पैड निर्माण इकाई को नजदीक से देखा। प्रगति महिला उद्यम की अध्यक्ष भावनी देवी ने इस पहल की संक्षिप्त जानकारी दी। इसके बाद निर्माण, पैकेजिंग से लेकर स्वच्छ तरीके से भंडारण तक की पूरी पैड निर्माण प्रक्रिया को दिखाया गया। वर्तमान में इस इकाई में विभिन्न स्वयं सहायता समूह की कुल तीस महिलाएं कार्यरत हैं। उन्होंने यह भी साझा किया कि वे अपने मार्केटिंग रणनीतियों का विस्तार कर रही हैं और उत्पाद की पहुंच को और व्यापक बना रही हैं। भावनी देवी ने बी फ्रेश पैड की बेहतर सोखने की क्षमता के बारे में भी विस्तार से बताया और इस बात को रेखांकित किया कि यह कॉटन पैड की तुलना में अधिक समय तक इस्तेमाल किया जा सकता है। बताया गया कि योजना के तहत न केवल उत्पाद श्रेणी का विस्तार किया जाएगा, बल्कि नए बाजारों तक पहुंच और आसपास के प्रखंडों व जिलों में अधिक महिलाओं को प्रशिक्षण देने की दिशा में भी ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इस विस्तार का उद्देश्य केवल एक व्यवसाय के रूप में बढ़ना नहीं है, बल्कि अपनी सामाजिक पहुंच को और गहरा करना है, ताकि हर महिला को सुरक्षित, सुलभ स्वच्छता उत्पादों तक पहुंच मिले और वह सम्मानजनक आजीविका अर्जित करने का अवसर प्राप्त कर सके। यह पहल केवल एक उत्पादन इकाई नहीं, बल्कि एक सामाजिक जागृति का अभियान है। इस अवसर पर राजेश कुमार, यूनिट लीडर टाटा स्टील फाउंडेशन, जामाडोबा, सिंथिया मर्सी एंथनी, मैनेजर (कॉर्पोरेट कम्युनिकेशंस) टाटा स्टील, राहुल यादव, परियोजना समन्वयक टाटा स्टील फाउंडेशन उपस्थित थे।

# एसएसपी ने किया नवनिर्मित बरवाअड्डा थाना का निरीक्षण, जल्द शिफ्टिंग का दिया आदेश

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** एसएसपी प्रभात कुमार ने बुधवार को नवनिर्मित बरवाअड्डा थाना भवन का निरीक्षण किया। बरवाअड्डा थाना के नए भवन का निर्माण उदयपुर में किया गया है। निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। एसएसपी ने थाना प्रभारी को जल्द ही नये भवन में शिफ्ट करने का आदेश दिया। उदयपुर में नवनिर्मित बरवाअड्डा थाना भवन भवन मे थाना प्रभारी का कक्ष, वेटिंग हॉल, सहायता केंद्र, सिरिस्ता, रिकॉर्ड रूम, मालखाना, महिला हेल्प डेस्क, महिला हाजत, पुरुष हाजत, सभागार, जवानों व पदाधिकारी के लिए रेस्ट रूम, किचन, बाथरूम, शौचालय, इंट्रोगेशन रूम, वायरलेस रूम, सीसीटीएनएस समेत अन्य सभी सुविधायों को ध्यान में रखने हुए नए थाना परिसर का निर्माण कराया गया है। जल्द ही बरवाअड्डा थाना को नए भवन में शिफ्ट कर दिया जाएगा जिसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। निरीक्षण के क्रम में एसएसपी कृषि बाजार स्थित बरवाअड्डा थाना पहुंचे जहाँ उन्होंने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी सुनील कुमार रवि समेत थाना में पदस्थापित सभी पदाधिकारी व जवान मौजूद थे।



**खास बातें:** औचक निरीक्षण में थाना की व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने थानों मे लंबित कांड के बारे में जानकारी लेते हुए जांच के लिए अवधि निर्धारित करते हुए जल्द ही सभी लंबित मामलों के निष्पादन का निर्देश दिया। न्यायालय द्वारा निर्गत कुर्की, वारंट व इश्तेहार से सम्बन्धित मामलों की जानकारी लेते हुए आदेशों पर यथाशीघ्र तामिला का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त सिरिस्ता, स्टेशन डायरी, विजिटर रजिस्टर, मालखाना, व थाना परिसर की साफ-सफाई का निरीक्षण करते हुए व्यवस्था में सुधार हेतु आवश्यक निर्देश भी दिए गए। महोदय ने महिला हेल्प डेस्क पर संबंधित पुलिस पदाधिकारी की उपस्थिति, सिरिस्ता वितंतु कक्ष में प्रतिनियुक्त कर्मियों समेत महिला एवं पुरुष हाजत का निरीक्षण करते हुए व्यवस्था में सुधार लाने को कहा। उन्होंने सभी पदाधिकारी व जवान वर्दी में तैनात रहकर ड्यूटी करेंगे। थाना में आने वाले फरियादियों के साथ शालीनता के साथ व्यवहार करते हुए उनकी समस्याओं का समाधान करेंगे।

# डीसी ने रंका अनुमंडल में किया औचक निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रंका/गढ़वा।** जिला दंडाधिकारी सह डीसी दिनेश कुमार यादव ने रंका अनुमंडल के विभिन्न प्रखंडों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और सरकारी कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं, प्रशासनिक कार्यों और विकास योजनाओं की अद्यतन स्थिति का जायजा लिया। रंका सीएचसी में निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरीजों को मिलने वाली चिकित्सीय सुविधाएं, दवाओं की उपलब्धता, स्टाफ की उपस्थिति और स्वच्छता व्यवस्था की गहनता से जांच की। डीसी ने निर्देश दिया कि सभी चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मी ड्यूटी के समय बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य रूप से दर्ज करें तथा निर्धारित ड्रेस कोड में रहें। साथ ही, बरसात के मौसम को देखते हुए उन्होंने सर्पदंश से निपटने के लिए सभी अस्पतालों में एंटी वेनम दवा की पर्याप्त व्यवस्था करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने अस्पताल पंजी, औषधि कक्ष और विभिन्न वार्डों का अवलोकन कर मरीजों से सीधा संवाद भी किया। इसके बाद एकलव्य विद्यालय भंडरिया, रंका अनुमंडल कार्यालय और संबंधित प्रखंड कार्यालयों का भी दौरा कर सफाई, पेयजल, शौचालय जैसी बुनियादी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। डीसी ने चेतावनी दी कि यदि जनता की शिकायतों का समाधान समय पर नहीं किया गया, तो संबंधित अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अनुपयोगी सरकारी वाहनों को शीघ्र नीलाम करने का भी आदेश दिया। मौके पर जिला कल्याण पदाधिकारी धीरज प्रकाश, अनुमंडल पदाधिकारी रंका रूद्र प्रताप, प्रखंड विकास पदाधिकारी भंडरिया अमित कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# दानरो महोत्सव की शुरूआत, नदी संरक्षण के लिए बनेगा दानरो क्लब

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक करते एसडीएम

**गढ़वा।** बुधवार को कॉफी विद एसडीएम कार्यक्रम में दानरो नदी किनारे बसे 20 गांवों के 40 प्रतिनिधि एकत्र हुए। एसडीएम संजय कुमार ने दानरो नदी के संरक्षण और जागरूकता के लिए दानरो महोत्सव की शुरूआत का प्रस्ताव रखा, जिसे सभी ने सर्वसम्मति से समर्थन दिया। अब अगले एक साल तक, पर्यावरण दिवस तक, दानरो नदी के तटीय इलाकों में वृक्षारोपण, नदी स्वच्छता, गंगा आरती, खुले में शौच के विरुद्ध अभियान, अवैध बालू उठाव और अतिक्रमण के खिलाफ अभियान जैसी कई गतिविधियां चलाई जाएंगी।

बैठक में तय किया गया कि दानरो के किनारे बसे सभी 28 गांवों में दानरो क्लब नाम से समितियां बनाई जाएंगी। हर क्लब में कम से कम 20 सदस्य होंगे, जो अपने गांव की नदी की स्वच्छता, संरक्षण और जागरूकता अभियान की जिम्मेदारी लेंगे।

इन क्लबों के माध्यम से स्थानीय स्तर पर नदी की निगरानी, वृक्षारोपण, नदी सौंदर्यीकरण, अतिक्रमण मुक्ति और खुले में शौच के विरुद्ध अभियान चलाए जाएंगे। कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य, ब्लॉक प्रमुख, मुखिया, बीडीसी, सामाजिक कार्यकर्ता, पर्यावरण प्रेमी और आम नागरिक शामिल रहे। सभी ने अपने-अपने सुझाव दिए जैसे नदी तटों पर वृक्षारोपण, अस्थायी बगीचे बनाना, मनरेगा के तहत नदी तट विकास, ग्राम सभा स्तर पर नियम बनाकर पालन कराना, और अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए प्रशासनिक सहयोग लेना। वक्ताओं ने माना कि दानरो नदी क्षेत्र के जीवन और पर्यावरण के लिए बेहद जरूरी है और इसके संरक्षण में प्रशासन और जनता दोनों को मिलकर काम करना होगा। एसडीएम ने भरोसा दिलाया कि प्रशासन हर गांव में नदी का सीमांकन कराएगा, जिससे संरक्षण की जिम्मेदारी तय हो सके। मौके पर देवगाना, गेरुआ, तिसरटेटुका, कोरवाडीह, टंडवा, जाटा, नवाडीह, छतरपुर, कल्याणपुर, डंडई, सहिजना, झलुवा, मधेया, भरटिया, हूर, फरटिया, करकोमा, खुटैलिया, करमडीह समेत कई गांवों के लोग शामिल हुए।

# जेसीबी से खुदाई पर बीडीओ ने की कड़ी कार्रवाई, तीन पर प्राथमिकी दर्ज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भवनाथपुर।** प्रखंड के मकरी पंचायत में मनरेगा योजना के तहत डोभा निर्माण में जेसीबी मशीन के उपयोग को लेकर बड़ी कार्रवाई की गई है। बीडीओ नंदजी राम ने उपविकास आयुक्त गढ़वा के निर्देश पर मेट कबूतरी देवी, लाभुक बाला प्रसाद यादव और अज्ञात जेसीबी मालिक के खिलाफ स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

बीडीओ द्वारा थाना में दिए गए लिखित आवेदन में बताया गया है कि सरिता देवी, पति बाला प्रसाद यादव के नाम से स्वीकृत योजना (कोडः 3407003013/आईएफ 7080903912104) में 29 मई 2025 को खुदाई के लिए जेसीबी मशीन का उपयोग किया गया। यह मनरेगा की गाइडलाइन का सीधा उल्लंघन है, जिसमें केवल श्रमिकों के माध्यम से कार्य कराना अनिवार्य है। जांच में स्पष्ट होने के बाद बीडीओ ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित तीनों पर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

इस कार्रवाई से मनरेगा कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने का संदेश गया है और अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि भविष्य में नियमों का उल्लंघन करने पर किसी को बख्शा नहीं जाएगा।

## AFFIDAVIT

Series No. 23-24/VI 17048
Before
The Executive Magistrate,
Sadar, Ranchi
I, PINTU KUMAR SINGH S/o Parasnath Singh resident of Anugarah Nagar, P.O. & P.S. Dhansar, Dist. Dhanbad, Jharkhand, do hereby solemnly affirm and declare as follows:-
1. That I am Indian Citizen and resident of above mentioned address.
2. That my son was previously known as Rudra Singh.
3. That now on my son's will be known as Rudra Pratap Singh.
4. both the names ie. Rudra Singh and Rudra Pratap Singh is the name of same and one person ie. my son.
5.That the statement made herein above are true and correct to the best of my knowledge.
Sworn and signed as this affidavit on this the 09th day of June 2025 at Ranchi.
340
09/06/2025.

# झामुमो की बैठक में भाषा विवाद और विधायक पर गंभीर आरोप


बैठक करते झामुमो नेता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा केन्द्रीय समिति, जिला कमिटी की बैठक पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के कल्याणपुर स्थित आवास पर जिलाध्यक्ष शम्भू राम की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में पलामू प्रमंडल में क्षेत्रीय भाषा के नाम पर शिक्षित बेरोजगार युवाओं को नियुक्तियों में आ रही समस्याओं पर चर्चा हुई। बैठक में झामुमो नेताओं ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि पलामू प्रमंडल के युवाओं के हित में हिन्दी भाषा को भी नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल करने के लिए मुख्यमंत्री से सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आग्रह किया जाएगा, ताकि तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग की सरकारी नौकरियों में स्थानीय युवाओं को अवसर मिल सके।

मौके पर झामुमो नेताओं ने बताया कि उन्होंने पहले ही मुख्यमंत्री को मगही, भोजपुरी और हिन्दी को नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल करने के लिए पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि झामुमो जमीनी पार्टी है और जनता के अधिकारों के लिए हमेशा संघर्षरत रहेगी। बैठक में यह भी कहा गया कि विधायक मद की योजनाओं का कोई हिसाब नहीं है और मुआवजा वितरण में भी पारदर्शिता नहीं है। वहीं, बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक की अनुपस्थिति और श्रद्धांजलि न देने पर भी सवाल उठाए गए।

बैठक में सचिव शरीफ अंसारी, तनवीर आलम, मनोज ठाकुर, राजकिशोर यादव, ताहिर अंसारी, श्रवण कुमार सिंह, शांति देवी, रेखा चौबे, अराधना सिंह, अंजली देवी, दीपमाला, बिरेंद्र प्रसाद, प्रकाश चंद्र पाठक, मनोज कुमार तिवारी, रामचंद्र राम, सुनील कुमार गौतम समेत कई सदस्य उपस्थित थे।

# जेसीबी खरीदने के नाम पर युवक से 25 हजार की ठगी

**खबर मन्त्र संवाददाता**


निरंजन कुमार

**रमना।** क्षेत्र में साइबर ठग लगातार नए-नए हथकंडों से लोगों को शिकार बना रहे हैं। ताजा मामला रमना प्रखंड के सिलीदाग पंचायत निवासी निरंजन कुमार के साथ घटित हुआ, जहां जेसीबी खरीदने के नाम पर एक साइबर ठग ने उससे 25,000 रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित निरंजन कुमार, पिता गोपाल साह ने बताया कि उसने फेसबुक पर एक जेसीबी मशीन बिक्री का विज्ञापन देखा। विज्ञापन में दिए गए लिंक पर जाकर उसने अपना नाम व मोबाइल नंबर सबमिट किया। इसके बाद छत्तीसगढ़ के रजिस्टर्ड एक व्यक्ति कुमार साहू, निवासी वार्ड-6, अम्बेडकर चौक, नहर पारा, रसोता, जांजगीर-चांपा के नाम से वीडियो कॉल आया। उस व्यक्ति ने खुद को एयरफोर्स से रिटायर्ड बताया और जेसीबी मशीन का रजिस्ट्रेशन, फोटो व अन्य दस्तावेज दिखाए। लंबी बातचीत के बाद जेसीबी की कीमत 8.5 लाख रुपये तय की गई। शर्त यह थी कि पहले 25 हजार रुपये अग्रिम देने पर गाड़ी भेज दी जाएगी और शेष राशि गाड़ी मिलने के बाद देनी होगी। निरंजन ने विश्वास कर 25 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। बाद में एक फोटो भेजकर बताया गया कि जेसीबी लोड हो गई है, बाकी रकम भेजिए। हालांकि एक सप्ताह बीत जाने के बाद न तो गाड़ी आई और न ही पैसे वापस मिले। जब ठग से संपर्क किया गया तो वह और पैसे मांगने लगा और फिर फोन उठाना बंद कर दिया। खुद को ठगा महसूस कर निरंजन कुमार ने रमना थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# विद्यालय की जमीन पर दबंगों का कब्जा, कार्रवाई की मांग

**मझिआंव।** नगर पंचायत के वार्ड संख्या 2 स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय रपुरा की सरकारी जमीन पर गांव के कुछ दबंगों द्वारा अवैध कब्जा कर खेती करने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी एवं प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को लिखित आवेदन देकर सरकारी भूमि को मुक्त कराने और दोषियों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। प्रधानाध्यापक लव कुमार पांडेय और ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय खाता संख्या 42 के प्लॉट संख्या 289, 283, 284, 285, 286, 288, 273, 274 तथा खाता संख्या 43 के प्लॉट 280 पर स्थित है। इन भूखंडों पर विद्यालय के बच्चे खेलकूद करते हैं, होलिका दहन होता है और देवस्थल भी है। शेष भूमि पर गौचारण होता है। लेकिन गांव के ही कुछ लोगों ने इन जमीनों पर अवैध रूप से खेती शुरू कर दी है और विद्यालय मरम्मत के लिए रखे बालू को भी मिट्टी में मिला दिया है। पूर्व में अंचल कार्यालय द्वारा दो बार जमीन की मापी कराई जा चुकी है, फिर भी अतिक्रमण नहीं रुका है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि विद्यालय की जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराकर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

## दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा

मंडल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची-834003, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, निम्नलिखित के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं; क्रमांक संख्या; निविदा सूचना संख्या; कार्य का नाम; निविदा मूल्य; बयाना राशि मूल्य: (1): डीआरएमईएनजीओआरएनसी -39-2025; रांची मंडल में [illegible] का निर्माण [illegible] एलसी गेट संख्या [illegible]-29, [illegible]-22, [illegible]-55 और [illegible]-1 को हटाना। ₹ 34,38,41,585.98; ₹ 18,69,200.00; (2): डीआरएमईएनजीओआरएनसी -40-2025; रांची मंडल में [illegible] का उन्नयन। ₹ 65,00,486.35; 1,30,000.00; निविदा बंद करने की तिथि और समय: 30.06.2025 को 15.00 बजे। निविदाकर्ता ऑनलाइन निविदा के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जा सकते हैं। (PR-257)

## न्यायालय, उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी, लातेहार

**अनुमति वाद संख्या–115/2025 आम इस्तेहार**

आवेदक साहेब गंझू, पिता–कईल गंझू, ग्राम–खिजुरीयाडीह बनवार, पो0–चेड़रा, थाना–बारियातु, जिला–लातेहार द्वारा मेसर्स एस0एम0 स्टील्स एण्ड पॉवर लिमिटेड, कार्यालय पता–ब्लॉक डी0पी0 पांचवा टॉवर, प्रथम तल्ला यूनिट 504 सेक्टर–5 कोलकत्ता वेस्ट बंगाल–700058 के साथ भूमि बिक्री हेतु अनुमति के लिए छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम की धारा–49 के अंतर्गत आवेदन पत्र दाखिल किया है।

**भूमि का विवरण**

| मौजा | खाता | प्लॉट | रकबा |
|---|---|---|---|
| बनवार | 7 | 6 | 0.24 |
| | | 5 | 0.15 |
| | | कुल– | 0.39 डी0 |

एतद् द्वारा हर आम व खाश को सूचित किया जाता है कि इस भूमि अंतरण के विरूद्ध किसी को आपत्ति हो, तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी के न्यायालय में आम–इस्तेहार निर्गत की तिथि से एक पक्ष (15 दिनों) के अंदर आपत्ति दायर कर सकते है। समय सीमा समाप्ति के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रभारी उप समाहर्त्ता,
जिला विधि शाखा, लातेहार

PR 354669 (District)25-26*D

# कृषि योग्य भूमि पर होल्डिंग टैक्स से राहत की मांग, समाजसेवी ने उपायुक्त को सौंपा आवेदन

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के किसानों की वर्षों पुरानी मांग एक बार फिर जोर पकड़ रही है। नगर क्षेत्र में लगभग 90 प्रतिशत भूमि कृषि योग्य है और यहां के अधिकांश लोग कृषि कार्य कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। ऐसे में इन किसानों को एक ओर जहां अंचल कार्यालय को भूमि राजस्व देना पड़ता है, वहीं दूसरी ओर नगर पंचायत द्वारा होल्डिंग टैक्स भी वसूला जा रहा है। यह दोहरी टैक्स वसूली किसानों के लिए भारी आर्थिक बोझ बन चुकी है। इसी मुद्दे को लेकर समाजसेवी गिरीश पांडेय ने जिले के उपायुक्त को एक लिखित आवेदन सौंपा है। आवेदन में उन्होंने बताया कि मझिआंव नगर पंचायत क्षेत्र के अधिकांश नागरिक कृषि पर निर्भर हैं, परंतु शहरी निकाय के दायरे में आने के कारण उनसे होल्डिंग टैक्स वसूला जा रहा है। उन्होंने मांग की है कि जिस प्रकार भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक अनंत प्रताप देव के प्रयास से बंशीधर नगर के किसानों की कृषि योग्य भूमि को होल्डिंग टैक्स से मुक्त किया गया, उसी तरह मझिआंव क्षेत्र के किसानों को भी यह राहत दी जाए। श्री पांडेय ने कहा कि नगर पंचायत बनने के बाद से लोगों को सरकारी योजनाओं और शहरी विकास का अपेक्षित लाभ नहीं मिल पाया है, लेकिन कर वसूली में कोई ढील नहीं दी गई। उनका कहना है कि अगर किसी जमीन का उपयोग आवासीय या व्यवसायिक नहीं है और केवल खेती के लिए किया जा रहा है, तो उस पर होल्डिंग टैक्स लगाना न केवल अन्याय है, बल्कि किसानों के साथ सीधा शोषण भी है।

# भूमि विवाद में दो सगे भाइयों के बीच खूनी संघर्ष, एक गंभीर, रांची रेफर

**खबर मन्त्र संवाददाता**


घायल

**मझिआंव।** कांडी थाना क्षेत्र के राजा घटहुआ गांव में पुरानी रंजिश और भूमि विवाद को लेकर दो सगे भाइयों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। इस घटना में एक पक्ष के बिंदु पासवान और उनके बेटे अनिल कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के संबंध में घायल बिंदु पासवान के पुत्र अनिल कुमार ने बताया कि उनके पिता और चाचा बिशु पासवान के बीच लंबे समय से भूमि विवाद चला आ रहा था। बुधवार को घर के समीप मवेशी के लिए रखे भूसे के पास आग जलाने को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि बिशु पासवान की पत्नी पार्वती देवी, बेटी मंजू देवी, नेहा देवी, नीमा देवी, दामाद गुड्डू पासवान, सुखाड़ी पासवान और चंद्र देव पासवान समेत करीब एक दर्जन लोगों ने लाठी, डंडा और टांगी से बिंदु पासवान पर हमला कर दिया। हमले में बिंदु पासवान के सिर, पीठ और प्राइवेट पार्ट पर गंभीर चोटें आईं और वे खून से लथपथ होकर बेहोश हो गए। बेटे अनिल कुमार ने उन्हें बचाने की कोशिश की तो हमलावरों ने उसकी भी पिटाई कर दी। परिजनों और ग्रामीणों की मदद से बिंदु पासवान को रेफरल अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए गढ़वा सदर अस्पताल और फिर रांची रेफर कर दिया गया। बिंदु पासवान की पत्नी ने आरोप लगाया कि पूर्व में भी आरोपितों द्वारा नक्सलियों से जान से मारने की धमकी दी गई थी।

# सड़क निर्माण अधर में, मेटल बिछाकर छोड़ देने से हादसे की आशंका



**धुरकी।** प्रखंड के मिचैर्या भाया शिवरी से पीडब्लूडी मुख्य सड़क तक बनने वाली करोड़ों की लागत की सड़क योजना अधर में लटक गई है। शिलान्यास के बाद पीडब्लूडी विभाग द्वारा लगभग 7 करोड़ की लागत से बनाई जा रही इस सड़क पर मेटल बिछाकर महीनों से काम रोक दिया गया है, जिससे ग्रामीणों और राहगीरों में भारी नाराजगी है। ग्रामीण रामवृक्ष चंद्रवंशी, रामप्रीत चंद्रवंशी, नवलेश कुमार, रंजीत कोरवा, झगडु कोरवा, रघुनाथ यादव, सरजू यादव, श्यामाराम, संतोष भुईयां, राम प्रसाद गोंड, रामस्वरूप गोंड, अजय चंद्रवंशी, अखिलेश यादव आदि ने बताया कि बिछाए गए अधूरे और उखड़े मेटल से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। कई बाइक सवार गिरकर घायल भी हो चुके हैं। ग्रामीणों ने कहा कि इससे तो पुरानी सड़क ही बेहतर थी। अब सड़क पर वाहन चलाना जोखिम भरा हो गया है। ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर एक सप्ताह के भीतर सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया।

# शिवेसर चंद्रवंशी डिग्री कॉलेज में नामांकन जारी

**मझिआंव।** प्रखंड अंतर्गत शिवेसर चंद्रवंशी डिग्री कॉलेज में सत्र 2025-29 के लिए बीए, बीएससी, बीकॉम तथा सत्र 2025-27 के लिए एमए, एमएससी, एमकॉम में नामांकन प्रक्रिया चल रही है। इच्छुक विद्यार्थी सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक नामांकन करवा सकते हैं। जानकारी देते हुए कॉलेज के प्राचार्य संजीत कुमार ने बताया कि वर्ष 2007 में स्थापित इस कॉलेज ने शैक्षणिक क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। यहां से पढ़े कई छात्र-छात्राएं आज विभिन्न उच्च पदों पर कार्यरत हैं। कॉलेज में तीनों संकायों के लिए योग्य और अनुभवी प्रोफेसर की टीम द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है। प्राचार्य ने बताया कि कॉलेज में छात्रों को छात्रवृत्ति, छात्राओं को सावित्रीबाई फुले योजना का लाभ, आधुनिक प्रयोगशाला, समृद्ध पुस्तकालय और एनएसएस जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

# भवनाथपुर सीएचसी में अव्यवस्था पर प्रखंड प्रमुख ने जताई नाराजगी


निरीक्षण के दौरान प्रखंड प्रमुख शोभा देवी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भवनाथपुर।** प्रखंड प्रमुख शोभा देवी ने भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया, जिसमें अस्पताल की गंभीर अव्यवस्थाएं उजागर हुईं। सुबह 9:40 बजे पहुंचे निरीक्षण के दौरान प्रमुख ने पाया कि ओपीडी में कोई चिकित्सक मौजूद नहीं था, रजिस्ट्रेशन और दवा वितरण काउंटर भी खाली थे।

केवल बड़ा बाबू सुनील कुमार पटेल कार्यालय में उपस्थित मिले। प्रभारी पदाधिकारी डॉ शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि ओपीडी की ड्यूटी उन्हीं की थी और वे उपस्थिति दर्ज कराने आए थे। अस्पताल में रोस्टर चार्ट नहीं होने पर प्रमुख ने नाराजगी जाहिर की और तत्काल रोस्टर चार्ट लगाने का निर्देश दिया। मरीज वार्ड में निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि बेड पर चादर तक नहीं बिछी थी और शौचालय में भारी गंदगी थी। उन्होंने प्रभारी चिकित्सक को फटकार लगाते हुए व्यवस्था सुधारने की नसीहत दी।

प्रमुख ने कहा कि तीन प्रखंडों को कवर करने वाला यह एकमात्र अस्पताल है और यहां इस तरह की लापरवाही चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि सरकार करोड़ों रुपये खर्च कर स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर करना चाहती है, लेकिन कर्मियों की लापरवाही से लोग वंचित रह जाते हैं। प्रमुख ने कहा कि इस संबंध में वे डीसी और सिविल सर्जन को पत्र लिखकर लापरवाह कर्मियों पर कार्रवाई की मांग करेंगी।

# अधौरा गांव में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**कांडी।** प्रखंड अंतर्गत शिवपुर पंचायत के अधौरा गांव में एसबीआई फाउंडेशन एवं स्वयंसेवी संस्था रोज के संयुक्त तत्वावधान में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चलंत चिकित्सावाहन के माध्यम से ग्रामीणों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। शिविर में करीब 25 मरीजों की जांच कर उन्हें दवा और उचित सलाह दी गई। डॉ विजय गोस्वामी द्वारा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें बीपी, मधुमेह और ईसीजी जैसी जांच शामिल थी। इस दौरान संगीता देवी का ईसीजी जांच भी किया गया। संस्था के प्रखंड को-ऑर्डिनेटर अमरेन्द्र कुमार ने बताया कि गढ़वा जिले के कांडी प्रखंड के अत्यंत पिछड़े 20 गांवों का चयन कर वहां स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई जा रही हैं। हर महीने चयनित गांवों में शिविर लगाया जाता है और हर 10 दिन के अंतराल पर स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित करने का निर्देश प्राप्त है।

## झारखण्ड सरकार
## स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग
## (माध्यमिक शिक्षा निदेशालय)

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि WP(C) No. 4070/2021, राधेश्याम सिंह बनाम् झारखण्ड राज्य एवं अन्य में दिनांक 02.05.2022 को माननीय उच्च न्यायालय, झारखण्ड, रांची द्वारा पारित न्यायादेश के अनुपालन हेतु माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, झारखण्ड, रांची के पत्रांक 1785 दिनांक 05.06.2025 द्वारा वादी श्री राधेश्याम सिंह, सेवानिवृत्त सहायक शिक्षक, परियोजना उच्च विद्यालय, देवीपुर को दिनांक 11.06.2025 को आहूत सुनवाई में उपस्थित होने हेतु पंजीकृत डाक के माध्यम से सूचित किया गया था तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी, कोडरमा के कार्यालय द्वारा Whatsapp एवं दूरभाष से भी सूचित किया गया, परंतु उनके द्वारा निर्धारित सुनवाई में न ही स्वयं उपस्थित हुए और न ही अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपनी उपस्थिति अथवा प्रतिनिधित्व दर्ज करायी गयी।

अतः इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से वादी श्री राधेश्याम सिंह, सेवानिवृत्त सहायक शिक्षक, परियोजना उच्च विद्यालय, देवीपुर को सूचित किया जाता है कि दिनांक 24.06.2025 को अपराह्न 12:30 बजे स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, एम.डी.आई. बिल्डिंग, धुर्वा, रांची में स्वयं उपस्थित होकर अथवा स्वयं द्वारा विधिवत् प्राधिकृत किए गए अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित तिथि को पक्ष नहीं रखे जाने की स्थिति में विभाग द्वारा उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर नियमानुकूल निर्णय लिया जायेगा।

ह0/–
संयुक्त सचिव,
स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग,
झारखण्ड, रांची

PR 354766 School Education and Literacy(25-26)#D

## झारखण्ड सरकार
## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़

**ई० अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सं० :–RE-01/RDSD/RAMGARH/01/2025-26 (2ND CALL)

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :– DMFT मद अन्तर्गत।

| क्र | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | ग्राम/पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि (रू०) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | RE/01/RDSD/RAMGARH/DMFT/06/2025-26 | रामगढ़ | वार्ड नं०– 02 | वार्ड नं०– 02 (छावनी परिषद) सतकौड़ी नगर में सुनिल बंसल के घर से मुकेश कुमार के घर तक पी०सी०सी० पथ, गार्डवाल एवं ढक्कल सहित नाली का निर्माण। | 6446400 | 129000 | 10000 | 06 (छः माह) |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक 14.06.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 14.06.2025 से 20.06.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 23.06.2025 अपराह्न 02:00 बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।
7. ई निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० :– 9162178293
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संबंधित संवेदक की होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,रामगढ़

PR 354643 (Rural Work Department)25-26*D

# विवाह संस्था पर चोट

देश भर में विवाह के बाद तुरंत बाद पति के हत्या के आरोप के मामले से पत्नी की गिरफ्तानी से सनसनी फैल गयी। सोनम की भूमिका, उसके पिता की फर्म के कर्मचारी की गिरफ्तारी तथा सोनम की रहस्यपूर्ण ढंग से गाजीपुर पहुंचने की कहानी कई संदिग्ध सवालों को जन्म दे रही है। लोगों के दिमाग में सवाल हैं कि दोनों परिवारों की सहमति से 11 मई को हुई शादी का यह दुखांत क्यों? हालांकि, राजा की हत्या बहुत ही सुनियोजित तरीके से की गई, लेकिन गाइड द्वारा राजा-सोनम के साथ तीन अन्य लोगों की उपस्थिति की बात ने मेघालय पुलिस को हत्या के तार जोड़ने में मदद की। हनीमून के दौरान हत्या की साजिश रचने वाली उसकी पत्नी भी शामिल है। सवाल है कि जब दोनों परिवारों की सहमति से विवाह हुआ तो यह दुखांत क्यों? हाल के दिनों में मेरठ व देश के अन्य भागों में प्रेमी से मिलकर पति की हत्या करने के कई मामलों ने विवाह संस्था पर मंडराते संकट पर चिंता बढ़ाई है। जैसा कि आरोप है कि उसने अपने पुराने प्रेम संबंधों के लिये राजा को अपनी राह से हटाया। हाथ की मेहंदी सूखने से पहले कत्ल किया जाना, हमारे समाज में बढ़ती संवेदनहीनता व अविश्वास को ही उजागर करता है। आखिर क्यों विवाह से पूर्व आरोपी ने घर वालों को दो टूक नहीं कहा कि वह किसी और से प्यार करती है? क्यों अपने व ससुराल पक्ष के लाखों रुपये शादी के नाम पर यूं ही जाया किये? घर में शादी की रौनक के बीच बेटे की लाश के आने का गम राजा के परिवार को सालों साल सालता रहेगा। निश्चित रूप से यह घटना करोड़ों रिश्तों में एक हुई है, लेकिन समाज में अविश्वास के बीज बोती तो नजर आती है।

## आज का राशिफल

**मेष :** कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानी पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-5-6-8

**वृष :** यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-6-7-8

**मिथुन :** शनै-शनै स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-2-6-9

**कर्क :** मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यो को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-6-7-9

**सिंह :** कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का परिणाम मिल जाएगा। शुभांक-4-6-7

**कन्या :** अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-4-6-8

**तुला :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-1-5-7

**वृश्चिक :** अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। शुभांक-5-6-8

**धनु :** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। समय पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-2-6-8

**मकर :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-5-6-9

**कुंभ :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मित्र से मिलन होगा। शुभांक-3-8-9

**मीन :** भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-3-5-6


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।


# भारत के नए सामर्थ्य का जयघोष



केंद्रीय रेल, इलेक्ट्रॉनिक्स, सूचना प्रौद्योगिकी और सूचना और प्रसारणमंत्री अश्विनी वैष्णव के इस लेख को अंग्रेजी के अखबार द इंडियन एक्सप्रेस ने 11 जून, 2025 के अंक में छापा है। प्रधानमंत्री ने इसी लेख का जिक्र एक्स पोस्ट पर किया है। वैष्णव ने लिखा है कि 11 वर्षों के समावेशी विकास ने लोगों को बेहतर भविष्य का दृढ़ विश्वास दिलाया है। हमने शुरू से ही 'अंत्योदय' पर काम किया। हमारा लक्ष्य पिरामिड के निचले हिस्से में रहने वाले लोगों का उत्थान रहा। इस लेख का भावानुवाद आप भी पढ़ सकते हैं।

वैष्णव लिखते हैं, एक नया भारत आकार ले रहा है- जहां प्रगति को केवल जीडीपी में नहीं, बल्कि सम्मान और अवसर में मापा जाता है। कडप्पा की एक गृहिणी अन्नम लक्ष्मी भवानी ने एक सफल जूट बैग निर्माण इकाई शुरू करने के लिए मुद्रा ऋण प्राप्त किया। हरियाणा में जगदेव सिंह एक एआई ऐप का उपयोग करके अपनी फसलों से संबंधित निर्णय लेते हैं। मीरा मांझी को उज्ज्वला के तहत एलपीजी कनेक्शन मिलता है। इससे उनकी रसोई धुआं रहित हो जाती है और वे अपने बच्चों के साथ अधिक गुणवत्तापूर्ण समय बिता पाती हैं। ये भारत भर के गांवों, कस्बों और शहरों की रोजमर्रा का सच है। ये परिवर्तन संरचनात्मक सुधारों और एक ऐसे नेतृत्व से उत्पन्न होते हैं जो अंतिम नागरिक (अंत्योदय) को सशक्त बनाने में विश्वास करता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में निर्देशित यह दृष्टि चार सरल लेकिन शक्तिशाली स्तंभों पर आधारित है। इनके तहत ऐसा बुनियादी ढांचा बनाना पड़ता है जो जोड़ता हो। विकास समावेशी हो। विनिर्माण रोजगार पैदा करने वाला हो। सशक्त करने वाली ऐसी प्रणालियों को सरल बनाना भी इसमें प्रमुख कारक है। पिछले 11 वर्षों में पूंजीगत व्यय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो 2025-26 में 11.2 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। सार्वजनिक निवेश में यह उछाल भारत के बुनियादी ढांचे-भौतिक, डिजिटल और सामाजिक में सबसे अधिक दिखाई देता है। इस अवधि में लगभग 59,000 किलोमीटर राजमार्ग बनाए गए हैं और 37,500 किलोमीटर से अधिक रेलवे ट्रैक बिछाए गए हैं। हाल ही में चिनाब और अंजी पुलों का उद्घाटन किया गया। यह एक आधुनिक भारत के प्रतीक हैं। कश्मीर के लोगों को इन पुलों के माध्यम से वंदे भारत का आगमन एक सपने जैसा लगा।

कनेक्टिविटी की यह भावना रेलवे से आगे बढ़कर डिजिटल हाइवे तक जाती है। भारत का डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा (डीपीआई) एक वैश्विक बेंचमार्क बन गया है। यूपीआई, आधार और डिजिलॉकर का अब उनके पैमाने और समावेशिता के लिए वैश्विक स्तर पर अध्ययन किया जाता है। हर दिन 141 करोड़ से अधिक आधार पंजीकरण और 60 करोड़ यूपीआई लेनदेन उनकी पहुंच और स्वीकृति को दर्शाते हैं कि इसके पीछे का विचार प्रौद्योगिकी का लोकतंत्रीकरण करना है। यही दृष्टिकोण इंडिया एआई मिशन को आगे बढ़ाता है। 34,000 से अधिक हाई-स्पीड कंप्यूटर चिप्स, जिन्हें जीपीयू के नाम से जाना जाता है, अब सभी के लिए वैश्विक लागत के सिर्फ एक-तिहाई पर उपलब्ध हैं। एआई विकास के हिस्से के रूप में इन चिप्स की जरूरत है। इसे और ज्यादा समर्थन देने के लिए,एआईकेओएसएचअ प्लेटफर्म सीखने और नवाचार के लिए 370 से अधिक डेटासेट और 200 से अधिक इस्तेमाल के लिए तैयार एआई मॉडल पेश करता है।



-अश्विनी बैष्णव

> सार्वजनिक निवेश में यह उछाल भारत के बुनियादी ढांचे-भौतिक, डिजिटल और सामाजिक में सबसे अधिक दिखाई देता है। इस अवधि में लगभग 59,000 किलोमीटर राजमार्ग बनाए गए हैं और 37,500 किलोमीटर से अधिक रेलवे ट्रैक बिछाए गए हैं। हाल ही में चिनाब और अंजी पुलों का उद्घाटन किया गया। यह एक आधुनिक भारत के प्रतीक हैं।

सुलभता पर यह फोकस तकनीक से आगे बढ़कर शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और बुनियादी सेवाओं तक फैला हुआ है। पिछले 11 वर्षों में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 387 से बढ़कर 780 हो गई है और एम्स संस्थानों की संख्या सात से बढ़कर 23 हो गई है। एमबीबीएस और पीजी सीटें भी दोगुनी से ज्यादा हो गई हैं। 530 मिलियन से अधिक जन धन खाते खोले गए हैं - जो यूरोप की आबादी से भी ज्यादा है। चालीस मिलियन घर बनाए गए हैं, 120 मिलियन शौचालयों का निर्माण किया गया है और 100 मिलियन परिवार अब लकड़ी की आग के बजाय स्वच्छ एलपीजी से खाना बनाते हैं। ₹हर घर जल₹ के तहत 140 मिलियन घरों में नल के पानी के कनेक्शन भी पहुंच गए हैं। आयुष्मान भारत के तहत स्वास्थ्य बीमा 350 मिलियन लोगों को कवर करता है और 110 मिलियन किसान अब पीएम-किसान के माध्यम से प्रत्यक्ष आय सहायता प्राप्त करते हैं। अब उनके घर में नल का पानी, हर महीने मुफ्त राशन और उज्ज्वला योजना के तहत धुआं रहित रसोई है।

यह समावेशी विकास का ऐसा आयाम है जो हमारे हाल के इतिहास में किसी भी अवधि में नहीं देखा गया। साल 2015 में हमने रोजगार सृजन और औद्योगिक विकास को पुनर्जीवित करने के लिए मेक इन इंडिया की शुरूआत की। आज, इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण छह गुना बढ़कर 12 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है। इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात आठ गुना बढ़कर तीन लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है और शीर्ष निर्यातित वस्तुओं में से एक बन गया है। भारत अब दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल फोन उत्पादक है। हम अब नई इलेक्ट्रॉनिक घटक विनिर्माण योजना के तहत इलेक्ट्रॉनिक घटकों का उत्पादन करके विनिर्माण मूल्य श्रृंखला को गहरा कर रहे हैं। इसके साथ ही, भारत का सेमीकंडक्टर मिशन ब्लूप्रिंट से सफलता की ओर बढ़ रहा है। देश की पहली वाणिज्यिक प्रयोगशाला निमार्णाधीन है। पांच ओएसएटी इकाइयां चल रही हैं। देश में छात्रों और इंजीनियरों के स्वदेशी आईपी वाले 20 से अधिक चिपसेट डिजाइन किए गए हैं। हमने 270 विश्वविद्यालयों को विश्व स्तरीय ईडीए उपकरणों से जोड़ा है। यह एक सेमीकंडक्टर प्रतिभा पाइपलाइन की नींव है जिस पर दुनिया भरोसा कर सकती है।

पिछले दशक की एक खामोश क्रांति हमारे शासन में हुई है। 1,500 से ज्यादा पुराने कानून निरस्त किए गए और 40,000 से अधिक अनुच्छेद समाप्त किए गए। टेलीकॉम एक्ट और डीपीडीपी एक्ट जैसे नए कानून विश्वास और सरलता पर आधारित हैं, जो नागरिकों के साथ सम्मान के साथ पेश आते हैं। इसने निवेश, नवाचार और औपचारिकता को बढ़ावा दिया है, जिससे एक सद्गुणी विकास चक्र बना है। आतंकवाद के प्रति भारत का दृष्टिकोण भी बदल गया है। सर्जिकल स्ट्राइक से लेकर एयर स्ट्राइक और अब ऑपरेशन सिंदूर तक। यह तीन स्तंभों पर आधारित है। भारत की शर्तों पर निर्णायक जवाबी कार्रवाई, परमाणु ब्लैकमेल के लिए शून्य सहिष्णुता और आतंकवादियों और उनके प्रायोजकों के बीच कोई भेद नहीं। इस बार हमारी प्रतिक्रिया ने स्वदेशी तकनीकों और क्षमताओं का उपयोग करके इसे और भी महत्वपूर्ण बना दिया। 2004 में अटल बिहारी वाजपेयी जी के कार्यकाल के अंत में भारत दुनिया की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था थी। 2004 से 2014 के बीच भारत 11वें स्थान पर ही रहा। यह एक दशक की चूक को दशार्ता है।

(केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार)

## लेटर टू एडिटर

### सौर ईंधन

**देश** में पेट्रोल-डीजल की खपत में लगातार बढ़ोतरी होती जा रही है। जब खपत में वृद्धि होगी तो इसकी कीमतों में भी उछाल आएगा। ऐसी स्थिति में सरकार को सौर ऊर्जा संयंत्रों और इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर ध्यान देने की जरूरत है। हाल ही में चीन ने सौर ऊर्जा से चलने वाले वाहन बनाए हैं जो सूर्य ऊर्जा न रहने पर भी काम करेगा। इस पर तकनीकी रूप से बहुत ज्यादा काम हुआ है। भारत को भी ऐसा करने की जरूरत है। तभी पेट्रोल-डीजल की खपत और और इसकी बढ़ती कीमतों से निजात मिल सकती है।

**-राहुल उपाध्याय, रांची**

### नशे का कारोबार

**देश** में बढ़ते नशीले पदार्थों की तस्करी पर चिंता व्यक्त करने वाला था। देश में नशीले पदार्थों की चोरी-छिपे खेप पड़ोसी देश अफगानिस्तान से ईरान के रास्ते हमारे देश में पहुंचती है। नशीले पदार्थों के गोरख धंधों के लिए इंटरनेट की आधुनिक तकनीक तथा कोरियर सर्विस का इस्तेमाल किया जा रहा है। **- रवि, गुमला**

## ट्वीट

**कोडरमा**-बरकाकाना रेल लाइन के दोहरीकरण को स्वीकृति देने हेतु माननीय प्रधानमंत्री जी एवं रेल मंत्री श्री अश्विनी बैष्णव जी का आभार।133किमी लम्बी यह परियोजना कोडरमा सहित पूरे क्षेत्र की कनेक्टिविटी को नई रफ्तार देगी,यात्रियों का समय बचेगा और माल ढुलाई और तेज होगी।- **अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**

**सामाजिक** समरसता के प्रति आजीवन समर्पित रहे संत कबीरदास जी को उनकी जयंती पर मेरा कोटि-कोटि नमन। उनके दोहों में जहां शब्दों की सरलता है, वहीं भावों की प्रगाढ़ता भी है। इसलिए आज भी भारतीय जनमानस पर उनका गहरा प्रभाव है।

**- नरेन्द्र मोदी, पीएम**

# नौपता के बाद झुलसता जीवन

सामयिक

**मुकुंद**

मान्यता है कि भारत में नौपता के दिनों में सबसे अधिक गर्मी पड़ती है। यह बात अलग है कि इस बार नौतपा के नौ दिनों ने अधिक नहीं सताया। नौतपा खत्म होने के बाद पड़ रही गर्मी ने हाल-बेहाल कर दिया है। नौतपा पर कहावत है,"तपै नवतपा नव दिन जोय, तौ पुन बरखा पूरन होय"। इसका अर्थ है कि यदि नौतपा के नौ दिन खूब तपते हैं, तो बारिश अच्छी होगी।

यह एक अवधि है मानी जाती है। अब तक का यह शाश्वत सत्य है कि जब सूर्य रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करता है तो गर्मी अपने चरम पर होती है। यह कहावत नौतपा के गर्मी के प्रभाव और उसके मानसून पर पड़ने वाले प्रभाव के बीच सीधे संबंध को रेखांकित करती है। दो दिन हवा न चले तो कातरे (फसलों को नष्ट करने वाले कीट) बहुत होंगे । तीसरे दो दिन हवा न चले तो टिड्डी दल के आने की आशंका रहती है । चौथे दिन हवा न चलने पर बुखार आदि रोगों का प्रकोप बढ़ जाता है । पांचवें दो दिन हवा न चलने पर अल्प वर्षा होती है। छठे दो दिन लू न चले तो जहरीले जीव-जन्तुओं (सांप-बिच्छू आदि) की बहुतायत हो जाती है। सातवें दो दिन हवा न चले तो आंधी चलने की आशंका रहती । सरल अर्थ में सार यह है कि अधिक गर्मी पड़ने से चूहों, कीटों व अन्य जहरीले जीव-जन्तुओं के अंडे समाप्त हो जाते हैं, क्योंकि यह उनका प्रजनन काल होता है । इस समय लगभग सारा देश गर्मी से झुलस रहा है। कुछ राज्य बरसात होने से राहत महसूस कर रहे हैं। झुलसाती गर्मी रात को भी पीछा नहीं छोड़ रही। भारत मौसम विज्ञान विभाग के आज सुबह के पूवार्नुमान ने तो डरा ही दिया है। इसमें साफ कहा गया है कि अगले चार दिन तक उत्तर-पश्चिम भारत में बढ़ते अधिकतम तापमान से कोई राहत मिलने के आसार नहीं हैं। हालांकि उसके बाद धीरे-धीरे दो से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने से गर्मी से राहत मिल सकती है। इसके अलावा अगले दो से तीन दिन के दौरान मध्य और पूर्वी भारत में अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है।

इस समय देश की राजधानी दिल्ली भी भीषण गर्मी से कराह रही है। 10 जून को तापमान 43.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है। आज अधिकतम तापमान के 44 से 46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का पूवार्नुमान लगाया है। नोएडा, गाजियाबाद और फरीदाबाद जैसे पड़ोसी शहर भी गर्मी के प्रकोप से अछूते नहीं हैं। कल यानी 10 जून को तो पंजाब के भटिंडा में अधिकतम तापमान 47.6 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। इसके उलट महाराष्ट्र के नांदेड़ में न्यूनतम तापमान 19.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 16 जून तक पश्चिमी राजस्थान के कई इलाकों में गर्म हवाएं चलने का पूवार्नुमान जारी किया है।

पूर्वी उत्तर प्रदेश भी तप रहा है। पंजाब, जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, गिलगित-बाल्टिस्तान-मुजफ्फराबाद, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, उत्तरी मध्य प्रदेश को 12 जून को भी झुलसाने वाली हवा से छुटकारा मिलने के आसार नहीं हैं। पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा, पंजाब और हरियाणा में सूरज आग उगल रहा है। वैज्ञानिकों को मौसम में बदलाव 16 जून से शुरू होने की उम्मीद है। मगर कुछ जगह इससे पहले ही कुछ राहत मिल सकती है। मसलन उत्तराखंड के कुछ हिस्सों में 12 जून से ही गरज के साथ बादल जमकर बरस सकते हैं।

हालांकि देश के अलग-अलग हिस्सों में जारी चक्रवाती प्रसार व हवाओं के ट्रफ से आंध्र प्रदेश, तटीय कर्नाटक, आंतरिक कर्नाटक, केरल और माहे, मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ा, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल और तेलंगाना के अलग-अलग हिस्सों में भारी बारिश होने की आशंका जताई गई है। इन सभी राज्यों में 64.5 से 115.5 मिलीमीटर तक बारिश हो सकती है।

असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली हवाओं के साथ भारी बारिश के बीच आसमानी बिजली गिरने के आसार हैं। पूर्वोत्तर भारत के इन राज्यों में भी 64.5 से 115.5 मिलीमीटर तक पानी बरस सकता है। बिहार, छत्तीसगढ़ और विदर्भ के अलग-अलग हिस्सों में 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तूफानी हवा चलने के आसार हैं। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, 14 जून के आसपास मध्य और आसपास के पूर्वी भारत के कुछ और हिस्सों में मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल बताई जा रही हैं।

# .जो दिल खोजा आपना, मुझसे बुरा न कोय

समाज

**योगेश कुमार गोयल**

**मध्यकालीन** युग के महान कवि संत कबीर दास की 11 जून को जयंती है। इस अवसर पर उनका प्रसिद्ध दोहा याद आता है- बुरा जो देखन मैं चला, बुरा न मिलिया कोय, जो दिल खोजा आपना, मुझसे बुरा न कोय इसका अर्थ है कि जब मैं दूसरों की बुराई देखने निकला, तो मुझे कोई भी बुरा नहीं मिला। लेकिन जब मैंने अपने दिल में झांककर देखा, तो मुझे समझ आया कि मुझसे बुरा कोई नहीं है। यह दोहा आज भी हमें आत्म-चिंतन करने और खुद को सुधारने की प्रेरणा देता है। कबीर दास कहते हैं कि दूसरों की बुराई देखने से बेहतर है कि हम खुद को देखें और अपनी गलतियों को सुधारें। इस दोहे की शिक्षा है-हमें दूसरों की बुराई देखने के बजाय अपनी कमियों पर ध्यान देना चाहिए। हमें बदलाव की शुरूआत खुद से करनी चाहिए। हमें हमेशा विनम्र रहना चाहिए। यह दोहा हमें आत्म-चिंतन के लिए भी प्रेरित करता है।संत कबीर ने अपना सारा जीवन देशाटन करने और साधु-संतों की संगति में व्यतीत किया है और अपने उन्हीं अनुभवों को उन्होंने मौखिक रूप से कविताओं अथवा दोहों के रूप में लोगों को सुनाया। अपनी बात लोगों को बड़ी आसानी से समझाने के लिए उन्होंने उपदेशात्मक शैली में लोक प्रचलित और सरल भाषा का प्रयोग किया। उनकी भाषा में ब्रज, अवधी, पंजाबी, राजस्थानी तथा अरबी फारसी के शब्दों का मेल है। अपनी कृति सबद, साखी, रमैनी में उन्होंने काफी सरल और लोक भाषा का प्रयोग किया है। गुरु के महत्व को सर्वोपरि बताते हुए समाज को उन्होंने ज्ञान का मार्ग दिखाया।

कबीर जयंती प्रतिवर्ष ज्येष्ठ माह की शुक्ल पक्ष पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है। यह इस वर्ष 11 जून को मनाई जाएगी। माना जाता है कि इसी पूर्णिमा को विक्रमी संवत 1455 सन् 1398 में उनका जन्म काशी के लहरतारा ताल में हुआ था। संत कबीर सदैव कड़वी और खरी बातें करने वाले ऐसे स्वच्छंद विचारक थे, जिन्होंने समाज में फैली कुरीतियों, कर्मकांड, अंधविश्वास, अंधश्रद्धा, आडम्बरों की कड़ी आलोचना करते हुए समाज में प्रेम, सद्भावना, एकता और भाईचारे की अलख जगाई। उन्होंने अपने दोहों और वाणी के माध्यम से धर्म के नाम पर आम जनता को दिग्भ्रमित करने वाले काजी, मौलवी, पंडितों, पुरोहितों को आईना दिखाने का भी साहसिक प्रयास किया।

संत कबीर नित्य प्रति सत्संग किया करते थे और लोग दूरदराज से भी उनके प्रवचन सुनने आया करते थे। उनकी वाणी में ऐसी अद्भुत ताकत थी कि लोग उनका सत्संग सुनने अपने आप ही दूर-दूर से उनकी ओर खिंचे चले आते थे। लालटेन जलाते हैं और मीठे के बदले यहां नमकीन मिलती है। यही सोचकर उसने चुपचाप वहां से खिसकने के इरादे से कहा कि महाराज! मैं अब चलता हूं।

कबीर ने उससे पूछा कि आपको अपनी समस्या का समाधान मिला या अभी भी कोई संशय शेष है? उस व्यक्ति को कुछ समझ नहीं आया और वह आश्चर्य से उनकी ओर देखने लगा तो संत कबीर ने उसे समझाते हुए कहा कि जिस प्रकार मैंने दोपहर की रोशनी में भी लालटेन मंगवाई तो मेरी धर्मपत्नी मुझे ताना मारते हुए कह सकती थी कि मैं सठिया गया हूं, जो इस दोपहरी में भी लालटेन मंगवा रहा हूं लेकिन उसने सोचा कि अवश्य ही मुझे किसी काम के लिए लालटेन की जरूरत होगी। इसी प्रकार मेरे मीठा मंगवाने पर जब वह नमकीन देकर गई तो मैं भी उससे बहस कर सकता था लेकिन मैंने विचार किया कि संभवतः घर में कोई मीठी वस्तु नहीं होने पर ही वह नमकीन देकर गई है। आखिर गृहस्थ जीवन में ऐसे बातों को लेकर तकरार का क्या अर्थ? अगर पति से कोई गलती हो जाए तो पत्नी संभाल ले और पत्नी से कोई गलती होने पर पति प्उसे नजरअंदाज कर दे।

**भारत-पाक तनाव के बीच उधमपुर से श्री नगर की रेललाईन पर सफलता पूर्वक रेल संचालन का ट्रायल। सौजन्य अजय सानी**




## कार्टून वर्ल्ड



## स्पीड न्यूज

### सयाल मोड़ तक बनेगा टु-लेन रोड



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी के पहल पर पतरातू प्रखंड के चैनगडा से चोरधरा होते हुए सयाल मोड तक टू लेन सड़क का निर्माण के लिए पथ निर्माण विभाग रांची द्वारा डीपीआर तैयार करने का आदेश दिया गया है। यह सड़क पहले कोल माइंस हजारीबाग के अधीन था जिसके कारण इस सड़क पर कोई मरम्मति का कार्य नहीं हो पा रहा था। हजारीबाग के तत्कालीन सांसद सह वित्त एवं विदेश मंत्री यशवंत सिन्हा के पहल पर सीमा सड़क संगठन भारत सरकार के द्वारा इस पथ की मरम्मती हुई थी। जिसके बाद इस सड़क का ना तो कोई मरम्मती कार्य हुई और ना ही कोई मरम्मती करने का पहल किया गया। विधानसभा चुनाव के दौरान रोशन लाल चौधरी ने जनसंपर्क के दौरान क्षेत्र की जनता ने टु लेन सड़क निर्माण की मांग की थी। जिसके आलोक में विधायक रोशन लाल चौधरी के पहल पर पथ निर्माण विभाग रांची ने टू लेन सड़क निर्माण के लिए डीपीआर तैयार करने का आदेश दिया है। साथ ही निर्देश दिया है कि जल्द से जल्द सड़क का डीपीआर तैयार कर विभाग को उपलब्ध कराया जाए। उक्त जानकारी भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र कुमार महतो ने दी जानकारी।

### सेवानिवृत शिक्षिका शशिकला का निधन



**रामगढ़।** श्री श्री चित्रगुप्त महापरिवार रामगढ़ के पैटर्न सदस्य सह विद्यानगर रामगढ़ कैंट निवासी बी पी सिन्हा की धर्मपत्नी शशिकला देवी का मंगलवार को निधन हो गया। बुधवार को उनकी अंतिम यात्रा में समाज के कई लोग शामिल हुए । वह अपने पीछे पांच पुत्र एवं तीन पुत्री सहित भरापूरा परिवार छोड़ गई हैं। वह छावनी परिषद कन्या मध्य विद्यालय से सेवानिवृत हुई थी। उनके अंतिम दर्शन के लिए उनके आवास पर समाज सेवी सहित कई राजनीतिक दलों के नेता भी पहुंचे। मुखाग्नि छोटे पुत्र राजेश सिन्हा ने दी। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा रामगढ़ जिला अध्यक्ष अरुण कुमार सिन्हा ने केंद्रीय विद्यालय रामगढ़ के अध्यापक रहे वासुदेव प्रसाद सिन्हा की धर्मपत्नी शशिकला देवी के निधन पर गहरा शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि उनके आकस्मिक निधन से कायस्थ समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने कहा हमने अपने परिवार के एक महत्पूर्ण स्तंभ को खो दिया है। वह शिक्षिका के रूप में प्रसिद्ध थी। निधन पर राष्ट्रीय मंत्री अमित कुमार सिन्हा,राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री डॉ शंभु प्रसाद,प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिन्हा,वरिष्ठ नेता रंजीत कुमार सिन्हा,रणंजय कुमार उर्फ कुंटु बाबू, डॉ के चंद्रा आदि ने शोक संवेदना व्यक्त किया है।

### सीकेएस ने जीएम को सौंपा ज्ञापन



**कुजू।** सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ के कुजू क्षेत्रीय सचिव रतन प्रसाद ने विभिन्न समस्याओं को लेकर सीसीएल महाप्रबंधक को आवेदन सौपा है। जिसमे उन्होंने कहा है कि जेबीसीसीआई की बैठक में यह तय हुआ था कि सीसीएल सभी कर्मचारियों को माह में एक गैस सिलेंडर मुफ्त दिया, जाएगा। जिसके एवज में गैस सिलेंडर मूल्य का भुगतान होगा। लेकिन पिछले कुछ माह से बढ़े हुए सिलेंडर के दाम के जगह पूर्व के दाम 860 .50 रुपए भुगतान किया जा रहा है। जबकि वर्तमान में गैस सिलेंडर 910 .50 रुपए में मिल रहा है। उन्होंने जब से सिलेंडर में वृद्धि हुई है, तब से लेकर कुल राशि का भुगतान करने का मांग किया है। वही उन्होंने सीसीएल कर्मचारियों के बकाया 13 दिन के वेतन भुगतान की भी मांग किया है।

### कुजू : घायल बाइक सवार की मौत

कुजू। कुजू ओपी क्षेत्र के सांडी स्थित प्रेम लाइन होटल के पास से पूराना एनएच 33 सड़क पर मंगलवार को ट्रक की चपेट में आकर घायल हुए बाइक सवार की मौत इलाज के दौरान रांची रिम्स में हो गयी। कुजू पुलिस ने शव को अंत्यपरीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया। ज्ञात हो कि कोयला लोड ट्रक संख्या जेएच 02 बीएन- 6237 रामगढ़ से कुजू की ओर आ रहा था। इसी बीच पल्सर बाइक संख्या जेएच24जी-7361 को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक पर रमेश करमाली (40 वर्ष) पिता लालजी करमाली चौरा कसमार बोकारों निवासी गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया था। जहां उसकी मौत हो गयी।

### रेवाली में लाखों की संपत्ति चोरी



कटकमदाग। थाना क्षेत्र के रेवाली गांव में चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है, जहां एक बंद घर को चोरों ने निशाना बनाकर लाखों रुपये के जेवरात और नगद राशि पर हाथ साफ कर दिया। पीड़िता रूनम श्रीवास्तव, पति राजीव रंजन ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है कि 6 जून को वे अपने परिवार सहित एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए बाहर गई थीं और 11 जून की सुबह लगभग 5 बजे जब वे घर लौटीं, तो देखा कि मुख्य दरवाजे के ताले टूटे हुए थे। घर के अंदर रखी गोदरेज की अलमारी का लॉक भी टूटा हुआ पाया गया, और सारा सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी में रखे सोने-चांदी के गहनों समेत नगद 10,000 गायब थे। चोरी गए सामान में चार जोड़ी चांदी की पायल, दो सोने के नेकलेस, तीन सोने की चेन, मंगलसूत्र, दो टीका, दो नथ, तीन नाक की अंगूठी, चार कंगन, चांदी का ग्लास, मछली, चम्मच, पानपत्र, कोली, लोटा, विधिया (5 जोड़ी), बालक का चांदी का सामान, और चांदी का सूप शामिल है। पीड़िता ने थाना प्रभारी से निवेदन किया है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित जांच की जाए और चोरों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर उनके चोरी गए सामान को बरामद किया जाए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

# हजारीबाग में डॉक्टर या जादूगर?

## एक ही इंसान दो जगह कैसे कर रहा ड्यूटी

खबर मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग।** क्या कोई इंसान दो जगह एक साथ मौजूद हो सकता है? विज्ञान का जवाब होगा, नहीं! लेकिन झारखंड के स्वास्थ्य महकमे में यह अब आम होता जा रहा है। हजारीबाग और टंडवा के बीच चल रही एक डॉक्टर की आवाजाही ने मेडिकल सिस्टम की पोल खोल दी है।

पूरा मामला डॉक्टर सुदीप कुमार का है, जिनका नाम हजारीबाग के नवाबगंज इलाके के एक निजी अल्ट्रासाउंड सेंटर परमार्थी अल्ट्रासाउंड में दर्ज है। लेकिन रुकिए, सरकारी दस्तावेजों के अनुसार, डॉ. सुदीप की पोस्टिंग टंडवा के एक सरकारी अस्पताल में है। तो सवाल ये है कि जब डॉक्टर सरकारी ड्यूटी पर टंडवा में होने चाहिए, तो हजारीबाग के इस सेंटर पर अल्ट्रासाउंड कौन कर रहा है? हमारे संवाददाता जब मंगलवार को दोपहर 12:30 बजे अल्ट्रासाउंड सेंटर पहुँचे, तो वहाँ दर्जनों मरीज मौजूद थे, अल्ट्रासाउंड हो रहे थे, लेकिन डॉक्टर खुद नदारद थे। पूछने पर स्टाफ ने बताया कि डॉक्टर साहब अभी टंडवा निकल गए। यानी डॉक्टर कुछ ही मिनट पहले वहाँ थे। अब असली रहस्य यहीं से शुरू होता है। क्या डॉक्टर टंडवा में भी अपनी हाजिरी लगा रहे हैं? अगर हाँ, तो फिर वे हजारीबाग में कैसे सेवा दे रहे हैं? और अगर नहीं, तो क्या सरकारी रिकॉर्ड में फजी हाजिरी लग रही है?सिविल सर्जन डॉ. सत्य प्रकाश सिंह ने इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अगर किसी सेंटर पर बिना रजिस्ट्रेशन के अल्ट्रासाउंड हो रहा है या डॉक्टर की उपस्थिति संदिग्ध है, तो यह मेडिकल एक्ट का गंभीर उल्लंघन है, और कड़ी कार्रवाई होगी। जब डॉक्टर सुदीप से सीधे सवाल किया गया, तो उन्होंने सफाई दी कि वे छुट्टी के दिन ही निजी सेंटर में कार्य करते हैं। लेकिन सवाल यह है कि हर बार क्या छुट्टी ही होती है?उन्होंने पत्रकार से मिलकर बात करने की बात कही। अगर डॉक्टर दो जगह सेवा दे रहे हैं, तो सिस्टम से कौन खेल रहा है, सरकारी नौकरी, मरीजों का भरोसा या कानून का मजाक? जवाब अब प्रशासन के पास है।




# अशोक हेल्थ केयर में महिला की मौत

## परिजनों ने अस्पताल में किया तोड़फोड़

खबर मन्त्र संवाददाता




**कुजू।** दिगवार चौक स्थित अशोक हेल्थ केयर एंड ट्रामा सेंटर में बुधवार को इलाजरत महिला की मौत हो गयी। मौत की सूचना के बाद मृतका के मायके वाले व ग्रामीणों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा व तोड़फोड़ किया। घटना की सूचना पाकर पहुंचे कुजू ओपी प्रभारी आशुतोष सिंह सदलबल के साथ अस्पताल पहुंचे। उन्होंने मामले को शांत कराने का प्रयास किया। जिस पर परिजनों ने मुआवजा देने व आरोपियों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की। 3 घंटे के मशक्क्त के बाद आशुतोष सिंह ने मामले को शांत कराया। शव को अंत्यपरीक्षण के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल भेज दिया। अस्पताल संचालक अशोक कुशवाहा ने कुजू ओपी पहुंचकर पुलिस को अपने आप को हवाले किया। मामले को लेकर कुजू पुलिस जांच में जुटी है। वहीं मृतका के पिता सुगदेव यादव ने अपनी पुत्री के मौत पर अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ कुजू ओपी में आवेदन देकर उचित कार्रवाई की मांग की है। आशा देवी (24 वर्ष) पति त्रिगुनि गोप अंगबाली पेटवार निवासी एक माह पूर्व अपने मायके दिगवार पोचरा नीम टोला आयी हुई थी। इस बीच मंगलवार को सास लेने में समस्या को लेकर आशोक हेल्थ केयर एंड ट्रामा सेंटर में भर्ती हुई। बुधवार सुबह करीब 9 बजे आशा देवी को सांस लेने में अधिक समस्या होने लगी। इसके बाद नर्स ने आशा को इंजेक्शन दिया। जिसके बाद उन्होंने दम तोड़ दिया। मौत के बाद परिजनों सहित ढाई साल की पुत्री व दो माह का पुत्र का रो-रो कर बुराहाल था।

## सांसद मनीष जायसवाल का प्रयास लाया रंग

**कोडरमा-हजारीबाग-बरकाकाना रेल लाइन दोहरीकरण को कैबिनेट दी मंजूरी**

**हजारीबाग।** 11 जून हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक बन गया है। केंद्र सरकार की कैबिनेट बैठक में कोडरमा-हजारीबाग-बरकाकाना रेल मार्ग के दोहरीकरण को मंजूरी दे दी गई है। यह मंजूरी सांसद मनीष जायसवाल के लगातार प्रयासों का परिणाम है, जिन्होंने संसद से लेकर रेल मंत्रालय तक इस योजना के लिए आवाज बुलंद की थी। 133 किलोमीटर लंबे इस रेल मार्ग के दोहरीकरण पर लगभग 3,063 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसमें 17 बड़े पुल, 180 छोटे पुल, 42 आरओबी और 13 आरयूबी शामिल हैं। परियोजना से हजारीबाग, रामगढ़, कोडरमा और चतरा जिले के 938 गांवों को बेहतर रेल कनेक्टिविटी मिलेगी, जिससे 15 लाख से ज्यादा लोगों को लाभ मिलेगा। यह रेल मार्ग पटना और रांची के बीच सबसे कम दूरी वाला रूट बनेगा और इस पर 30.4 मिलियन टन अतिरिक्त माल ढुलाई की क्षमता होगी। साथ ही, हर साल 32 करोड़ लीटर डीजल की बचत और 163 किलोटन उड2 उत्सर्जन में कमी आएगी, जो लगभग 7 करोड़ पेड़ों के बराबर पर्यावरणीय प्रभाव रखेगा। सांसद मनीष जायसवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के आर्थिक, पर्यावरणीय और सामाजिक विकास के लिए गेमचेंजर साबित होगी और रोजगार, व्यापार एवं पर्यटन को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी।

# शहीद विद्यानंद सिंह को दी गयी श्रद्धांजलि

मुकेश सिंह



**चरही।** कारगिल युद्ध और नागालैंड सैन्य अभियानों में शौर्य का परिचय देने वाले वीर शहीद विद्यानंद सिंह को समर्पित 26वां शहादत दिवस बुधवार को परियोजना बालिका उच्च विद्यालय, चरही में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि कैप्टन डॉ. एसके पांडेय ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्दी पहनने वाले सपूत मौत से नहीं डरते, बल्कि देश के लिए मर-मिटने को तैयार रहते हैं। उन्होंने कारगिल युद्ध की परिस्थितियों और भारतीय सेना की वीरगाथा साझा करते हुए युवाओं में देशभक्ति का संचार किया। शहीद के पुत्र रविशंकर सिंह ने पिता की शहादत पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें मिला सम्मान पूरे देश की ओर से एक सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता, स्वामी विवेकानंद और शहीद विद्यानंद सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को भावुक कर दिया। छात्रा सुमन भाषण देते हुए रो पड़ीं, जबकि प्रधानाध्यापिका अंजनी कुमारी ने 'तेरी मिट्टी में मिल जावां' गीत गाकर श्रोताओं की आंखें नम कर दीं। अंत में शहीद के पुत्र को पौधा और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की सफलता में विद्यालय के शिक्षकों और छात्राओं की अहम भूमिका रही।

## उपायुक्त ने की सभी अंचल अधिकारियों के साथ बैठक

**हजारीबाग।** उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय सभागार में राजस्व विभाग की बैठक हुयी। उपायुक्त ने पीजी पोर्टल, सरकार आपके द्वार, ई रेवेन्यू कोर्ट की स्थिति, अंचलवार सीमांकन वाद, अंचलवार नामांतरण वाद, खतियानी रैयत के उत्तराधिकारियों एवं आपसी बंटवारा के आधार पर दाखिल खारिज, ऑनलाइन लगन वसूली, जमीन का म्यूटेशन, सक्सेशन म्यूटेशन, पार्टीशन म्यूटेशन, म्यूटेशन अपील, भूमि सीमांकन, परिसोधन, ऑनलाइन लगान, रिजेक्शन भू-अधिग्रहण, अंतर्विभागीय निःशुल्क भूमि हस्तांतरण की स्थिति, अंतर्विभागीय सशुल्क भूमि हस्तांतरण की स्थिति सहित अन्य मामलों में प्रगति की समीक्षा की। लंबित म्यूटेशन के आवेदनों को लेकर उपायुक्त ने निर्देश दिया कि निर्धारित समय सीमा में ही आवेदनों का निष्पादन सुनिश्चित करें। वैसे आवेदन जो 90 दिनों से ज्यादा लंबित हैं उन्हें यथाशीघ्र निष्पादित करें। उपायुक्त ने सभी सीओ को निर्देशित दिया कि तकनीकी रूप से भी अपने आप को तैयार कीजिए। कार्यालय के कैशबुक, निर्गत पंजी एवं अन्य पंजी को नियमित रूप से अपडेट कीजिए। बैठक में अपर समाहर्ता संतोष सिंह, डीसीएलआर राजकिशोर प्रसाद, सभी सीओ सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## कन्या मध्य विद्यालय दारु में भवन निर्माण मुखिया ने रूकवाया

**दारू।** प्रखंड अंतर्गत राजकीय कन्या मध्य विद्यालय दारु में डीएमएफटी से 1 करोड़ के लागत से भवन निर्माण व चारदीवारी निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस निर्माण कार्य मे घोर अनियमितता बरती जा रही है। सूचना पाते ही दारु मुखिया सुनील कुमार व उप मुखिया दशरथ प्रसाद व अन्य ग्रामीणों के साथ कार्य का निरीक्षण किया। निर्माण कार्य मे हो रहे घटिया किस्म के ईंट के प्रयोग को देखते ही संवेदक के व्यक्तियों पर मुखिया भड़क गए। वहीं विद्यालय प्रभारी धीरज कुमार से पूछा गया कि विद्यालय में इतना घटिया काम हो रहा है तो आपने रोका क्यों नही। इस प्रभारी ने बताया कि मैं रोका था परंतु नही माना जबकि संवेदक के लोग बोल रहे थे कि प्रभारी द्वारा ऐसी कोई बात नही कही गई थी। फिलहाल मुखिया के द्वारा काम को रोक देने को कहा गया है।

# 9 जुलाई की हड़ताल को ऐतिहासिक बनायें : रमेंद्र

- यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन का 13वां केंद्रीय सम्मेलन संपन्न
- अध्यक्ष का हुआ चयन, छह प्रस्ताव हुए पारित, चार कानून को वापस लेने की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन का बुधवार को भुरकुंडा ऑफिसर्स क्लब में 13वां एक दिवसीय केंद्रीय सम्मेलन संपन्न हुआ। जिसमें छह प्रस्ताव पारित किये गये। कार्यक्रम की शुरूआत सुशील कुमार सिन्हा द्वारा झंडोत्तोलन कर किया गया। सम्मेलन में अध्यक्ष मंडली का चयन किया गया। जिसमें एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह यूसीडब्ल्यूयू के महासचिव रमेंद्र कुमार, यूनियन के अध्यक्ष सह विधायक शत्रुधन महतो, उपाध्यक्ष लखन लाल महतो, केंद्रीय सचिव अशोक यादव, विंध्याचल बेदिया, नरेश मंडल, रामस्वरूप, रामजी शाह, सतीश केसरी शामिल हैं। सम्मेलन में यूनियन के महासचिव रमेंद्र कुमार ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। रमेंद्र कुमार ने कहा कि देश और कोयला उद्योग में राजनीतिक एवं आर्थिक रूप से काफी बदलाव आया है। केंद्र सरकार की किसान और मजदूर विरोधी नीतियों की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि आज देश की आम जनता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है। सरकार को चारों काले कानूनों को हर हाल में वापस लेना होगा, क्योंकि ये नीतियां न तो किसानों के हित में हैं और न ही श्रमिकों के। उन्होंने 9 जुलाई को आहुत कोयला उद्योग में होने वाली देशव्यापी हड़ताल को ऐतिहासिक बनाने के लिए मजदूर संगठन और कर्मचारियों को अपनी एकजुटता दिखाकर केंद्र सरकार को करारा जवाब देने की अपील की। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार द्वारा संसद में गुपचुप तरीके से बिना बहस किये 44 श्रम कानून को बदलकर चार कोड में तब्दील कर दिया गया है जो की सरासर गलत है। यह नया कानून चार कोड मजदूर विरोधी, उद्योग विरोधी और देश विरोधी कानून है। प्रतिवेदन पर बहस हुई, जिसे सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। इसके बाद यूनियन के कोषाध्यक्ष जेपीएन सिन्हा ने आय-व्यय का व्योरा प्रस्तुत किया। नये कार्यकारिणी और पदाधिकारियों का चयन किया गया। सम्मेलन में सीसीएल, बीसीसीएल और ईसीएल कंपनी से करीब 300 प्रतिनिधि शामिल हुए। जिसमें बरका-सयाल एरिया के 36 प्रतिनिधि और भुरकुंडा के 8 प्रतिनिधि शामिल हुए। सम्मेलन में केंद्रीय सचिव व शाखा अध्यक्ष सह संयुक्त सलाहकार संचालन समिति सदस्य नरेश मंडल, सुरक्षा समिति सदस्य विकास कुमार, शाखा सचिव लखेन्द्र राय, अनुज कुमार, बिपिन राय, सुदेश प्रसाद, महादेव मांझी, संजीवन कुमार, एसएनए जाफरी, ललीत नारायण राय, बलराम नायक, भीम महतो व अन्य हुए शामिल।

## एक नजर में

### डीसी ने अंचल व अस्पताल का किया निरीक्षण



**बरही।** उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने बुधवार को बरही के प्रखंड सह अंचल कार्यालय एवं अनुमंडलीय अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। उपायुक्त के साथ उप विकास आयुक्त मो इश्तियाक एवं बरही अनुमंडल पदाधिकारी जोहन टुडू मौजूद थे। उपायुक्त ने प्रखंड में चल रही विकास योजनाओं की जानकारी प्रखंड विकाश पदाधिकारी जयपाल महतो से ली। मनरेगा के तहत पंचायतों में कितने कार्य चल रहे हैं। कितने मजदूर मनरेगा के तहत काम कर रहे हैं। आवास निर्माण की क्या स्थिति है। कितने अबुआ आवास बन रहे हैं, कितने लोगों को पीएम आवास की दूसरी किस्त की राशि मिली है। उपायुक्त ने सभी विभागों से एक-एक कर जानकारी ली। उन्होंने अंचल कार्यालय में प्रेरणा की अद्यतन स्थिति, लंबित मामलों की जानकारी ली। उपायुक्त को बताया गया कि बरही में राजस्व कर्मचारियों की कमी है। 8 अंचलों में मात्र 2 कर्मचारी हैं। प्रखंड एवं अंचल कार्यालय का निरीक्षण करने के बाद डीसी अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे। अनुमंडलीय अस्पताल का निरीक्षण करते हुए कार्यरत चिकित्सकों की संख्या, विशेषज्ञ चिकित्सकों, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, आपातकालीन चिकित्सा स्थिति, ओपीडी एवं इमरजेंसी में मरीजों को मिलने वाली चिकित्सा सुविधाओं के बारे में उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी से जानकारी ली। जनरल ओपीडी, एक्सरे रूम, ट्रॉमा सेंटर, लेबर रूम, आयुष्मान सहित अन्य विभागों का निरीक्षण किया। डीसी को बताया गया कि अनुमंडलीय अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट लगाया गया है लेकिन वह पिछले कुछ महीनों से खराब है, साथ ही एंबुलेंस की भी कमी है। उपायुक्त ने आश्वासन दिया कि ऑक्सीजन प्लांट को जल्द ही दुरुस्त किया जाएगा तथा एंबुलेंस व्यवस्था को भी दुरुस्त किया जाएगा।

### कव्वाली में शामिल हुये इरफान अंसारी



**बरही।** कोनरा पंचायत के दरगाह मोहल्ला में उर्स मेला के अवसर पर मंगलवार रात कव्वाली प्रतियोगिता में स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी और पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज साहू, पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला, पूर्व विधायक जानकी यादव, आजसू नेता संजय मेहता, बरही अनुमंडल पदाधिकारी जोहन टुडू, एसडीपीओ अजीत कुमार विमल तथा अल्पसंख्यक कल्याण महासभा के अध्यक्ष मो कयूम उपस्थित थे। जहां सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उर्स कमेटी की ओर से सभी अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया गया। इसमें शाने अहमद शाबरी तथा जारा डिस्को के बीच कव्वाली प्रतियोगिता हुई, जिसे देखकर अतिथियों ने प्रतियोगिता की खूब प्रशंसा की। कव्वाली की प्रस्तुति ने लोगों को ताली बजाने पर मजबूर कर दिया। जबरदस्त कव्वाली प्रतियोगिता के दौरान दर्शक रात भर झूमते रहे। आधी रात के बाद मुकाबले में महिला और पुरुष कव्वाल एक-दूसरे पर हावी रहे। कव्वाली के दौरान सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम किये गये थे. मौके पर समिति के अध्यक्ष भगवान केशरी, सचिव मो रिजवान, पप्पू खान, मो तौकीर, पप्पू चंद्रवंशी, रितेश गुप्ता, मो महताब, सूरज दास व मो सगीर समेत हजारों लोग मौजूद थे।

### पिपचो में पलटा पिकअप, बाल-बाल बचा चालक

**दारु।** पिपचो जंगल के पास खेत मे एक पिकअप वैन पलट गया। हादसे में बाल बाल चालक बचा। जानकारी के अनुसार पिकअप वैन संख्या यूपी 32 एमएन 0590 झारखण्ड सरकार द्वारा नशा मुक्ति प्रचार कार्य मे उक्त वाहन चल रहा था।यह पिकअप वैन डालटनगंज से प्रचार कार्य के लिए जामताड़ा जा रहा था। इसी बीच पिपचो के पास सिवाने नदी से पहले वाहन पलट गई। सूचना पाकर दारु पुलिस ने वाहन को थाना ले गई। जहां से कागजी खानापूर्ति के बाद वाहन को छोड़ दिया गया।

### महिला को पोकलेन से गड्ढे में गिराने का आरोप

**बरही।** बेलहारा गांव में एक महिला ने गांव के ही 7 लोगों पर पोकलेन मशीन से मार कर गढ़े में डाला का आरोप लगा कर थाने में आवेदन देकर कर्रवाई की मांग किया। महिला ने बताया कि प्रदीप यादव वैगर ने पोकलेन मशीन से मिट्टी काट कर मेरे खेत में गिरा दे रहा था। मना की इसी बीच प्रदीप यादव पिता महादेव यादव, लक्ष्मण यादव पिता प्रमेश्वर यादव , कलावती देवी पति महादेव यादव ,बतेसिया देवी पति प्रमेश्वर यादव, सरिता देवी पति सुरेश यादव, अंकित यादव पिता सुरेश यादव सभी ग्राम बेलहारा निवासी ने गाली गलौज करते हुए पोकलेन ओपरेटर पोकलेन ऑपरेटर सुनिल यादव पिता सुरेश यादव को कहा कि इसे पोकलेन से मार कर खेत में डाल दो। इसके बाद पोकलेन ऑपरेटर सुनिल यादव ने पोकलेन के बॉकेट से मुझे गड्ढे में ढकेल दिया जिससे मैं लगभग 15 फिट नीचे गड्ढा में गिर गई जिससे मेरे माथे एवं पैर में काफी चोट लगा और पुरा शरीर में अधिक चोट लगने से बेहोश हो गई। ये लोग मुझे गड्?ढा में भरकर जान मारने का कोशिश कर रहे थे। इसी बीच हो हल्ला सुनकर मेरे पति प्रभु यादव, एवं ग्रामीणों में विजय यादव पिता महादेव यादव, बहादुर यादव पिता कोशी महतो एवं अन्य लोग दौड़कर आए और मेरी जान बचाया। घायल महिला को इलाज के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर किया गया। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई।

### कटकमसाडी में दो ड्रग तस्कर गिरफ्तार



कटकमसाडी। नशे कि लत से हजारीबाग जिला के कटकमसाडी प्रखंड में विभिन्न स्थानों पर नशे पर गांजा, चरस,ब्राउन शुगर, अफीम का सेवन चरम पर है। ताजा मामला कटकमसाडी पुलिस ने दो नशे के सौदागर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी राज बल्लभ कुमार ने बताया कि गुप्त सुचना प्राप्त हुआ था कि दो व्यक्ति अपाचे मोटरसाइकिल से ब्राउन शुगर की तस्करी करने के उपदेश से चतरा से हजारीबाग की ओर आने वाला है। जिसकी सूचना जिले के पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन को अवगत कराते हुए वाहन चेकिंग लगाया गया। वाहन चेकिंग के दौरान दो व्यक्ति 7.10 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ पकड़ा गया। पकड़े गए ब्राउन शुगर तस्कर अनिल कुमार यादव पिता तारकेश्वर यादव ग्राम द्वारी थाना गिद्धौर जिला चतरा, उज्जवल कुमार पिता जागेश्वर राम ग्राम बाबू पार बादाम, थाना बड़कागांव जिला हजारीबाग कों 7.10 ग्राम ब्राउन शुगर एक छोटा वेट मशीन, दो स्मार्टफोन एक मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया, । छापेमारी दल का नेतृत्व अपर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार, एवं थाना प्रभारी कटकमसांडी राजबल्लभ कुमार के द्वारा किया जा रहा था वही छापेमारी दल में पु अ नि बिरजा कुजूर योगेंद्र कुमार मेहता जैप के जवान तैनात थे।

# उपायुक्त ने झुमरीतिलैया नप क्षेत्र के वार्डों का किया भ्रमण

- **ट्रैफिक समस्या का नियंत्रण के साथ-साथ साफ-सफाई और मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के दिये निर्देश**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** उपायुक्त ऋतुराज ने बुधवार को झुमरीतिलैया नगर पर्षद के विभिन्न वार्डों का सघन भ्रमण कर यातायात व्यवस्था, साफ सफाई और अन्य मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। वहीं बस स्टैंड और वेंडिंग जोन के लिए संभावित स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान डीसी द्वारा नद महतो आहर, गुमो सहित शहर के कई क्षेत्रों में खाली पड़ी सरकारी भूमि को चिन्हित किया गया। उपायुक्त ने बताया कि अंतरराज्यीय बस स्टैंड की स्थापना का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। जिससे क्षेत्रीय यात्रियों को बेहतर सुविधा मिल सके और यातायात समस्या का भी सुधार हो सके। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत हटाये गए फुटपाथ दुकानदारों को पुनर्वासित करने के लिए वेंडिंग जोन बनाये जाएंगे ताकि उन्हें व्यवस्थित स्थान मिल सके और वे पुनः रोजगार कर सकें। शहर भ्रमण के उपरांत डीसी ने नगर प्रशासक के साथ बैठक कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उपायुक्त ने कहा कि झुमरीतिलैया शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ करें, साथ ही शहर की साफ-सफाई और अन्य मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने पर जोर दिया। डीसी ने शहर की सड़कों के किनारे दोनों ओर से पौधरोपण करने आदि का निर्देश दिया। मौके पर एसी पूनम कुजूर, सीओ, नगर प्रशासक व अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

**बस स्टैंड, वेंडिंग जोन, पार्क और मार्केट काम्प्लेक्स के लिए जमीनें चिन्हित :** गुमो में बस स्टैंड और गांधी स्कूल के समीप वेंडिंग जोन निर्माण के लिए जमीन का चयन किया गया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त के द्वारा विभिन्न स्थलों का भ्रमण कर बस स्टैंड, वेंडिंग जोन, मार्केट काम्प्लेक्स और अन्य सार्वजनिक संरचनाओं के लिए उपलब्ध सरकारी भूमि का भौतिक सत्यापन किया गया। निरीक्षण के क्रम में गुमो स्थित प्रस्तावित बस स्टैंड और नगर पर्षद कार्यालय के लिए जमीन चिन्हित किया गया। वहीं केंद्रीय विद्यालय के समीप पार्क निर्माण को लेकर भूमि को चिन्हित किया गया। इसके अलावे गांधी स्कूल के समीप वेंडिंग जोन, पुराना नगर पर्षद के समीप मार्केट काम्प्लेक्स निर्माण को लेकर भूमि का चयन किया गया।

## अंचलों में लंबित दाखिल खारिज मामले पर उपायुक्त ने दिखाई गंभीरता

- **19 से 21 जून तक सभी अंचलों में लगाए जाएंगे विशेष शिविर**

**कोडरमा।** जिले के विभिन्न अंचलों में दाखिल खारिज से संबंधित लंबित मामलों पर उपायुक्त ऋतुराज ने गंभीरता दिखाते हुए अंचलों के सीओ को जल्द से जल्द लंबित मामलों को निष्पादित करने का निर्देश दिया।

बताते चलें कि लंबित मामलों की शिकायत संज्ञान में आने के बाद उपायुक्त के द्वारा दाखिल खारिज के ऑनलाइन पोर्टल का अवलोकन किया गया, जिसमें पाया गया कि दाखिल खारिज के बहुत से मामले 30 दिनों से अधिक अवधि तक लंबित है, जो सेवा गारंटी अधिनियम 2005 के उल्लंघन के श्रेणी में आता है, ऐसे में डीसी ने जनहित को देखते हुए एक निर्देश जारी कर सभी अंचलों के सीओ को 19 जून से 21 जून तक विशेष शिविर का आयोजन करने और दाखिल खारिज के लम्बित मामलों को तेजी से निष्पादित करने का निर्देश दिया है।

डीसी ने जारी निर्देश में कहा है कि प्राप्त मामलों में राजस्व दस्तावेजों का सत्यापन एवं मिलान कर संतुष्ट होने पर आवश्यक कार्रवाई करें।

उपायुक्त ने सभी अंचलों के पर्यवेक्षण पदाधिकारी को अपने-अपने अंचल से समन्वय स्थापित कर कैम्प में तिथिवार सुनवाई किये जाने वाले मामलों की सूची तैयार करवाने का निर्देश दिया है।

## खबर एक नजर में

### एमएससी डिफेंस एकेडमी चतरा ने अग्निवीर जवानों को किया सम्मानित



**चतरा।** एमएससी डिफेंस एकेडमी चतरा द्वारा आज एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें हाल ही में अग्निवीर की ट्रेनिंग पूरी कर लौटे जवानों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी उपस्थित रहे। उन्होंने उपस्थित सभी जवानों को बधाई देते हुए कहा कि ये जिले के लिए गर्व की बात है कि यहां के युवा देश सेवा के लिए सेना में चयनित हो रहे हैं। एमएससी डिफेंस एकेडमी की ओर से बताया गया कि इस बार कुल 8 अग्निवीर जवानों का चयन एकेडमी के मार्गदर्शन और प्रशिक्षण से हुआ है। कार्यक्रम में जवानों के परिवारजन, एकेडमी के प्रशिक्षक एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बिरजू तिवारी ने एमएससी डिफेंस एकेडमी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्था जिले के युवाओं को नई दिशा देने का कार्य कर रही है।

### बीडीओ ने किया संचालित योजनाओं का निरीक्षण



**चतरा।** सिमरिया बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने बुधवार को प्रखंड क्षेत्र के बगरा और जबड़ा पंचायत में संचालित योजनाओं का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अबुआ आवास और प्रधानमंत्री आवास योजना को समयानुसार पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही पंचायत सचिव और रोजगार सेवक को तेजी से कार्य करवाने का निर्देश दिया। वहीं मनरेगा योजनाओं की जांच की और कूप आदि योजनाओं की जांच कर मानसून प्रवेश के पूर्व योजना पूर्ण करने का निर्देश दिया। मौके पर पंचायत सचिव सुधीर सिंह, रोजगार सेवक सतेन्द्र साह, कृष्णा साहू, अभिषेक कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## रेड क्रॉस सोसाइटी के गौतम पाल सचिव एवं डॉ. सागर मणि उपाध्यक्ष चयनित



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** रेड क्रॉस सोसाइटी की एक आम बैठक अध्यक्ष अजीत बर्णवाल की अध्यक्षता में मंगलवार की देर शाम झुमरीतिलैया स्थित अग्रसेन भवन में हुई। जिसमें सोसाइटी के सदस्य गण शामिल हुए। बैठक में सदस्यता बढ़ाने व समिति के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रम सहित कई मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया, साथ ही कई प्रस्ताव भी लिए गए। वहीं लिये गये प्रस्ताव में सर्वसम्मति से सचिव पद के लिए गौतम पाल व उपाध्यक्ष पद के लिए डॉ.सागरमणि सेठ को चयन किया गया। जबकि कार्यकारिणी के लिए डॉ.एस माइती, राजन भगत, आनंद सामंतो व चरणजीत सिंह को चयन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से सोसाइटी के सदस्यों के एक दल द्वारा नए उपायुक्त से भेंट कर उनका स्वागत किया जाएगा और रेड क्रॉस की गतिविधियों से उनको अवगत कराया जाएगा। बैठक में सोसाइटी के कोषाध्यक्ष शिवरतन सुल्तानिया, गणेश स्वर्णकार, अरुण ओझा, विश्वजीत कुंदन, राजन भगत, नवनीत कुमार सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

## समकालीन अभियान के तहत पांच वारंटी भेजे गये जेल



**डोमचांच (कोडरमा)।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के निर्देश पर समकालीन अभियान के तहत थाना प्रभारी डोमचांच द्वारा टीम गठित कर डोमचांच थाना क्षेत्र में छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी के दौरान न्यायालय में लंबित वारंटी एसटी 116/2019 के कुर्की वारंटी 35 वर्षीय राजेश कुमार दास पिता महादेव दास छोटकीबागी कोडरमा वर्तमान पता ग्राम रुपणडीह थाना डोमचांच कोडरमा, वारंटी एसटी 116/2019 के 32 वर्षीय रोहन दास पिता चन्दु दास ग्राम रुपणडीह, सी848/2017 के वारंटी 59 वर्षीय महेन्द्र यादव पिता बुधन यादव, 67 वर्षीय महावीर धोबी उर्फ महावीर राम गनौरी धोबी उर्फ गनौरी राम दोनों काराखुट थाना डोमचांच सी369/21 के वारंटी 42 वर्षीय मोतीलाल वर्मा पिता मोहन प्रसाद स्वर्णकार बेहराडीह थाना डोमचांच निवासी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## विकास पासवान बने कोडरमा थाना प्रभारी, अरविंद को अभियोजन कोषांग की मिली जिम्मेवारी

- **ढाब थाना प्रभारी रवि पंडित लाइन हाजिर**

**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने एक निर्देश जारी कर कोडरमा थाना प्रभारी अरविंद कुमार का स्थानांतरण करते हुए अभियोजन कोषांग प्रभारी बनाया। वहीं पुलिस निरीक्षक विकास पासवान को अभियोजन कोषांग से स्थानांतरित कर उन्हें कोडरमा थाना प्रभारी बनाया गया। इसके अलावे ढाब थाना प्रभारी एसआई रवि पंडित को लाइन हाजिर करते हुए कोडरमा थाना में पदस्थापित एसआई बमबम कुमार को ढाब थाना प्रभारी बनाया गया।

## राज्यव्यापी निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध निकाली गई विशेष जागरूकता रैली



**कोडरमा।** राज्यव्यापी निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध विशेष जागरूकता अभियान के तहत मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोडरमा से जागरूकता रैली निकाली गयी। वहीं सीएस डॉ.अनिल कुमार व डीएलओ डॉ.रमण कुमार ने संयुक्त रूप से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली रवाना करने से पूर्व सभी स्वास्थ्य कर्मियों को नशामुक्त भारत के निर्माण की सामूहिक शपथ दिलायी गयी। वहीं सिविल सर्जन ने कहा कि नशा समाज के लिए एक गंभीर चुनौती है। इसे समाप्त करने की जिम्मेदारी हम सभी की है। युवाओं को इससे दूर रखने की आवश्यक है। वहीं डीएलओ ने कार्यक्रम की रूपरेखा साझा करते हुए बताया कि अभियान 10 से 26 जून तक चलेगा। इसका उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों, खासकर युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति संवेदनशील बनाना एवं एक नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए सामूहिक प्रयासों को प्रोत्साहित करना है। मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. चंद्रमोहन प्रसाद, बीपीएम मोनजीर अहसन, दीपेश कुमार, हिमांशु कुमार, इंद्रदेव कुमार, श्याम कुमार, अनिल कुमार, सुमन आदि मौजूद थे।

## छात्रों के साथ लूटपाट करने के मामले का पुलिस ने किया खुलासा

# तीन आरोपी गिरफ्तार, 5030 रुपये और सात मोबाइल बरामद

- **पुलिस को सीसीटीवी से मिला सुराग**

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**कोडरमा।** पुलिस ने दो छात्रों के साथ बीते 9 जून को हुई लूटपाट के मामले का उद्भेदन करते हुए, लूटकांड के तीनों आरोपियों को लुटे गए पैसे और मोबाईल के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में प्रिंस सिंह उर्फ गोलू पिता रुदल सिंह, रामजानकी मंदिर ब्लक रोड झुमरीतिलैया, मिथुन कुमार पिता स्व. बलिराम प्रसाद आजाद नगर तिलैया और पुष्पेश कुमार पिता जितेंद्र कुमार सिंह गुरुद्वारा रोड तिलैया के नाम शामिल हैं। उक्त जानकारी बुधवार को आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने दी।

घटना की जानकारी देते हुए एसपी श्री सिंह ने बताया कि बीते 9 जून की रात्रि को नामांकन को लेकर रांची जा रहे दो छात्रों के साथ अज्ञात अपराधियों के द्वारा कोडरमा रेलवे स्टेशन मार्ग पर लूटपाट की गयी, अपराधी दोनों छात्रों से 10 हजार नगद और मोबाइल लूट कर फरार हो गए थे। घटना को लेकर पीड़ित छात्र प्रियांशु कुमार के द्वारा तिलैया थाना में मामला दर्ज किया गया। जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के सहयोग से तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में तीनों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए बताया कि घटना के दिन उनलोगों के द्वारा एक आइसक्रीम विक्रेता से मारपीट कर 3 हजार रुपये नगद और 1100 रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करवाया था, साथ ही एक मोबाइल लूटने की घटना को भी अंजाम दिया था।

## आउटसोर्स कर्मियों ने तीसरे दिन भी काला बिल्ला लगाकर किया काम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सतगावां (कोडरमा)।** झारखंड राज्य आउटसोर्स कर्मचारी संघ के आह्वान पर बुधवार को सतगावां प्रखंड क्षेत्र के कर्मचारियों ने तीसरे दिन भी काला बिल्ला लगाकर काम करते हुए विरोध जताया। यह विरोध झारखंड सरकार द्वारा आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के लिए जारी नियमावली आउटसोर्सिंग मैनुअल 2025 को लेकर था। कर्मचारियों का कहना है कि इस नियमावली में पूर्व से कार्यरत कर्मचारियों की सेवा सुरक्षा का ध्यान नहीं रखा गया है। कर्मचारियों की मांग है कि सरकार इसमें संशोधन करते हुए 60 वर्ष तक सेवा सुरक्षा और वित्त विभाग के आलोक में संविदा कर्मियों के लिए समान वेतन भुगतान करने का प्रावधान शामिल करे। इस नियमावली को सभी ने कर्मचारी विरोधी नियमावली बताया और इसके विरोध में झारखंड के सभी आउटसोर्स कर्मचारियों ने एक साथ सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। चाहे वो सफाई कर्मी हों, चाहे कम्प्यूटर ऑपरेटर, अमीन, चालक, माली, रसोइया, स्वास्थ्य विभाग के सफाई कर्मी से लेकर तकनीकी कर्मी ने इस बार सरकार से अपनी मांगें मनवाने की ठान ली है। इसको लेकर चरणबद्ध आन्दोलन की तिथि भी निर्धारित कर दी गयी। इसके तहत 11 जून तक काला बिल्ला लगाकर कार्य करेंगे। इसके पश्चात संध्या 6 बजे जिला मुख्यालय में कैंडल मार्च निकाला जायेगा। 12 जून को जिला मुख्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन व 15 जून को रांची में एक दिवसीय राज्यस्तरीय धरना-प्रदर्शन करेंगे। विरोध में राजकिशोर प्रसाद, विनय कुमार, दिनेश कुमार, रनका देवी, रविंद्र पाण्डेय, विक्की पाण्डेय, मिथिलेश पाण्डेय, रोहित कुमार, पूजा कुमारी, अंकिता कुमारी, राजमुखी कुमारी, अनुज कुमार, अजीत कुमार, रंजीत कुमार, शैलेन्द्र शर्मा, कौशल किशोर सिंह, विपुल कुमार, सदानंद यादव सहित कई कर्मचारी शामिल थे।

## इग्नू के विभिन्न पाठ्यक्रमों में नामांकन शुरू

**कोडरमा।** इग्नू के विभिन्न पाठ्यक्रमों में नामांकन शुरू हो गया है। नामांकन की अंतिम तिथि 15 जुलाई है। उक्त जानकारी जेजे कॉलेज में संचालित इग्नू अध्ययन केंद्र की समन्वयक डॉ.निकहत प्रवीण ने देते हुए बताया कि निर्धारित तिथि के अंदर इच्छुक छात्र-छात्राएं स्नातक, स्नातकोत्तर, पीजी डिप्लोमा के कोर्सों में ऑनलाइन और ओडीएल में नामांकन ले सकते हैं। वहीं उन्होंने बताया कि इग्नू के स्नातक, स्नातकोत्तर या डिप्लोमा कार्यक्रमों में छात्र इग्नू के बेवसाइट पर ऑनलाइन नामांकन ले सकते हैं। नामांकन के दौरान डिजिटल अध्ययन सामग्री का विकल्प चुनते हैं तो उन्हें कार्यक्रम शुल्क पर 15 प्रतिशत की छूट मिलेगी।

## चतरा में एक मकान से महिला का शव बरामद



**चतरा।** सदर थाना क्षेत्र के फांसी तालाब के पास एक मकान में महिला का शव पुलिस ने बरामद किया है। बताया जाता है कि महिला कटकमसांडी थाना क्षेत्र के रेबर गांव की रहने वाली थी। वह चाइल्ड हेल्फ लाइन चतरा में सिक्युरिटी गॉर्ड का काम करती थी और फांसी तालाब के बगल में किराए के मकान में रहती थी। उसके पति एडवर्ड लकड़ा ने बताया कि उनकी पत्नी से रात नौ बजे मोबाइल से बात हुई थी। उसने बताया कि वह अब सोने जा रही है। सुबह जब देर तक उसका दरवाजा नहीं खुला तो इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो उसका शव पड़ा था। सूचना पर वे चतरा पहुंचे और मामले की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि हार्ड अटैक से मौत हुई है। कहा कि वह कुछ दिनों से बीमार चल रही रही थी। चतरा में ही इलाज चल रहा था। उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी की मौत से काफी सदमा में हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## स्कूल के जर्जर रसोई घर में शिक्षक के ऊपर गिरा छत का प्लास्टर, शिक्षक हुए घायल, रेफर



**हंटरगंज (चतरा)।** चतरा जिले के हंटरगंज प्रखण्ड अन्तर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय रक्सी से हैरान करने वाला एक मामला सामने आया है। जहां सरकारी स्कूल की रसोई घर के जर्जर बिल्डिंग की छत का प्लास्टर टीचर के ऊपर गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसे आनन-फानन में जोरी के एक निजी अस्पताल में पहुंचाया गया जहां से बेहतर ईलाज हेतु हजारीबाग शेख भिखारी कॉलेज अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। प्रधानाध्यापक (शिक्षक) विराज वीरेंद्र टुट्टी ने बताया कि रसोई घर में एमडीएम का निरीक्षण करने गए हुए थे। इसी दौरान जर्जर भवन की छत से ही भरभराकर एक टुकड़ा सिर पर गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल गए। इधर घटना की जानकारी मिलते ही हंटरगंज उप प्रमुख राहुल कुमार गुप्ता अस्पताल पहुंचे और शिक्षक से स्वास्थ्य का हाल चाल जाना। उन्होंने कहा कि जान को जोखिम में डालकर रसोईया खाना बना रही है। शिक्षा विभाग से अनुरोध है कि जल्द से जल्द भवन की मरम्मत करवाए, जिससे कि ऐसी घटना की पुनरावृत्ति ना हो।

## अनुसूचित आवासीय बालिका विद्यालय में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



**हंटरगंज (चतरा)।** प्रखंड के अनुसूचित जाति आवासीय बालिका विद्यालय में बुधवार को आरबीएस के स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा जांच शिविर लगाया गया, जिसमें डॉ जे भूषण के द्वारा बच्चों की स्वास्थ्य जांच की गयी। शिविर में बुखार, पेट दर्द, खांसी, लू, चर्म रोग, कान बहना, सड़े हुए दांत के अलावा अन्य बीमारियों की जांच की गयी और बीमारी से संबंधित फ्री में दवा दी गई। वहीं डॉक्टर जे भूषण के द्वारा बच्चों को गर्मी को देखते हुए लू से बचने एवं स्वच्छता को लेकर जागरूक किया गया और सभी बच्चों को ओआरएस पाउडर दिया गया और इसे पीने से होने वाले फायदा के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर फार्मासिस्ट इरफान गनी, प्रधानाध्यापक शंकर प्रसाद के अलावा कई स्वास्थ्य विभाग कर्मी शामिल थे।

## फ्लाई ऐश ढोलाई में अनियमितता पर जिला प्रशासन ने की कार्रवाई



**कोडरमा।** जिला प्रशासन को लगातार फ्लाई ऐश की ढोलाई में अनियमितता बरते जाने की शिकायत को लेकर अनियमित ढोलाई से वायु एवं जल प्रदूषण की समस्या बढ़ रही है, जिससे पर्यावरण और जनस्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका उत्पन्न हो गई थी। उक्त स्थिति को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त के निर्देशानुसार एसडीओ रिया सिंह के नेतृत्व में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान फ्लाई ऐश लदी कुल नौ गाड़ियों को पकड़ा गया, जिनमें से कुछ ओवरलोड थीं और कुछ के कागजात में खामियां और वाहन पूरी तरह से कवर नहीं पाया गया। मौके पर एसडीओ द्वारा विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए संबंधित वाहनों पर आवश्यक दंडात्मक कार्यवाही की गई। वहीं डीटीओ विजय कुमार सोनी के द्वारा उचित जुर्माना लगाया गया तथा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 152 एवं दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 133 के अंतर्गत वाहन मालिकों को नोटिस जारी किया गया। फ्लाई ऐश के व्यवसाय से जुड़े संबंधित लोगों को इस संबंध में स्पष्ट निर्देश दिए गए। इनमें प्रमुख रूप से ढोलाई के दौरान वाहन को पूरी तरह से ढकना अनिवार्य होगा, किसी भी प्रकार के लीक या रिसाव को सख्ती से रोका जाए, वाहन में फ्लाई ऐश का परिवहन निर्धारित मानक वजन के अनुसार किया जाए। मौके पर परिवहन विभाग के अधिकारी एवं स्थानीय प्रशासन के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे। वहीं जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पर्यावरण संरक्षण एवं जनस्वास्थ्य की दृष्टि से ऐसी अनियमितताओं को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और भविष्य में भी ऐसे अभियानों को नियमित रूप से चलाया जाएगा।

## अवैध रूप से मवेशी तस्करी के आरोप में दो गिरफ्तार



**कोडरमा।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 9 मवेशी लोड वाहन को जब्त किया। साथ ही पशु तस्करी के आरोप में वाहन चालक सुरेंद्र शर्मा पिता खीरू शर्मा, पांडेयडीह कोडरमा और पशु व्यापारी सुरेश यादव पिता त्रिलोकी यादव, कन्दाजोर, जमुआ गिरिडीह को गिरफ्तार किया। घटना की जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कोडरमा के रास्ते अवैध रूप से पशु तस्करों के द्वारा वाहन में भारी संख्या में पशु लोड कर तस्करी किया जा रहा है। सूचना के आलोक में त्वरित कार्रवाई करते हुए कोडरमा थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। जिसके बाद थाना प्रभारी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम के द्वारा बागीटांड़ चेकनाका के समीप वाहन चेकिंग अभियान शुरू किया गया और जांच के क्रम में ट्रक जेएच02एके-5589 को रोककर तलाशी ली गयी, इस क्रम में उक्त ट्रक में 5 गाय, एक बैल और तीन गाय का बच्चा बरामद किया गया। मामले को लेकर उक्त दोनों को मौके पर गिरफ्तार किया गया। एसपी ने बताया कि घटना को लेकर कोडरमा थाना में 92/25 में मामला दर्ज करते हुए, गिरफ्तार आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

# रामलीला में हुआ सीता स्वयंवर के दृश्य का मंचन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड के मरचोई स्थित मनोकामना सिद्धपीठ मां भगवती मंदिर के प्रांगण में आयोजित दिव्य रामलीला में संचालक महाराज पंडित सुरेश कुमार व उनके कलाकारों के द्वारा सीता स्वयंवर व राम विवाह उत्सव के दृश्य का मंचन किया गया। दृश्य में दिखाया गया कि भगवान राम स्वयंवर में जैसे ही प्रवेश करते हैं सब उनके मनमोहक रूप को देखकर मोहित हो उठते हैं। स्वयंवर में महाराजा जनक घोषणा करते हुए कहते हैं कि जो भी राजा धनुष का खंडन करेगा उस राजा से अपनी पुत्री सीता का विवाह करेंगे। राजा जनक की घोषणा को सुनकर संसार के विभिन्न राज्यों से आए राजाओं ने एक-एक करके धनुष को खंडन करने का प्रयास किया, लेकिन सभी राजा विफल रहे। धनुष का खंडन तो दूर कोई भी राजा धनुष को हिला तक नहीं पाए। यह सब देखकर महाराजा जनक भरी सभा में एलान करते हैं कि विश्व में कोई भी वीर नहीं बचा जो इस धनुष का खंडन करेगा। उनकी बात को सुनकर भगवान राम के साथ मौजूद उनके भाई लक्ष्मण क्रोधित होते हैं। लक्ष्मण को क्रोधित होता देख भगवान राम ने उनको शांत किया। यह सब देखकर मुनि विश्वामित्र ने भगवान श्रीराम को आदेश दिया कि वह धनुष का खंडन करें। भगवान श्री राम गुरु का आदेश का पालन करते हुए धनुष को तिनके के समान उठा कर उसका खंडन कर देते हैं। भगवान श्री राम के द्वारा धनुष का खंडन करते ही देवताओं के द्वारा पुष्प वर्षा के साथ अभिनंदन किया जाता है। धनुष तोड़ने के बाद सीता ने भगवान राम के गले में जयमाला डाल दी। सभी देवी-देवताओं ने पुष्प वर्षा कर दोनों को आशीर्वाद दिया। रामलीला मंचन में राम विवाह का उत्सव मनाया गया। महाराज कृष्ण मनोज शास्त्री ने संगीतमय ढंग से प्रभु राम की लीलाओं का गुणगान किया। मंडल के संचालक महाराज पंडित सुरेश कुमार ने कहा कि भगवान राम और माता सीता का संपूर्ण जीवन मानव जीवन को सही ढंग से जीने की कला से अवगत करवाता है। भारत का सबसे प्राचीन प्रसिद्ध व पवित्र महाकाव्य रामायण मानव की प्रत्येक समस्या के समाधान के लिए उसे मार्गदर्शन करता है। मौके पर बालमुकुंद पाण्डेय, प्रभाकर सिंह, राजेन्द्र पाण्डेय, मनोज सिंह, धीरज सिंह, ओमकार उर्फ मन्नू सिंह, कंचन सिंह, राजाबाबू, आनंदी सिंह, विनय सिंह, बबलू सिंह, आदित्य सिंह, कुंदन सिंह, मोहन सिंह सहित हजारों श्रद्धालु मौजूद थे।

## एक सदस्य के भरोसे चल रहा है जिला उपभोक्ता फोरम

**कोडरमा।** सूचना अधिकार मंच सचिव आरके बसंत ने जिला उपभोक्ता फोरम में अब उपभोक्ताओं को न्याय न मिलने पर सरकार को कटघरे में खड़ा किया है। इस फोरम में अध्यक्ष सहित तीन सदस्यों की संख्या निर्धारित है। जिसमें एक सदस्य रामजीत यादव का एक वर्ष पूर्व ही कार्यकाल समाप्त हो चुका है एवं अध्यक्ष अभय सिन्हा का कार्यकाल 10 जून 25 को समाप्त हो गया और अब सिर्फ एक सदस्य शिल्पी चटर्जी ही बची हैं। किसी भी केस की सुनवाई एवं निर्णय में अध्यक्ष के साथ एक सदस्य की उपस्थिति अनिवार्य है और सरकार की ओर से आज तक नियुक्ति प्रक्रिया शुरू नहीं की गई है, ऐसी स्थिति में उपभोक्ताओं को न्याय से वंचित होना पड़ेगा। दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिला उपभोक्ता फोरम में वर्ष 2021 से दायर शिकायत का निपटान नहीं हो पाया है, जबकि आयोग को मामले का निपटान करने एवं निर्णय लेने हेतु तीन महीने का समय निर्धारित है, जो कर्तव्य के प्रति जागरूकता के अभाव को दर्शाता है। वहीं श्री बसंत ने मुख्यमंत्री, राज्यपाल के साथ ही झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को इस विषय से अवगत कराते हुए कोडरमा उपभोक्ता फोरम में अध्यक्ष एवं एक सदस्य की अविलंब नियुक्ति की मांग की है।

## उपायुक्त ने बालिका आश्रय गृह, राइज बाल गृह, एवं चतरा कॉलेज चतरा में बन रहे पुस्तकालय का किया निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चतरा।** उपायुक्त कीर्तिश्री ने बालिका आश्रय गृह, उंटा के निरीक्षण के दौरान बालिका आश्रय गृह में आवासित बच्चियों से मिल कर उनके स्वास्थ्य, खानपान, रहन-सहन एवं शिक्षा से संबंधित सभी बिंदुओं पर चर्चा की। आवासित 8 दिव्यांग बच्चियों के मानसिक, बौद्धिक विकास हेतु सभी बच्चियों को रिनपास रांची के समीप आश्रय गृह में आवासित कराने पर भी चर्चा की गई। साथ ही प्राइवेट भवन में संचालित बालिका आश्रय गृह को सरकारी भवन में शिफ्ट करने का निर्देश दिया।

बालक गृह, चतरा के निरीक्षण के दौरान बालक गृह में रह रहे सभी बच्चों से विशेष मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य, खानपान, शिक्षा एवं बच्चों की दैनिक कार्यों से संबंधित जानकारी प्राप्त की गई। बालक गृह के अधीक्षक के द्वारा बच्चों के दैनिक कार्यों से संबंधित समय-सारणी का जानकारी दी गई। वहीं दिनांक-10.06.2025 को मानव तस्कर गिरोह के द्वारा रोजगार दिलाने के नाम पर 30 लोगों को अन्य राज्यों में पलायन करवाया जा रहा था, जिसमें कुल 12 नाबालिग बच्चे भी शामिल थे। जिन्हें बाल संरक्षण के अधिकारियों द्वारा रेस्क्यू कर बालक गृह, नगवां चतरा में आश्रय दिया गया है। उन बच्चों से मुलाकात कर मामले की जानकारी प्राप्त की गई।

उपायुक्त ने चतरा कॉलेज चतरा में बन रहे पुस्तकालय के निरीक्षण के क्रम में निर्देशित किया कि पुस्तकालय निर्माण कार्य में जो भी सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है उसकी गुणवत्ता का खास ख्याल रखा जाए तथा अन्य कई निर्देश भी दिये। मौके पर उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, जिला नियोजन पदाधिकारी मन्नू कुमार, जिला खेल पदाधिकारी सह जनशिकायत कोषांग के नोडल पदाधिकारी तुषार रॉय, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी अरुणा प्रसाद समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## पानी के बिना विकसित कृषि का संकल्प पूरा नहीं हो सकता : जोबा

**राजनगर, सरायकेला-खरसावां।** राजनगर प्रखंड के गम्हरिया पंचायत में कृषि विज्ञान केंद्र सरायकेला-खरसावां के तत्वावधान में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में सिंहभूम की सांसद जोबा माझी उपस्थित रही। इसके अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में पर्यावरण विद सह पद्मश्री चामी मुर्मू, जिला परिषद सदस्य सुलेखा हासदा, प्रभारी मुखिया दुम्बी बारी उपस्थित रहे।

## कृषक मित्रों ने की मानदेय की मांग

**सोनुवा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के कृषक मित्रों ने जिलाध्यक्ष रामप्रेश महतो के नेतृत्व में मानदेय लागू करने की मांग को लेकर बुधवार को मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक जगत माझी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कृषक मित्रों ने कहा पिछले 15 वर्षों से आत्मा परियोजना के तहत कार्य करते आ रहे हैं। हम कृषक मित्रों की बहाली आत्मा से जुड़े कार्यों का प्रचार प्रसार के लिए किया गया था।

## एमपी : बन्ना ने कांग्रेस नेताओं संग की बैठक

**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से मध्यप्रदेश के छतरपुर जिला में संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त पूर्व मंत्री झारखंड सरकार बन्ना गुप्ता ने छतरपुर परिसदन और जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में पीसीसी पर्वेक्षकों, जिला अध्यक्ष, वर्तमान विधायक, पूर्व विधायक, लोक सभा प्रत्याशी, पीसीसी सदस्य, फ्रंटल अध्यक्ष, पूर्व जिला अध्यक्ष,ब्लॉक अध्यक्ष, मंडलम अध्यक्ष, वरीय पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ जिला स्तरीय बैठक कर कांग्रेस पार्टी के संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त करने पर विचार विमर्श किया।

## जिला जद यू महिला मोर्चा 19 को करेगी महिला सम्मान सम्मेलन

**जमशेदपुर।** जनता दल (यूनाइटेड) महिला मोर्चा के तत्वावधान में 19 जून को विशाल महिला सम्मान सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन बिष्टुपुर, परमहंस लक्ष्मीनाथ गोस्वामी मंदिर परिसर स्थित सभागार मे किया जाएगा. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय होंगे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष रेणु पाणिकर होंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला मोर्चा की पूर्वी सिंहभूम अध्यक्ष अमृता मिश्रा करेंगी। कार्यक्रम अपराह्न 2 बजे से संध्या 5 बजे तक मिलानी हाल, बिष्टुपुर में आयोजित होगा।

## सुरभि शाखा के शिविर में 15 यूनिट रक्त संग्रह

**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच रक्तदान महा उत्सव एवं रक्तदान सम्मान पखवाड़ा के तहत मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा पांच दिवसीय रक्तदान पखवाड़ा का शुभारंभ बुधवार को किया गया। धतकीडीह स्थित ब्लड बैंक में प्रथम दिन बुधवार को 15 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। शाखा अध्यक्ष ज्योति अग्रवाल के नेतृत्व में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# प्रभु जगन्नाथ ने बहन सुभद्रा और बड़े भाई बलभद्र संग किया महास्नान, बीमार पड़े







1. धालभूम क्लब में महास्नान विधि के दौरान भगवान जगन्नाथ, बहन देवी सुभद्रा और बड़े भाई बलभद्र जी। 2. महास्नान के दौरान जय जगन्नाथ का जयकारा लगाती महिलाएं। 3. उत्कल एसोसिएशन साकची में महा स्नान पूजा कराते पुजारीगण।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** प्रभु जगन्नाथ अपनी बहन सुभद्रा और बड़े भाई बलभद्र जी संग स्नान उत्सव किया। इस्कॉन की ओर से धालभूम क्लब,साकची में प्रभु को हरे-रामा, हरे कृष्णा, हरे-हरे... भजनों के साथ महास्नान के लिए विशाल हॉल में लाया गया। प्रभु और उनके भाई-बहन को 108 मटकों से महा स्नान कराया गया। इस दौरान भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। पूरी फिजां जय जगन्नाथ... जय जगन्नाथ के गगनभेदी नारों से गूंजता रहा। इस दौरान कीर्तन मंडली के कीर्तन पर भक्त जम कर झुमते रहे। जब प्रभु और उनके भाई बहन को बारी-बारी से महा स्नान कराने के लिए मंच पर लाया गया तो स्त्री-पुरुष, तरुण-तरुणियां और बच्चे सभी उनका दर्शन कर मुग्ध हो गए।

इस्कॉन के तत्वावधान में ही जमशेदपुर में सबसे बड़ी रथ यात्रा निकलती है। इस्कॉन रथ यात्रा के संयोजक चंद्रशेखर पर्वत ने बताया कि 35 किग्रा आम का रस, 55 पीस तरबूज, 11 पीस अनानास, अनार 5 किग्रा, गन्ना रस 11 लीटर, गंगा जल एक मटका, गुलाब, गेंदा फूल लाल और पीला, रजनीगंधा फूल, 11 किग्रा दूध, दही, 3.5 किग्रा मधु मिला कर 108 मटकों का जल तैयार किया गया। इस्कॉन के गोलमुरी मुख्यालय से प्रभु जगन्नाथ, बहन सुभद्रा देवी और बड़े भाई बलभद्र जी को भोग लगाया गया और नये वस्त्र पहना कर धालभूम क्लब लाया गया। यहां महा स्नान कराया गया।

यहां 21 पुजारी लगे हुए हैं। कुछ पुजारी मायापुर से 11 और 3 पूजारी मुंबई मुख्यालय से भी बुलाये गए हैं। यहां की महास्नान पूजा राणा प्रफूल्लाचंद्र दास के नेतृत्व में किया गया है। देर शाम प्रभु महास्नान कर विश्राम करने गोलमुरी इस्कॉन सेंटर चले जायेंगे। और वहां बीमार पड़ जायेंगे और 14 दिन वहीं विश्राम करेंगे। इस दौरान उनका आयुर्वेदिक विधि से इलाज भी चलेगा। जब प्रभु स्वस्थ हो जायेंगे तो 27 जून को नये वस्त्र पहन कर अपनी बहन सुभद्रा देवी और भाई बलभद्र जी के साथ रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण करने निकलेंगे।

धालभूम क्लब के अलावा नागा मंदिर-बेल्डीह, गांधी आश्रम, मानगो डिमना रोड, उत्कल एसोसिएशन आदि जगहों पर भी प्रभु जगन्नाथ,बहन देवी सुभद्रा और बड़े भाई बलभद्र जी को महास्नान कराया गया।

दूसरी ओर, जादूगोड़ा, गम्हरिया आदि जगहों पर भी स्नान उत्सव आयोजित किया गया। जगन्नाथ स्नान उत्सव पर आज मंगलवार को जादूगोड़ा में 108 कलश यात्रा निकाली गई। इधर इस कलश यात्रा में भारी संख्या में महिलाओं ने किया हिस्सा लिया। इसके पूर्व 108 महिलाओं ने नदी से जलभर प्रभु जगन्नाथ का स्नान कराया गया। जादूगोड़ा शिव मंदिर जगन्नाथ कमिट के कोषाध्यक्ष एम के स्वेन ने कहा कि प्रभु जगन्नाथ की जल यात्रा के बाद महास्नान कराया गया। फिलहाल अस्वस्थ्य होने की वजह से प्रभु जगन्नाथ जादूगोड़ा शिव मन्दिर 15 दिन ठहरने के पश्चातअपनी मौसी चले जायेगे जहां नौ दिन रुकने के बाद आगामी 26 जून की वापस अपने घर लौट आयेगे। जिसको लेकर भक्तों में उत्साह चरम पर है।

**जगन्नाथ स्नान उत्सव :** भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा का एक महत्वपूर्ण और पवित्र उत्सव है, जो हर साल ज्येष्ठ पूर्णिमा के दिन (मई-जून महीने में) ओडिशा के पुरी स्थित जगन्नाथ मंदिर में मनाया जाता है। यह रथ यात्रा से पहले का सबसे बड़ा अनुष्ठानिक उत्सव है।

**स्नान मंडप (स्नान वेदी) :** भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा को मंदिर से बाहर लाकर एक विशेष ऊंचे मंच पर लाया जाता है जिसे स्नान मंडप कहा जाता है। यह स्थान भक्तों के लिए खुला रहता है।

**पवित्र स्नान (महा स्नान) :** भगवान एवं उनके भाई -बहन को 108 कलशों (घड़ों) से पवित्र जल से स्नान कराया जाता है।

# अर्का जैन यूनिवर्सिटी के 11 छात्रों को मिला ₹छह लाख का सीटीसी

- कोलकाता की जेएमएस माइनिंग ने छात्रों को किया लॉक
- मिला माइनिंग क्षेत्र में तकनीक आधारित करियर का सुनहरा मौका



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** अर्का जैन यूनिवर्सिटी (एजेयू) के लिए एक और गौरवशाली उपलब्धि सामने आई है। हाल ही में आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में भारत की अग्रणी अंडरग्राउंड कोयला खनन कंपनी जेएमएस माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड ने यूनिवर्सिटी के एमबीए, बीबीए और बी.कॉम पाठ्यक्रमों के छात्रों को आकर्षक वेतन पैकेज पर नियुक्त किया। जेएमएस माइनिंग, जो कोलकाता मुख्यालय से संचालित होती है और आधुनिक कंटीन्यूअस माइनर और बोल्टर माइनर तकनीकों के लिए जानी जाती है, ने दो पदों के लिए छात्रों का चयन किया। प्लेसमेंट ड्राइव के के परिणामों की जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय की ओर से बताया गया है कि जूनियर स्टोर कीपर के पद (सिर्फ स्नातक) पर चयनित छात्रों को कंपनी ने 5 लाख 6 हजार 942 प्रति वर्ष के पैकेज पर लॉक किया है। वही, ऑफिस एसोसिएट (सिर्फ स्नातकोत्तर) पद पर चयनित छात्रों को 6 लाख 01 हजार 519 रुपये सालाना पैकेज ऑफर किया गया है।

इस प्लेसमेंट प्रक्रिया में कुल 11 छात्रों का चयन हुआ, जिनमें से 9 स्नातक और 2 स्नातकोत्तर छात्र शामिल हैं।

विश्वविद्यालय ने छात्रों की सफलता पर जताया हर्ष

अर्का जैन यूनिवर्सिटी के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ के पदाधिकारी ने छात्रों की इस सफलता को शिक्षा व उद्योग के समन्वय का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा, छात्रों को जेएमएस जैसी तकनीकी रूप से समृद्ध कंपनी में करियर आरंभ करने का अवसर मिलना एजेयू की गुणवत्ता शिक्षा, व्यवहारिक प्रशिक्षण और इंडस्ट्री-कनेक्ट को प्रमाणित करता है।

**छात्रों के लिए नया मुकाम :** यह सफलता केवल छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की ओर एक कदम नहीं है, बल्कि यूनिवर्सिटी की प्लेसमेंट संभावनाओं को और भी सुदृढ़ करती है। खनन उद्योग में बढ़ते तकनीकी प्रयोगों के साथ ऐसे प्लेसमेंट छात्रों को नई दिशा दे रहे हैं।

### जेएमएस माइनिंग की सेवाएं और विशेषताएं

जेएमएस माइनिंग प्रा. लि. 2009 से खनन क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही है। इसकी प्रमुख सेवाएं निम्नलिखित हैं:

- भू-तकनीकी जांच
- विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) की तैयारी
- खदान योजना और लागत अनुमान
- खदानों का विकास एवं संचालन
- खनन उपकरणों का जीवनचक्र प्रबंधन
- परत नियंत्रण और निगरानी प्रणाली
- पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा (ईएचएस) के वैश्विक मानकों का अनुपालन

# उत्तरप्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में निवेश का अवसर तलाश रहे हैं जमशेदपुर के उद्यमी

- यूपीआइडीसी के अधिकारियों ने इसरो के प्रतिनिधियों के साथ वर्चुअल बैठक में निवेश आमंत्रण



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** इंडस्ट्रियल स्टेबिलिटी एंड रिफॉर्म्स आगेर्नाइजेशन (इसरो) की एक टीम आज एकता कम्युनिकेशन के कार्यालय मे पूर्व तय कार्यक्रम के अनुसार उत्तर प्रदेश डिफेन्स इंडस्ट्रियल कॉरिडोर (यूपीआइडीसी) के पदाधिकारियों संग ऑनलाइन मीटिंग की। मीटिंग मे लखनऊ कार्यालय से डिफेन्स कॉरिडोर की ओर से उपस्थित थे, मेजर जनरल आई एम लांबा, चीफ नोडल ऑफिसर, यूपीआइडीसी, कर्नल संजय सिंह, सीजीएम, यूपीआइडीसी और सुलगना रॉय, कंसलटेंट। इसरो की ओर से उपस्थित रहे, अध्यक्ष रुपेश कतरियार, उपाध्यक्ष, मनोज कुमार, अशोक सतपथी, समीर सिंह, महासचिव संदीप मिश्रा सचिव बिनय सिंह, राजीव शुक्ला और कार्य समिति सदस्य सह बिजनेस प्रमोशन कमिटी के संयोजक नीरज मिश्रा।

एक घंटे चली मीटिंग मे यूपीआइडीसी के पदाधिकारियों ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा डिफेन्स सेक्टर को बढ़ावा देने हेतु सरकार के तमाम प्रारूप एवं नितियों की विस्तार से चर्चा की। सरकार से मिलने वाली सब्सिडी एवं इंसेंटिव को भी उद्धमियों ने जाना।इस बात को भी बताया गया की इस कॉरिडोर मे स्थापित इकाईयां सिर्फ डिफेन्स सेक्टर को ही अपने उत्पाद को सप्लाई कर पाएंगी। बहुत सी तकनिकी बारीकीयों को पदाधिकारियों ने विस्तार से बताया। वहां एंकर यूनिट के साथ साथ लघु उद्धमियों को भी सरकार बढ़ावा देना चाहती है जिससे भारत एक और शक्तिशाली राष्ट्र बने। आने वाले समय मे भारतीय रक्षा उत्पादों की अन्य देशों मे बढ़ती मांग को देखकर अब इसे रक्षा के साथ साथ व्यपार की भी बड़ी सम्भावना के रूप मे सरकार और उद्यमी देख रहे हैं।

# श्रीनाथ यूनिवर्सिटी के वार्षिक खेल प्रतियोगिता के विजेता सम्मानित



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** श्रीनाथ यूनिवर्सिटी में 2024-25 की वार्षिक खेल प्रतियोगिता का समापन भव्य पुरस्कार वितरण समारोह के साथ किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री सुखदेव महतो, कुलपति प्रो. (डॉ.) एस. एन. सिंह और विभिन्न विभागों के शिक्षकगण उपस्थित रहे। समारोह के दौरान विभिन्न खेल और एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पदक और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस प्रतियोगिता में छात्रों ने 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर दौड़, लांग जंप, वॉकिंग रेस, शॉट पुट, डिस्कस थ्रो, जैवलिन थ्रो, जैसे ट्रैक और फील्ड इवेंट्स के साथ-साथ बैडमिंटन, कैरम, कबड्डी, बास्केटबॉल, आदि खेलों में शानदार प्रदर्शन किया है।

कुछ प्रमुख विजेताओं जैसे 100 मीटर दौड़ (बालक वर्ग) में बीसीए के सोनू कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं 100 मीटर दौड़ (बालिका वर्ग) में फाइन आर्ट्स की अनामिका बोइपाई विजेता रहीं। 800 मीटर दौड़ (बालिका वर्ग) में बीसीए की अमृता महतो प्रथम रहीं।

लॉन्ग जंप (बालक वर्ग) में बीबीए के मो. हामिद राजा को प्रथम स्थान मिला। बैडमिंटन डबल्स (बालिका वर्ग) में बीबीए की प्रिया नाग और पुजा कुमारी की जोड़ी विजेता रही। कैरम सिंगल्स (बालक वर्ग) में शिवचरण बेहड़ा (बीसीए) ने बाजी मारी। बास्केटबॉल (बालिका वर्ग) में एमबीए की छात्राओं की टीम विजेता रही, जिनमें जे. वनीश्री, कोमल कुमारी, चांदनी सिंह आदि शामिल रहीं। कबड्डी (बालक वर्ग) में बीसीए के छात्रों की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# मातृ और शिशु स्वास्थ्य, रोग नियंत्रण और डिजिटल हेल्थ सेवाओं पर विशेष ध्यान देने का निर्देश

- उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई स्वास्थ्य विभाग की समीक्षात्मक बैठक



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में उपलब्ध चिकित्सीय संसाधनों, सुविधाओं एवं विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। स्वास्थ्य विभागीय पदाधिकारियों को स्वास्थ्य सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी रूप से पहुंचाने के लिए कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और पहुंच दोनों को सुधारना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। योजनाएं तभी सफल होंगी जब उनका लाभ हर योग्य व्यक्ति तक पहुंचे। इसके लिए विभागीय समन्वय और क्रियान्वयन में कोई कोताही नहीं होनी चाहिए।

बैठक में परिवार नियोजन, धात्री एवं गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच, संस्थागत प्रसव, पूर्ण टीकाकरण, कुपोषण उपचार, मेंटल हेल्थ प्रोग्राम, नॉन कम्यूनिकेबल डिजिज, ई हॉस्पिटल, डेंगू रोकथाम, एमडीए, नेशनल वेक्टर बोर्न डिजिज प्रोग्राम, लेप्रोसी, टीबी उपचार आदि की विस्तृत समीक्षा की गयी। उपायुक्त द्वारा सिविल सर्जन को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक पंचायत में दो-दो ममता वाहन टैग किए जाएं ताकि आपात स्थितियों में सेवाओं की त्वरित उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। साथ ही नवजात शिशु के जन्म के समय डिस्चार्ज शीट में मातृत्व योजनाओं का उल्लेख अनिवार्य रूप से हो, जैसे झ मातृ वंदना योजना, जेएसएसवाई, जेएसएसके और जन्म प्रमाण पत्र। अस्पताल में मातृ वंदना का फॉर्म भी रखें ताकि आवश्कता अनुसार माताओं को उपलब्ध कराया जा सके।

# टाटा स्टील यूआईएसएल ने जमशेदपुर में वर्षा जल संचयन पहल के साथ जल स्थिरता को बढ़ावा दिया





कंपनी द्वारा बनाये गए रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का दृश्य।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** भारत भर के शहरों में तेजी से शहरीकरण, अनियमित वर्षा और भूजल के अत्यधिक दोहन के कारण पानी की कमी बढ़ती जा रही है, ऐसे में स्थायी जल प्रबंधन की आवश्यकता पहले कभी इतनी जरूरी नहीं रही। जमशेदपुर को भी अपने निवासियों और उद्योगों के लिए पर्याप्त पीने योग्य पानी की आपूर्ति और भूजल स्तर बनाए रखने की चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। इसके जवाब में, टाटा स्टील यूआईएसएल ने शहर भर में वर्षा जल संचयन (आरडब्ल्यूएच) पहल शुरू की है, जिसका उद्देश्य जल संरक्षण, भूजल की भरपाई और दीर्घकालिक जल लचीलापन बनाना है। ये प्रयास टाटा स्टीलयू आईएसएल के महत्वाकांक्षी पर्यावरणीय लक्ष्यों के अनुरूप हैं, जिसमें नेट जीरो हासिल करना, एक परिपत्र अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना, जैव विविधता का संरक्षण करना और 2030 तक खपत से अधिक ताजे पानी की भरपाई करना शामिल है। वर्षा जल संचयन छतों और सतहों से वर्षा जल को टैंकों, गड्ढों, जलभृतों या पुनर्भरण कुओं में एकत्र करना और संग्रहीत करना है। वर्षा जल को बह जाने देने के बजाय, इसे भूजल स्तर को बहाल करने और बाहरी स्त्रोतों पर निर्भरता को कम करने के लिए जमीन में डाला जाता है। वर्षा जल संचयन महत्वपूर्ण है क्योंकि यह भूजल के अत्यधिक उपयोग और भविष्य में पानी की कमी को कम करने में मदद करता है, पीने योग्य पानी की बढ़ती मांग को पूरा करता है और भूजल स्तर को रिचार्ज और बनाए रखने, बोरवेल की उपज और पानी की गुणवत्ता को बढ़ाने, टैंकरों और बाहरी आपूर्ति पर निर्भरता को कम करने, पानी के बिलों को कम करने, सामुदायिक आत्मनिर्भरता का निर्माण करने, मिट्टी के कटाव को धीमा करने, तूफानी पानी का प्रबंधन करने और समग्र जल पदचिह्न को कम करने के द्वारा टिकाऊ शहरी जल समाधानों का समर्थन करता है। टाटा स्टील यूआईएसएल ने जुस्को स्कूल कदमा, साउथ पार्क, सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट, दयानंद पब्लिक स्कूल, ग्रीन एन्क्लेव, बेल्डीह लेक फ्लैट्स, गोल्फ व्यू, प्रोफेशनल फ्लैट्स, सारनाथ तालाब, एसएनटीआई लाइब्रेरी, जहांगीर गांधी मेमोरियल अस्पताल और प्रैक्सेयर सहित विभिन्न क्षेत्रों में वर्षा जल संचयन प्रणाली लागू की है।


## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची
कार्यालय- भूमि संरक्षण सर्वे पदाधिकारी, हजारीबाग
E-Mail ID– scsohazaribag@gmail.com

### आम सूचना

वित्तीय वर्ष 2025–26 में केन्द्र प्रायोजित PM-RKVY योजना अन्तर्गत Sub Mission on Agricultural Mechanization (SMAM) उपयोजना हेतु हजारीबाग एवं रामगढ़ जिले के लिए JSLPS द्वारा गठित सक्षम महिला स्वयं सहायता समूहों/Village Organization (V.O) /कलस्टर फेडरेशन/सहकारी समिति/कृषक उत्पादन संस्थान (FPOs)/जलछाजन समिति आदि को योजना लागत कुल रूपये 10.00 लाख का 80% (अधिकतम रू० 8.00 लाख) अनुदान पर ग्राम स्तरीय कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतु JSLPS द्वारा गठित सक्षम महिला स्वयं सहायता समूहों/Village Organization (V.O)/कलस्टर फेडरेशन/सहकारी समिति/कृषक उत्पादन संस्थान (FPOs)/जलछाजन समिति द्वारा आवेदन आमंत्रित किया जाता है तथा लघु एवं सीमान्त कृषकों/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/महिला कृषकों को 50% व्यक्तिगत अनुदान पर व्यक्तिगत कृषि यंत्रों के वितरण हेतु कृषकों द्वारा आवेदन आमंत्रित किया जाता है। कृषि उपकरणों का विवरण, लागत तथा देय अनुदान निम्नवत् है –

| S.N. | Name of Agricultural Machinery/Equipments | Total Package cost for group (Rs. in lakhs) | Maximum Subsidy for groups (80%) (Rs. in lakhs) | Target |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Tractor 4WD (Upto 20 PTO HP) | 10.00 | 8.00 | ग्राम स्तरीय कृषि उपकरण बैंक की स्थापना का भौतिक लक्ष्य हजारीबाग ओ०एस०पी० – 09 हजारीबाग एस०सी०एस०पी०– 06 रामगढ़ ओ०एस०पी० – 10 |
| 2 | Tractor 2WD (Above 20 PTO HP & Upto 40 PTO HP) | | | |
| 3 | Power Tiller (8 BHP & Upto 11 BHP) | | | |
| 4 | Power Tiller (Above 11 BHP) | | | |
| 5 | Self Propelled Power Weeder (Below 2 BHP) | | | |
| 6 | Self Propelled Power Weeder (2BHP & Below 5 BHP) | | | |
| 7 | Self Propelled Power Weeder (5BHP & Below 7.5 BHP & Above) | | | |
| 8 | Self Propelled Rice Transplanter (4 Rows) | | | |
| 9 | Self Propelled Crop Reaper (4 Rows) | | | |
| | **Tractor/Power Tiller (Below 20 BHP) Driven Equipments** | | | |
| 10 | MB Plough (Single Bottom) | | | |
| 11 | Cage Wheel | | | |
| 12 | Cultivator | | | |
| 13 | Multi Crop Thresher | | | |
| 14 | Paddy Thresher | | | |
| | **Tractor (Above 20-35 BHP) Driven Equipments** | | | |
| 15 | MB Plough (Single Bottom) | | | |
| 16 | Cage Wheel | | | |
| 17 | Cultivator | | | |
| 18 | Multi Crop Thresher | | | |
| 19 | Paddy Thresher | | | |
| 20 | Rotavator (Upto 5 Feet) | | | |
| 21 | Zero-Till Seed Drill Multi Crop (7 Tines) | | | |
| | **Tractor (Above 35 BHP) Driven Equipments** | | | |
| 22 | Rotavator (6 Feet) | | | |
| 23 | Rotavator (7 Feet) | | | |
| 24 | Mini Rice Mill (Upto 0.5 TPH) | | | |
| 25 | Mini Rice Mill (More than 0.5TPH & Upto 1.0 TPH) | | | |
| 26 | Mini Dal Mill (Capacity 50 Kg per Hour) | | | |
| 27 | Mini Dal Mill (Capacity 50 Kg per Hour & Below 100 Kgper Hour) | | | |
| 28 | Manual Sprayer Knapsack/Foot/Battery Operated Sprayer | | | |
| 29 | Solar Powered Operated Knapsack Sprayer | | | |
| 30 | Powered Knapsack Sprayer/Power Operated Sprayer (Capacity8-12 Ltr) | | | |
| 31 | Petrol/Diesel/Electric/Tractor PTO Operated/Portable Irrigation Pumps Upto 15 HP | | | |
| | **Total Cost** | **10.00** | **8.00** | |

**लाभुक का चयन की पात्रता :–**

1. झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी, जिला–हजारीबाग/रामगढ़ द्वारा गठित महिला स्वयं सहायता समूह/महिला सखी मंडल/कृषक समूह जिनमें कम–से–कम 10 से 12 सदस्य होना अनिवार्य है।
2. छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना में वैसे महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल एवं कृषक समूहों को प्राथमिकता दी जायेगी, जिनके सदस्यों में से कम–से–कम एक सदस्य के पास ट्रैक्टर/वाहन (LMV) चालन का वैध लाइसेंस होगा एवं समूह के पास खेती योग्य 10 एकड़ से अधिक भूमि होगी।
3. महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों/लैम्पस–पैक्स के द्वारा कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतु कुल वास्तविक लागत का 80 प्रतिशत अनुदान की राशि को छोड़कर शेष अंशदान की राशि समूह द्वारा बैंक खाते में जमा होने का साक्ष्य आवेदन के साथ देंगे तथा चयन उपरांत समूह को कृषि यंत्र के क्रय हेतु यंत्रों का पैकेज उपलब्ध कराना होगा एवं व्यक्तिगत कृषकों द्वारा कृषि उपकरणों के क्रय पर वास्तविक लागत का 50 प्रतिशत अनुदान/अधिकतम अनुदान की राशि को छोड़कर शेष अंशदान की राशि कृषक/लाभुक द्वारा बैंक खाते में जमा होने का साक्ष्य आवेदन के साथ देंगे तथा चयन उपरांत कृषक/लाभुक को कृषि यंत्र का क्रय करना होगा।
4. जिन महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों/लैम्पस–पैक्स/कृषकों/लाभुकों को पूर्व में कृषि विभाग द्वारा कृषि उपकरण बैंक की स्थापना या अन्य किसी योजना (केन्द्र प्रायोजित योजना या राज्य योजना) के माध्यम से उपर्युक्त वर्णित कृषि यंत्रों मे से जो कृषि यंत्र पूर्व मे प्राप्त किया गया होगा, उन यंत्रों को छोड़कर ही अन्य कृषि यंत्रों के लिए पात्रता होगी।
5. महिला स्वयं सहायता समूहों का पूर्ण रूपेण भरे हुए आवेदन पत्र एवं सभी अनुलग्नक सहित जिला प्रोग्राम मैनेजर, झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी, हजारीबाग/रामगढ़ एवं FPOs का पूर्ण रूपेण भरे हुए आवेदन पत्र एवं सभी अनुलग्नक सहित नाबार्ड, हजारीबाग/रामगढ़ के माध्यम से कार्यालय को उपलब्ध कराया जा सकता है। व्यक्तिगत अनुदान हेतु कृषकों का पूर्ण रूपेण भरे हुए आवेदन पत्र एवं सभी अनुलग्नक सहित भूमि संरक्षण सर्वे कार्यालय, हजारीबाग में जमा किया जाएगा। जिला चयन समिति द्वारा सुयोग्य समूह/FPOs/लैम्पस–पैक्स/कृषकों का भौतिक लक्ष्य के विरुद्ध चयन किया जायेगा।
6. देय अनुदान की राशि का हस्तांतरण RTGS के माध्यम से नियमानुसार समूह/कृषक के बैंक खाते में किया जायेगा या बैंक ऋण के माध्यम से कृषि यंत्र क्रय करने पर संबंधित बैंक को अनुदान की राशि का हस्तांतरण किया जायेगा या लाभुक समूह के लिखित अनुरोध पर निर्माता/निर्माता के अधिकृत विक्रेता के बैंक खाते में अनुदान राशि का हस्तांतरण किया जायेगा। ग्राम स्तरीय कृषि उपकरण बैंक हेतु कुल औसत लागत का 80 प्रतिशत अधिकतम 8.00 लाख रूपये अनुदान देय है। अनुदान उपरांत अवशेष राशि समूह/कृषक अंशदान के रूप में देय होगा तथा व्यक्तिगत कृषि यंत्रों के वितरण हेतु कृषि यंत्रों के वास्तविक लागत का 50 प्रतिशत व्यक्तिगत अनुदान देय है। अनुदान उपरांत अवशेष राशि समूह/कृषक अंशदान के रूप में देय होगा।
7. आवेदन पत्र भूमि संरक्षण सर्वे कार्यालय (कनहरी हील रोड), हजारीबाग/जलछाजन पार्क, कैथा, रामगढ़ एवं जिला प्रोग्राम मैनेजर, झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी (JSLPS)कार्यालय हजारीबाग/रामगढ़/नाबार्ड, हजारीबाग/रामगढ़ के माध्यम से निशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।
8. इच्छुक महिला स्वयं सहायता समूह/महिला सखी मंडल/कृषक समूह/लैम्पस–पैक्स/कृषक/लाभुक योजना से संबंधित पूर्ण जानकारी हेतु भूमि संरक्षण सर्वे कार्यालय, कनहरी हील रोड, दीपूगढ़ा, हजारीबाग से सम्पर्क किया जा सकता है।

भूमि संरक्षण सर्वे पदाधिकारी,
हजारीबाग

PR 354656 Animal Husbandry (25-26)_D

## खेल और योग का संयोग शरीर को निरोगता प्रदान करेगा : डॉ एके सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

■ ऑक्सफोर्ड में तृतीय दिवस समर कैंप संपन्न



मेदिनीनगर। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में बुधवार को तृतीय दिवस समर कैंप संपन्न हुआ। यह कैंप आगामी 14 जून तक चलेगा। कैंप में शामिल बच्चों की खुशी देखते ही बन रही थी। अवकाश के बाद अतिरिक्त गतिविधि से जुड़कर बच्चों के चेहरे पर रौनक झलक रही थी। बच्चों द्वारा पुलकित होकर सभी गतिविधियों में शामिल होना उनके उत्साह को दर्शा रहा था। तीसरे दिन विद्यालय के प्राचार्य डा एके सिंह ने कहा कि कैंप में रीडिंग, राईटिंग, पेंटिंग, नृत्य, संगीत, तैराकी, योगा, बैडमिंटन, पाक कला आदि अन्य विविध विषयों पर कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं जिसमें बच्चों की सहभागिता भाव विभोर करने वाली है। उन्होंने कहा कि महर्षि दयानंद के दस नियमों में से छठा नियम संसार का उपकार करना इस समाज का मुख्य उद्देश्य है। शारीरिक, आत्मिक व सामाजिक उन्नति करना है।

## पलामू में क्षेत्रीय पुलिस ड्यूटी मीट 2025 का भव्य शुभारंभ

# तकनीकी प्रशिक्षण गतिविधियां पुलिसिंग को अधिक प्रभावी बनायेगी : नौशाद आलम

■ प्रशिक्षण से जवान तकनीकी रूप से दक्ष होंगे : एसपी रीष्मा रमेसन

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू में आयोजित तीन दिवसीय क्षेत्रीय पुलिस ड्यूटी मीट का शुभारंभ पलामू एसपी कार्यालय के सभा कक्ष में हुआ। उद्घाटन पलामू डीआइजी नौशाद आलम और एसपी रीष्मा रमेसन ने किया। मौके पर डीआइजी ने एफएसएल टीम का स्वागत करते हुए कहा कि इस तरह की तकनीकी प्रशिक्षण गतिविधियां पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी व वैज्ञानिक बनाती हैं।



खास बातें : कार्यक्रम में रांची से विभिन्न विशेषज्ञ अधिकारी संतोष सुधाकर, सहायक निरीक्षक, अंगलोक ब्यूरो, अपराध अनुसंधान विभाग, रांची अजय भगत, सहायक निरीक्षक, विधि विज्ञान प्रयोगशाला रांची। असीत मांडी, पुलिस निरीक्षक, आईटीएस विभाग, रांची। दिलीप कुमार महतो, सहायक अवर निरीक्षक, फोटो ब्यूरो, अपराध अनुसंधान विभाग, श्वता उरांव, सहायक अवर निरीक्षक, डॉग स्क्वॉड, अपराध अनुसंधान विभाग रांची शामिल थे। ड्यूटी मीट में पुलिसकर्मियों को फॉरेंसिक, क्राइम इन्वेस्टिगेशन, साइबर विश्लेषण, फिंगरप्रिंट, फोटोग्राफी और डॉग स्क्वॉड संचालन जैसे विषयों पर वास्तविक केस आधारित प्रशिक्षण और प्रतियोगिताएं दी जा रही हैं। इस प्रतियोगिता में अव्वल दर्ज के सदस्य जो चयनित होंगे उन्हें राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होने का मौका मिलेगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यह आयोजन हमारे जवानों को तकनीकी रूप से दक्ष बनाने और आपसी समन्वय को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। समापन समारोह 13 जून को होगा, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया जायेगा।

# सम्मान का तरीका सरना समाज से सीखने की जरूरत: डॉ शशिभूषण

■ आदि कुड़ुख सरना समाज ने की सरना झंडा स्थापना सह प्रार्थना सभा

खबर मन्त्र संवाददाता



नीलांबर पीतांबरपुर। बुधवार को प्रखंड के डबरा पंचायत स्थित नावाडीह तेनार (गेंठा) के सरना स्थल में सरना झंडा स्थापना सह प्रार्थना सभा की गयी। जिसके मुख्य अतिथि के रूप में पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने भाग लिया। ढोल-नगाड़ों, मांदर की मधुर धुनों और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ हुए स्वागत से अभिभूत विधायक ने कहा कि किसी का स्वागत व सम्मान कैसे किया जाना चाहिए यह सरना समाज के लोगों से सीखने की जरूरत है। इनके सम्मान का वह जीवन भर आभारी रहेंगे। यह सम्मान अत्यंत प्रेरणादायक रहा। डॉ मेहता ने कहा कि यह आयोजन न केवल आदिवासी संस्कृति की आत्मा का प्रतीक है, बल्कि हमारी विरासत, आस्था और प्रकृति के प्रति सम्मान की भावना को सशक्त रूप में प्रकट करता है। समाज के लोगों की मांग पर वे इस स्थल को घेराबंदी व पेवर ब्लाक लगवाकर आकर्षक स्थल के रूप में विकसित करेंगे। बहुत अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि पूर्व में जो भी ऐसे स्थल पर काम किये उसमें बड़े पैमाने पर लूट हुई। लेकिन अब वैसा नहीं होने देंगे। विधायक ने कहा कि ईश्वर से प्रार्थना है कि सरना धर्म की यह पवित्र ऊर्जा हम सबके जीवन को शुभता, समृद्धि और सद्भाव से भर दे।

## स्पीड न्यूज

### पांकी विधायक ने लेस्लीगंज के नये थाना प्रभारी उत्तम राय को भेंट किया पुष्पगुच्छ



नीलांबर पीतांबरपुर पलामू। पांकी विस क्षेत्र के नवनियुक्त लेस्लीगंज थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय का मौर्या फार्म हाउस में स्वागत एवं सम्मान किया गया। मौके पर पांकी विधायक ने नये थाना प्रभारी को गुलदस्ता भेंट किया। विधायक ने श्री राय को क्षेत्र की विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने की शुभकामनाएं दीं। अपेक्षा जतायी कि वे अपने कर्तव्यों का निष्ठा और संवेदनशीलता से निर्वहन करते हुए आम जनमानस को सुरक्षा व विश्वास का माहौल प्रदान करेंगे।

### ब्राह्मण उच्च विद्यालय की शिक्षिका रोहिनी बनी झारोटेफ की जिला प्रवक्ता



मेदिनीनगर। ब्राह्मण उच्च विद्यालय की शिक्षिका रोहिनी सिंह को झारोटेफ की जिला प्रवक्ता मनोनीत की गयी है। झारोटेफ के पलामू जिलाध्यक्ष मनोज मेहता ने शिक्षिका श्रीमती सिंह को पत्र से इसकी जानकारी दी है। जिलाध्यक्ष ने पत्र में कहा है कि आपके द्वारा संगठन हित में लगातार सराहनीय कार्य को देख झारोटेफ पलामू जिला प्रवक्ता पद पर मनोनीत किया जाता है। उम्मीद है कि आप इस दायित्व व कार्य को निष्ठापूर्वक निर्वहन करेंगी।

### पाटन पुलिस ने प्रेमी-प्रेमिका को पकड़ा

पाटन पलामू। पुलिस ने नाबालिग प्रेमी प्रेमिका को तरहसी से बरामद कर थाना ले आयी है। पाटन थाना अन्तर्गत जहांसी की मंजु देवी ने अपनी बेटी नीतु कुमारी को बगल के ही छोटू भुइयां के भगा ले जाने का मामला पाटन थाना में दर्ज करायी थी। उसी आलोक में पाटन थाना पुलिस ने लड़की की बरामदगी को लेकर छापामारी कर रही थी। बुधवार को नीतु कुमारी एवं छोटू भुईयां को तरहसी से बरामद किया गया।

### शिक्षकों को मिला प्रशस्त एप्प का प्रशिक्षण



हरिहरगंज पलामू। शहर के मेन रोड स्थित राजकीय सीता प्लस टू उच्च विद्यालय में बुधवार को प्रखंड के शिक्षकों को एनसीईआरटी द्वारा लाया गया प्रशस्त एप्प संचालन का प्रशिक्षण दिया गया। जिला समावेशी शिक्षा प्रभारी राजीव चौबे ने बताया कि प्रशस्त एप्प की सहायता से विद्यालय के बच्चों में दिव्यांगता के प्रकार को पहचानने में सहायता मिलेगी। एप्प संचालन के लिए प्रत्येक विद्यालय के प्राचार्य तथा एक शिक्षक को प्रशिक्षक रिसोर्स टीचर विनोद कुमार, प्रशांत चौबे, अभिषेक कुमार, एकराम सिंह द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

### सरकारी डिग्री कॉलेज में एडमिशन शुरू

हुसैनाबाद पलामू। इंटर पास सभी विद्यार्थियों के लिए अब डिग्री कॉलेज यानी बीए /बीएसी/बीकॉम में नामांकन के लिए यूजीसी एवं झारखंड विश्वविद्यालय चान्सलर पोर्टल खोल दिया गया, जिसमें अभी तत्काल ऐसे विद्यार्थियों का सूचना हेतु सभी कॉलेज ने ज्यादा से ज्यादा लोग नामांकन ले सके उसके लिए सूचना निकाल दिया। हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के बच्चों के लिए सबसे ज्यादा खुशखबरी यह है कि ग्राम झारहा में नवनिर्मित सरकारी डिग्री कॉलेज में नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दिया गया है। ऐसे तो इससे पूर्व के सत्र में भी कुछ बच्चे नामांकन लिया था। प्राचार्य डॉ राम कुमार ने बताया कि यह कॉलेज हुसैनाबाद के गरीब व मेधावी छात्रों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा के उद्देश्य से खोला गया जिसका लाभ आप सभी क्षेत्र के लोग अब प्राप्त करें।

### वायरल वीडियो से आहत लक्ष्मी ने दी जान

पाटन पलामू। प्रखंड के बघुबर निवासी लक्ष्मी देवी की आत्म हत्या मामले में पाटन पुलिस को एक अहम सुराग मिला है जिसमें मृतका का आपत्तिजनक फोटो वायरल किया गया है। वायरल करने वाला व्यक्ति बघबर के तमवा टोला का बताया जा रहा है, जो लक्ष्मी का प्रेमी बताया गया है। प्रेमी के द्वारा आपत्तिजनक वीडियो वायरल होने के बाद लक्ष्मी देवी सदमे में हो गयी थी। अपने मायके करार कला आयी हुई थी। लक्ष्मी देवी वीडियो वायरल होने के कारण सदमे आकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पाटन थाना प्रभारी ने बताया कि लक्ष्मी देवी मामले में वायरल वीडियो प्राप्त हुआ है।

### नये चिकित्सा प्रभारी डॉ अमित कुमार आजाद ने ग्रहण किया पदभार



पाटन पलामू। स्वास्थ्य विभाग के नये चकित्सा प्रभारी अमित कुमार आजाद ने पदभार ग्रहण किया। इस दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी श्रवण कुमार, डॉ कृष्ण कुमार, डॉ संतोष कुमार, पूर्व विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह, बीपीएम शशीकांत कुमार, चंदन कुमार, उदय चौधरी सहित सभी स्वास्थ्य विभाग के कर्मी उपस्थित थे। पाटन स्वास्थ्य विभाग में अमित आजाद ने दूसरी बार चिकित्सा पदाधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण किया है। कहा कि पाटन स्वास्थ्य विभाग में सभी लोगों का समुचित इलाज हो इसका ख्याल रखा जायेगा।

# एनएचएम नियुक्ति में कुल 101 अभ्यर्थी चयनित, 5 को लेटर

■ 5 अभ्यर्थियों के बीच उपायुक्त ने सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र का किया वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता



जानकारी देते डीसी, सिविल सर्जन व अन्य।

मेदिनीनगर। पलामू जिला स्वास्थ्य समिति अंतर्गत एनएचएम के तहत नियुक्ति प्रक्रिया समाप्त होने के पश्चात बुधवार को 101 अभ्यर्थियों को विभिन्न पदों के लिए चयनित कर लिया गया। चयनित सभी अभ्यर्थियों के बीच नियुक्ति पत्र के वितरण किया गया। इस दौरान उपायुक्त समीरा एस ने अपने कार्यालय कक्ष में कुल 5 अभ्यर्थियों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण किया जिसमें उन्होंने लैब टेक्नीशियन के पद के लिए चयनित बिंदा कुमारी, एएनएम पद पर चयनित रिम्मा कुमारी, जीएनएम पद पर चयनित सुमन कुमारी, काउंसलर पद के लिए चयनित लालमोहन कुमार एवं फार्मासिस्ट पद पर चरित्र संजीव कुमार पासवान को नियुक्ति पत्र सौंपा। विदित है कि जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा विज्ञापन संख्या 1/25 के आलोक में पूरी नियुक्ति प्रक्रिया संपन्न हुआ है। यह नियुक्ति अनुबंध आधारित है जिसके लिये 11 मई को लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया था जिसके आधार पर स्टाफ नर्स, एक्स रे टेक्नीशियन, लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट काउंसलर, डीपीपीएम व डीडीएम जैसे पदों पर नियुक्ति की गयी है। इस अवसर पर डीसी ने सभी चयनित उम्मीदवारों को बधाई देते हुए कहा कि मेडिकल का क्षेत्र अपने आप में चैलेंजिंग एवं सीधे मानव सेवा से जुड़ा हुआ है। ऐसे में आप सभी के उपर बड़ी जिम्मेदारी है। जिन पदों पर आपकी नियुक्ति की गई है वो सभी गंभीर पद हैं। ऐसे में अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करें।

## पीएम कुसुम योजना : पलामू डीडीसी ने 810 योग्य लाभुकों की सूची को किया अनुमोदित

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक में जानकारी लेते पलामू डीडीसी व उपस्थित अन्य।

मेदिनीनगर। उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय सभागार में पीएम कुसुम योजना अंतर्गत सोलर पंप सेट वितरण और इंस्टॉलेशन के लिए लाभुकों के चयन समिति की बैठक आयोजित की गयी। इसमें जिला स्तर पर गठित समिति द्वारा वर्ष 2024 और 2025 वर्ष के कुल 810 योग्य लाभुकों की सूची को अनुमोदित करते हुए जेडा के निदेशक को भेजने का निर्णय लिया गया। विदित हो कि वर्ष 2024 अंतर्गत जेडा निदेशक द्वारा प्राप्त कुल 524 ऑनलाइन आवेदनों में से जिला स्तर पर कुल 347 ऑनलाइन आवेदन को सही पाया गया इसके बाद जांच हेतु सभी 347 आवेदनों को ब्लॉक भेजा गया जिसके पश्चात अभी तक 189 योग्य किसानों/लाभुकों के आवेदन को बैठक में अनुमोदन करने का निर्णय लिया गया। इसी तरह वर्ष 2025 में कुल 725 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त किये गये जिसमें जिला स्तर पर 576 आवेदन को सही पाया गया इसके बाद जांच हेतु सभी 576 आवेदनों को ब्लॉक भेजा गया जिसके पश्चात अभी तक 285 आवेदनों को अनुमोदन करने का निर्णय लिया गया। इसी क्रम में वर्ष 2024-25 अंतर्गत वैसे लाभुक जो लाभुक अंशदान की राशि जांच के समय भुगतान किये, वैसे किसानों से कुल 2080 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त किये गये जिसमें जिला स्तर पर 1349 आवेदन वैध पाये गये। सभी आवेदनों को सत्यापन के लिये संबंधित ब्लॉक भेजा गया जिसके पश्चात अभी तक 336 आवेदनों का अनुमोदन किया गया।

## रामचंद्र चंद्रवंशी विवि में नशामुक्त अभियान की शुरुआत, विद्यार्थियों को दिलायी शपथ

खबर मन्त्र संवाददाता



विश्रामपुर (पलामू)। रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय के सभागार में बुधवार को नशा मुक्ति अभियान की शुरुआत की गयी। यह अभियान 26 जून तक रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय द्वारा संचालित सभी महाविद्यालयों में चलेगा। पहले दिन अभियान में आरसीआईटी, पॉलिटेक्निक कॉलेज व सहदेव चंद्रवंशी बी एड कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी व कुलपति डॉ संजय कुमार झा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। डॉ चंद्रवंशी ने कहा कि नशा विनाश का कारण है,जिससे हर हाल में युवाओं को दूर रहना होगा। इसके लिये सबसे पहले युवाओं में जागरूकता फैलाना होगा ताकि उनका स्वस्थ और भविष्य दोनों सुरक्षित रह सके। डॉ संजय कुमार झा ने नशा मुक्ति अभियान के रूप रेखा के बारे में विस्तृत रूप से बताया। कार्यक्रम के दौरान कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी व कुलपति डॉ संजय कुमार झा ने विद्यार्थियों को नशा पान नहीं करने की शपथ दिलायी।

## प्रकाश चंद्र जैन सेवा सदन की संस्थापक रतन देवी जैन का निधन, इलाके में शोक

खबर मन्त्र संवाददाता

■ रतन देवी जैन के निधन की खबर आग की तरह फैली शोक व्यक्त करने पहुंचे लोग

■ राजा हरिश्चंद्र घाट में अंतिम संस्कार



मेदिनीनगर। प्रकाशचंद जैन सेवा सदन की संस्थापक सह शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी सह समाजसेवी सुरेश जैन की 94 वर्षीय माता रतन देवी जैन का निधन बीती रात्रि को शिवाजी मैदान रोड स्थित पैतृक आवास पर हो गया। इनके निधन की खबर शहर में आग की तरह फैल गई। जैसे जैसे लोग निधन की खबर पाते गये वैसे वैसे शहर के प्रबुद्ध एवं प्रसिद्ध चिकित्सक गण आवास पर पहुंचकर पार्थिक शरीर का दर्शन कर शोकाकुल परिवार को सांत्वना देते हुए गहरी शोक संवेदना प्रकट किया है। इनका अंतिम दाह संस्कार बुधवार को कोयल नदी तट पर स्थित राजा हरिश्चंद्र घाट पर किया गया। शव यात्रा में काफी संख्या में लोग शामिल थे। दूसरी ओर प्रकाश चंद सेवा सदन में कार्यकरत चिकित्सक, एएनएम व अन्य कर्मचारियों ने शव यात्रा में पुष्प वर्षा कर नम आंखों से विदाई दी। रतन देवी जैन का इतिहास काफी संघर्षशील रहा है।

## नशामुक्ति अभियान : किशुनपुर में निकली रैली



पाटन पलामू। नशा मुक्ति अभियान के तहत किशुनपुर में रैली निकाली गयी। रैली कार्यक्रम की अध्यक्षता किशुनपुर पंचायत के मुखिया सुमन गुप्ता ने किया। रैली के माध्यम से लोगों को नशा नहीं करने एवं नशा से होने वाले नुकसान बताये गये। रैली में नशा मुक्ति के नारे लगाये गये। मुखिया सुमन गुप्ता ने लोगों को नशा से मुक्ति के लिए प्रेरित किया तथा उससे होने वाली बिमारियों के बारे लोगों को जानकारी दी। कहा कि जब तक हमारा समाज नशा मुक्त नहीं होगा तब तक स्वस्थ समाज का निर्माण व विकास सम्भव नहीं है। नशा से घर परिवार उजड़ जाता है, लोगों का विकास अवरुद्ध हो जाता है। उन्होंने नशा मुक्त भारत बनाने के लिए लोगों से संकल्प लेने को कहा। कार्यक्रम में शिक्षक अमरनाथ झा, निलिमा झा, जेन्डर सीआरपी शीला देवी, आरती कुमारी, कुनीता देवी, सरिता देवी, पार्वती देवी, पूजा कुमारी, सभी आंगनबाड़ी सेविका, स्वास्थ्य सहिया, जेएसपीएल की महिलाएं उपस्थित थीं।

## सघन जांच अभियान में दर्जनों वाहन जब्त



मेदिनीनगर। ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने छह मुहान चौक सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान चार पहिया एवं दोपहिया वाहनों की जांच की गयी। जांच में कुछ चालक बगैर हेलमेट तथा बगैर लाइसेंस और कुछ ट्रिपल लोड थे जिसमें से 15 बाइक जब्त कर शहर थाना में रखा गया है। सभी गाड़ियों को जिला परिवहन कार्यालय पलामू चालान फाइन हेतु भेजा गया है। जिला परिवहन कार्यालय पलामू से 11 दोपहिया मोटरसाइकिल गाड़ियों का। चलान फाइन राशि 21,150 रुपया आया है।

## 1887 में स्थापित मां देवी शक्ति सिद्धपीठ हैदरनगर को मान्यता

खबर मन्त्र संवाददाता

■ पर्यटन सर्किट में मान्यता मिलने के बाद राष्ट्रीय पर्यटन में शामिल करने की मांग



हैदरनगर पलामू। जिले के ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल देवी शक्ति सिद्धपीठ (देवी धाम) हैदरनगर को राज्य सरकार ने पलामू प्रमंडल धार्मिक पर्यटन सर्किट में शामिल कर लिया है। यह निर्णय हाल ही में रांची में आयोजित राज्य पर्यटन संवर्धन समिति ने बैठक में लिया है। जिसकी अध्यक्षता पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के सचिव ने की। इस निर्णय के बाद अब इस स्थल के विकास और प्रचार-प्रसार की संभावनाएं और अधिक सशक्त हुई हैं। गोल्हना के अंकु सिंह राणा ने राज्यस्तरीय के संयोजक भी। देवी धाम को राष्ट्रीय धार्मिक पर्यटन सर्किट में शामिल करने की मांग को लेकर राज्य और केंद्र सरकार को कई ज्ञापन सौंपा है।

## गीत संग्रह बादल हैं तो बरसेंगे ही और मुक्तक संग्रह मुक्तक सुमन का लोकार्पण आज

मेदिनीनगर। हिंदी साहित्य भारती, पलामू के मार्गदर्शक सत्येन्द्र चौबे सुमन रचित गीत संग्रह बादल हैं तो बरसेंगे ही और मुक्तक संग्रह मुक्तक सुमन का लोकार्पण 12 जून को मेदिनीनगर के होटल निवाणी रेड में झारखण्ड के प्रथम विधानसभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी करेंगे। लोकार्पण-समारोह अध्यक्षता प्रो सुभाषचंद्र मिश्र करेंगे जबकि संचालक संस्था प्रांतीय महामंत्री कवि राकेश कुमार करेंगे।

## भगवान विष्णु और जल देवता को समर्पित है आषाढ़ : कुंडल तिवारी

खबर मन्त्र संवाददाता



हैदरनगर। हिन्दू पंचांग के अनुसार आषाढ़ मास नववर्ष संवत्सर का चौथा महीना होता है। यह मास ग्रीष्म और वर्षा ऋतु के संधिकाल का प्रतिनिधित्व किये जाने से धार्मिक दृष्टि से विशेष माना गया है। इस मास की विशेषता पर वयोवृद्ध पं. कुंडल तिवारी ने कहा कि आषाढ़ मास में गुप्त नवरात्र का विशेष महत्व है। इस अवधि में माता दुर्गा की दस महाविद्याओं यथा - महाकाली, तारा, षोडशी, भुवनेश्वरी, छिन्नमस्ता, धूमावती, बगलामुखी, मातंगी, त्रिपुर भैरवी और कमला की विशेष तांत्रिक साधना व अनुष्ठान किये जाते हैं। इन देवियों को गुप्त रूप में पूजा किये जाने आध्यात्मिक साधकों के लिए अत्यंत फलदायी माना गया है। इस मास की अमावस्या को भी विशेष पुण्यदायी माना गया है। वहीं आषाढ़ शुक्ल द्वितीया तिथि से भगवान जगन्नाथ का विश्व प्रसिद्ध रथ यात्रा का उत्सव प्रारंभ होता है।

## सखियों को मिला आम बागवानी का प्रशिक्षण



चैनपुर (पलामू)। प्रखंड सभागार में बुधवार को बागवानी सखियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। अध्यक्षता बीपीओ अरविंद सिंह ने की। प्रशिक्षण में 42 बागवानी सखी उपस्थित थीं। सभी को आम व छोटे किसानों के लिए बाड़ी का प्रशिक्षण दिया गया। वहीं उसके लाभ के बारे में बताया गया। बागवानी के लाभुक गांव अनुसार उनको जोड़ा गया ताकि समय-समय पर बागवानी से संबंधित गड्ढा खोदना, पैच सिलेक्शन करना, लाभुक चयन करना, एच टेका लगवाने, निराई, गुड़ाई करवाना, मंजर को मसलना, खर पतवार नियंत्रण करना, रोग प्रबंधन और कीट प्रबंधन इत्यादि विषयों पर जिला मनरेगा परियोजना पदाधिकारी उपेन्द्र राम ने विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

# एनजीटी की रोक के बावजूद नदियों से अवैध बालू का उठाव अब भी जारी

■ अंचल विभाग व खनन विभाग आंख मूंदकर देख रहा अवैध खनन का खेल

प्रेमरंजन तिवारी

चैनपुर (पलामू)। मानसून के आगमन के पूर्व बालू घाटों व नदियों से बालू उठाव पर पूरी तरह रोक लगा दी गयी है। एनजीटी के आदेश के बाद 10 जून से 15 अक्टूबर तक नदियों से बालू का उठाव नहीं किया जाना है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने अपने आदेश में कहा है कि वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने बालू उत्खनन गाइडलाइन में खनन के लिए कुछ प्रावधान तय कर रखा है। इसके मुताबिक बरसात के मौसम में नदी क्षेत्र से बालू नहीं निकाला जा सकता। जिले में इस आदेश को खनन विभाग ने प्रभावी तरीके से लागू कर दिया है। कहीं भी अवैध बालू उठाव की सूचना पर त्वरित कार्रवाई भी की जा रही है। लेकिन इसके बावजूद बालू के अवैध उत्खनन पर रोक लगाने को लेकर जिला स्तरीय टास्क फोर्स भी गठित किया गया है। लेकिन टास्क फोर्स के विफलता के कारण चैनपुर प्रखंड में बालू का अवैध कारोबार खूब फल-फूल रहा है।

चैनपुर प्रखंड के नगर निगम व ग्रामीण क्षेत्र में विभिन्न गांवों से गुजरने वाली कोयल नदी से रात्रि के दो बजे से दिन के बजे तक बालू उत्खनन व परिवहन जारी रहता है। वहीं रात्रि में अवैध बालू का परिवहन कर बालू कारोबारियों द्वारा चैनपुर प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों और कई प्रकार के कार्य में उच्ची कीमतों पर बिक्री किया जा रहा है। इस कार्य में प्रतिदिन करीब दो दर्जन ट्रैक्टर लगे रहते हैं। प्रतिदिन रात्रि से दिन के उजाले तक ट्रैक्टर की लाइन लगी रहती है। लेकिन पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को यह सब नहीं दिखता है। इस कारण बालू कारोबारियों का हौसला बुलंद है। बालू कारोबारियों द्वारा चैनपुर थाना क्षेत्र में प्रति ट्रैक्टर बालू 2500-3000 हजार तक बिक्री किया जा रहा है। इससे राज्य सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है। अवैध बालू उत्खनन को रोकने के लिए तत्कालीन उपायुक्त शशि रंजन के द्वारा



सीओ, थाना प्रभारी और टास्क फोर्स को निर्देश दिए गये थे लेकिन इसका अनुपालन नहीं हो रहा है। इधर बालू कारोबारी अवैध बालू बेचकर मालामाल हो रहे हैं। वहीं प्रशासन मूकदर्शक बनी है।

# टरिया के डॉ श्याम सुंदर यादव का असामयिक निधन, शोक की लहर

■ बड़ी बीमारी से जूझ रहे थे, नहीं मिली कोई सरकारी सहायता

सुधीर यादव



डॉ श्याम सुंदर का फाइल फोटो।

मनातू (पलामू)। प्रखंड के ग्राम टरिया के डॉ श्याम सुंदर यादव (35) का असामयिक निधन मंगलवार की शाम हो गया। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर है। वे कई महीने से किडनी रोग से जूझ रहे थे। इनके असमय चले जाने से न केवल उनका परिवार, बल्कि पूरा समुदाय गहरे दुख में है। वे अपने पीछे दो बेटियां और एक बेटा छोड़ गये हैं। चर्चा है कि उन्हें कोई सरकारी सहायता इलाज के लिए नहीं मिल सकी। डॉ श्याम सुंदर का परिवार उनकी बीमारी से लड़ने के लिए दिन-रात एक कर दिया, परंतु परिजनों के अनुसार, उनकी हालत ऐसी थी कि सप्ताह में तीन बार डायलिसिस करवाना पड़ता था। इस इलाज के लिए परिवार ने अपनी सारी जमा-पूंजी खर्च कर दी और अब तक 20 लाख से अधिक खर्च कर दिये। इस भारी-भरकम राशि को जुटाने के लिए उन्होंने अपनी जमीन-जायदाद तक गिरवी रख दी। परिवार का कहना है कि झारखंड सरकार की ओर से कोई आर्थिक सहायता नहीं मिली, जिसके अभाव में उनकी जिंदगी की जंग और कठिन हो गयी। डॉ श्याम सुंदर के इकलौते बेटे दुलु ने पिता को मुखाग्नि दी। परिजनों ने सरकार व जिला प्रशासन से परिवार के किसी एक सदस्य को सरकारी नौकरी व सहायता दिलाने की मांग की ताकि वे आर्थिक तंगी से उबर सकें। उनके पिता स्व मुन्नी यादव की 2007 में माओवादियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसके बाद उनकी मां ने बड़ी मुश्किलों से अपनी तीन बेटियों और दो बेटों का लालन-पालन किया। डॉ श्याम सुंदर की मौत ने इस परिवार को और गहरे संकट में डाल दिया है।

स्पीड न्यूज

## अधिवक्ता पर रिवाल्वर से जानलेवा हमला

**बोकारो।** चास के सांगजोरि साइट निवासी अधिवक्ता कमल देव प्रसाद पर अज्ञात हमलावरों द्वारा रात्रि में राम मंदिर एवं पत्थरकट्टा चौक के बीच मोटरसाइकिल से जाने के क्रम में स्कूटी पर तीन सवार आकर रिवॉल्वर से जानलेवा हमला कर दिया। अधिवक्ता बाल बाल बचे। बीएस सिटी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई। इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने इस घटना की निंदा करते हुए जिला प्रशासन से आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। उन्होंने सरकार से अधिवक्ताओं के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग भी की है।

## बाइक की डिक्की से आभूषण से भरा थैला लेकर बदमाश फरार

**बोकारो।** तुपकाडीह के स्वर्ण व्यवसायी विनोद साव की बाइक की डिक्की का लॉक खोलकर अज्ञात बदमाश आभूषण से भरा थैला और लॉकर की चाभी लेकर फरार हो गये। दुकानदार ने बताया कि रोज की तरह अपने घर पिछरी से दुकान खोलने के लिए आया। बाइक खड़ा करने के बाद दुकान में झाड़ू देने लगा। इसी दौरान दो युवक बाइक के पास आकर जल्दी में डिक्की खोलकर जेवर से भरा थैला लेकर यामाहा बाइक से भाग गए। हल्ला करने के बाद बगल के गैराज वाले के साथ गाड़ी से उनका पीछा किया लेकिन कुछ पता नहीं चला। बताया कि थैला में लगभग दो लाख के चांदी के जेवर व कच्चा माल तथा लगभग 50 हजार के सोने के जेवर व कच्चा माल के साथ-साथ लॉकर की चाभी थी। घटना की सूचना मिलने के बाद जरीडीह थाना पुलिस ने घटनास्थल के आस पास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है। दिनदहाड़े ऐसी घटना होने के बाद दुकानदारों में आक्रोश है।

## साहित्यकार की पत्नी के निधन पर स्मृति सभा का आयोजन

**बोकारो।** हिंदी तथा खोरठा के ख्यातिलब्ध वरिष्ठ साहित्यकार प्रहलाद चंद्र दास की पत्नी स्मृतिशेष उर्मिला देवी को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु एक स्मृति सभा का आयोजन किया गया जिसमें हिंदी एवं खोरठा के साहित्यकारों शांति भारत पारितोष प्रजापति डॉ दिनेश कुमार दिनमणि अजय यतीश डॉ सुजाता कुमारी संगीता कुमारी गिरिधारी गोस्वामी आकाश खूंटी कुमार सत्येन्द्र श्याम सुंदर केवट रवि मीरा जोगी संजीता कुमारी आदि ने भाग लिया। उपस्थित साहित्यकारों ने दिवंगत उर्मिला देवी का स्मरण करते हुए कहा कि यद्यपि वह लेखिका नहीं थीं परंतु साहित्य की तरक्की के लिए उन्होंने बेमिसाल योगदान दिया था। उनके सहयोग और प्रेरणा के कारण ही प्रह्लाद चंद्र दास ने साहित्याकाश में नई ऊंचाई तक पहुँचने में सफलता प्राप्त की। श्रद्धांजलि सभा के पश्चात खोरठा के ख्यातिप्राप्त कवि व गीतकार पारितोष प्रजापति ने अपने सद्य प्रकाशित कविता संग्रह-जरक की प्रतियां सभी लोगों को भेंट की।

## ठाकुरगंगटी पुलिस को बड़ी सफलता, दो फरार वारंटियों की गिरफ्तारी

**ठाकुर गंगटी (गोड्डा)।** ठाकुरगंगटी थाना प्रभारी पंकज कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस को एक अहम सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने दो फरार वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में अब्दुल बहाव, पिता स्वर्गीय शेख कमरूद्दीन, निवासी बोआरीजोर (ताजोचक) तथा अशफाक अंसारी, पिता गुलाम अंसारी, निवासी इंदरचंक ठाकुरगंगटी शामिल हैं। दोनों लंबे समय से फरार चल रहे थे, जिनके खिलाफ न्यायालय से गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई की स्थानीय लोगों द्वारा सराहना की जा रही है। थाना प्रभारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है, और ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# हनवारा पुलिस को मिली सफलता

## भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद, एक गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा/हनवारा।** हनवारा पुलिस को बुधवार को एक सघन वाहन जांच अभियान के दौरान बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना प्रभारी के नेतृत्व में चलाए जा रहे वाहन जांच अभियान के तहत एक संदिग्ध वाहन को रोका गया। तलाशी लेने पर वाहन से बड़ी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की



गई, जिसे बाहर से तस्करी कर लाया गया था और स्थानीय बाजार में खपाने की योजना थी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने कई अहम जानकारियाँ दी हैं, जिनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि इस तस्करी के पीछे कौन-कौन लोग शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक ने हनवारा थाना की तत्परता की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की कार्रवाइयाँ आगे भी जारी रहेंगी, ताकि इलाके में अवैध गतिविधियों पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाया जा सके।

## बोकारो में मोबाइल टावर की बैटरी चोरी का हुआ उद्भेदन

**बोकारो।** जिला के चास मुफस्सिल थाना अंतर्गत धनडाबर बस्ती स्थित एयरटेल के मोबाइल टावर की बैटरी चोरी के उद्भेदन में अन्य लगभग दस बैटरी चोरी की घटनाओं का खुलासा हुआ। मुफस्सिल थाना प्रभारी प्रकाश मंडल के नेतृत्व में गठित टीम ने धनबाद के गोला कुसुमा के निवासी धर्मेंद्र कुमार को गिरफ्तार किया है जिसकी निशानदेही पर लगभग 6,83,000 मूल्य के 112 बैटरियों को अनश नामक दुकानदार की दुकान से बरामद किया गया। एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि अभियुक्त धर्मेंद्र कुमार पूर्व में दो बैटरी कंपनी के लिए कार्यरत था। वहां से उसे निकाल देने के बाद कंपनी को सबक सिखाने के नियत से उसने बैटरी चोरी शुरू की।

एक नजर में

### विस की गैर सरकारी संकल्प समिति ने की समीक्षात्मक बैठक

## योजनाओं के प्रगति कार्य में तेजी लाएं अधिकारी: अध्यक्ष



बैठक करते समिति अध्यक्ष व अन्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** परिसदन भवन स्थित सभागार में मंगलवार को विधानसभा की गैर सरकारी संकल्प समिति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के सभापति धनबाद विधायक राज सिन्हा ने किया। बैठक में समिति के सदस्य शिकारीपाड़ा विधायक आलोक कुमार सोरेन भी उपस्थित थे। बैठक में समिति द्वारा पेयजलापूर्ति योजनाएं, शहरी जलापूर्ति योजनाएं, भूमि सुधार, खनन, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, खाद्य, आपूर्ति, वन, श्रम, ग्रामीण कार्य, कल्याण, पथ निर्माण, पशुपालन सहित विभिन्न विभागों द्वारा विगत तीन वित्तीय वर्षों में संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा की गई। समिति ने जिला स्तरीय सभी विभागों के पदाधिकारियों से अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन के आधार पर जनहित से जुड़े मामलों में जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक सुझाव व निर्देश दिए। सभापति श्री राज सिन्हा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं की प्रगति में तेजी लाई जाए। यदि किसी योजना के संचालन में कोई समस्या आ रही हो, तो उसे शीघ्र दूर कर समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाए। उन्होंने जनहित की योजनाओं को प्राथमिकता देते हुए समय-समय पर उनकी निगरानी और निरीक्षण सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया। बैठक में डीडीसी रवि जैन,सिविल सर्जन दुमका सहित विभिन्न विभागों अधिकारी उपस्थित थे।

## पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की जन्मदिन मनाया गया




खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** गुरुवार को जिला प्रधान महासचिव सह जिला प्रवक्ता राजद मोहम्मद जाहिद इकबाल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि राष्ट्रीय जनता दल जिला कार्यालय गोड्डा में राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बिहार दलितों शोषितों वंचितों पिछड़ों आदिवासियों अल्पसंख्यकों आदरणीय लालू प्रसाद यादव जका 78वां जन्मदिन जिलाध्यक्ष सुरेश यादव जी सहित प्रदेश महासचिव धनंजय यादव प्रो जय प्रकाश यादव धनंजय महतो किरण देवी नीलम साह करूणा देवी सावित्री देवी गुलाम रसूल गणेश यादव बजरंगी यादव शंभू यादव पिंटू गुप्ता सोनी कुमारी चुनचुन यादव मोहम्मद जमाल मो निसार मो इमरान मो शरीफ प्रहलाद यादव मोहम्मद जमाल अहमद सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकताओं ने केक काट कर धूमधाम से मनाया साथ ही साथ सभी प्रमुख पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने जन्मदिन समारोह पर संकल्प लिया कि अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष के नीति एवं सिद्धांतों के साथ साथ पार्टी के विचार धारा को जन जन तक पहुंचाया जायेगा।

## जनसमस्याओं का हो समुचित समाधान: अभय



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** नगर विकास समिति के प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष अभय कुमार मुन्ना के नेतृत्व में चास नगर निगम के अपर नगर आयुक्त संजीव कुमार से भेंट कर चास की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं पर विचार-विमर्श किया। वार्ता में प्रतिनिधि मंडल ने बिंदुवार अपर नगर आयुक्त संजीव कुमार सहायक नगर आयुक्त आयुक्त जयपाल सिंह एवं प्रियंका कुमारी सिटी मैनेजर मेघनाथ चौधरी ललित लकड़ा अमन मल्लिक अनूप गुंजन टोपनो,प्रशांत कुमार मेसर्स इन्वायरो प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि रवीश कुमार आदि की उपस्थिति में समस्याओं पर चर्चा की। साथ ही अभियान बद्ध तरीके से जनसमस्याओं के समाधान की दिशा में काम किए जाने की मांग की। 12 ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा करते हुए समिति ने नाला-नालियों की सफाई गरगा नदी और तालाबों में गंदा पानी गिरने पर रोक होल्डिंग टैक्स वसूली में पारदर्शिता घर-घर जल एवं गैस आपूर्ति की शुरूआत सड़क मरम्मत सब्जी बाजारों का पुनर्संरचना अवैध पार्किंग की समस्या कचरा निस्तारण जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र की प्रक्रिया में सुधार और स्ट्रीट लाइट व बिजली पोल की मरम्मत आदि पर प्रकाश डाला। सारी बातों को गंभीरतापूर्वक सुनने के उपरांत अपर नगर आयुक्त संजीव कुमार ने बताया कि अलकुसा में कचरा प्लांट के लिए जमीन खरीदी गई है लेकिन ग्रामीण विरोध के कारण कार्य रुका है। जल आपूर्ति योजना का दूसरा चरण पूरा हो चुका है जिससे 25,000 घरों को लाभ मिलेगा। साथ ही सब्जी बाजारों को व्यवस्थित करने व सड़क अतिक्रमण हटाने का अभियान भी जल्द शुरू होगा। श्री कुमार ने बताया कि गंदा पानी रोकने के लिए पांच सदस्यीय समिति बनाई गई है और विकास कार्यों में लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। अब जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए निगम में दो कर्मचारी नियुक्त किए गए हैं। प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष अभय कुमार मुन्ना संरक्षक सदस्य अशोक जगनानी बालकृष्ण मुरारी डॉ सूर्यमणि कुमार अरविंदर सिंह भाटिया जितेंद्र प्रसाद सिंह राम भजन सिंह लालमुनी देवी अतीश कुमार सिंह गौरीशंकर सिंह रामकिंकर माहथा शत्रुघ्न सिंह अरुण सिंह डॉ केपी सिन्हा साधू सिंह नीलम देवी रानी देवी इत्यादि शामिल थे।

## सदर अस्पताल में मरीज की मौत के बाद परिजनों ने किया तोड़फोड़

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** सदर अस्पताल में बुधवार को एक हृदय रोगी की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल में जमकर तोड़फोड़ की सूचना मिली। उक्त मामले में कोरका निवासी गोरेलाल मंडल को हृदय रोग की शिकायत पर अस्पताल लाया गया था जहां रोगी की मौत हो गई।

वहीं परिजनों का आरोप है कि डॉक्टरों ने मरीज को समय पर ऑक्सीजन नहीं दी और उचित इलाज नहीं किया, जिस कारण मरीज की मौत हो गई। वहीं मृतक के कुछ परिवार वालों ने अस्पताल कर्मी पर आरोप लगाते हुए कहा कि अस्पताल में ऑक्सीजन लगाने के लिए उनसे पैसे मांगे गए थे और पैसे नहीं देने पर इलाज में लापरवाही बरती गई जिस कारण रोगी की मौत हो गई। जिसके बाद आक्रोशित मृतक के परिजनों ने अस्पताल में तोड़फोड़ करना शुरू कर दिया जिसमें कुर्सी, टेबल, आलमारी सहित रजिस्टर और कई सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया। प्रशासन को मामले की सूचना मिलते ही हेडक्वार्टर डीएसपी जयप्रकाश नारायण चौधरी और नगर थाना प्रभारी दिनेश महली पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रण में किया साथ ही मामले की जांच शुरू की। वहीं गोड्डा के पूर्व भाजपा विधायक अमित मंडल भी सदर अस्पताल पहुंचे और मृतक के परिजनों की शिकायत पर अस्पताल की व्यवस्था पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों की कमी के कारण मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल पाता है। जिस कारण मरीज की मौत हो जाती है। हालांकि इस मामले में सिविल सर्जन अनंत कुमार झा से हुई वार्ता में उन्होंने कहा कि अस्पताल और चिकित्सक पर मृतक के परिजनों पर आरोप पूरी तरह से गलत है। अस्पताल में ऑक्सीजन और डॉक्टर दोनों मौजूद थे। अस्पताल के चिकित्सकों और कर्मियों द्वारा कोई लापरवाही नहीं की गई है।

### महेंद्र टुडू के हत्यारोपी को पुलिस जल्द करे गिरफ्तार

## नहीं तो भाजपा करेगी धरना प्रदर्शन : संजीव मिश्रा



**गोड्डा /पोड़ैयाहाट।** (महेंद्र टुडू हत्याकांड मामले में भाजपा कार्यकर्ता मृतक के परिजनों से सोमवार को मृतक के परिजनों से मिले। इस दौरान दिवंगत महेंद्र टुडू की पत्नी सावित्री किस्कू से पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी दूरभाष पर बात की। पीड़िता सावित्री किस्कू ने पति की हत्या के न्याय को लेकर मुख्यमंत्री से गुहार लगाई। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री ने पीड़िता को आश्वस्त कराया है कि दिवंगत की हत्या में जो भी अपराधी सम्मिलित है उसकी गिरफ्तारी होगी और न्याय मिलेगा, इस संदर्भ में प्रमंडल डीआईजी से बात किया जाएगा। वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने परिजनों को आश्वस्त कराया कि घटना को हुए आज सात दिन बीत चुके हैं। अब तक प्रशासन की हाथ खाली है और अपराधी खुला घूम रहे हैं। कहा कि भाजपा शिष्ट मंडली, निकम्मी सरकार में पुलिस प्रशासन की लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेगा। दो दिन के अंदर पुलिस महकमा दिवंगत महेंद्र टुडू हत्याकांड के सभी अपराधियों को गिरफ्तार नहीं करती है तो परिजनों के साथ भाजपा शिष्ट मंडली धरना प्रदर्शन को बाध्य होंगे। इस दौरान जिला अध्यक्ष संजीव मिश्रा, महामंत्री कृष्ण मुरारी चौबे, पूर्व प्रत्याशी गजाधर सिंह, सह संयोजक डब्लू भगत, मंडल अध्यक्ष विनोद भगत बबलू सिंह जिला कोषाध्यक्ष राजेश भगत, संतोष भगत सहित अन्य मौजूद थे।

## जिला स्तरीय कार्यशाला संपन्न

### पुराने भाजपाई हुए नाराज

खबर मन्त्र संवाददाता




बोकारो। भाजपा बोकारो जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष जयदेव राय की अध्यक्षता में सेक्टर-1 स्थित कार्यालय में आयोजित कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह भवनाथपुर के पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही मौजूद थे। कार्यशाला में मोदी सरकार की नीतियों और उपलब्धियों पर चर्चा हुई। मुख्य अतिथि श्री शाही ने कहा- मोदी युग में भारत वैश्विक मंच पर मजबूत राष्ट्र बनकर उभरा है। पुलवामा हमले के बाद सर्जिकल स्ट्राइक- कोरोना काल में भारत निर्मित वैक्सीन- गरीबों को मुफ्त अनाज- गैस- आवास और इलाज जैसी योजनाएं सरकार की बड़ी उपलब्धियां हैं। गिरिडीह पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पाण्डेय ने कहा कि 11 वर्षों में देश ने गरीब- कल्याण व सुशासन और राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में बड़ी प्रगति की है। कार्यक्रम का संचालन अनिल स्वर्णकार और धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री संजय त्यागी ने किया। मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरा होने पर 9 जुलाई तक जिला से बूथ तक कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसकी सफलता को लेकर गठित टोली के संयोजक अनिल स्वर्णकार बनाए गए तथा मुकेश राय धीरज झा व अर्चना सिंह को सह-संयोजक मनोनीत किया गया है। कार्यक्रम में रोहित लाल सिंह कृष्ण कुमार मुन्ना मुकेश राय धीरज झा अर्जुन सिंह देवेंद्र प्रजापति ईश्वर प्रजापति दिलीप श्रीवास्तव मंटू राय बिनोद गोराई गिरिजा देवी शंकर रजक आदि ने भी अपने विचार रखे। पुराने वरीय भाजपाई कृष्ण कुमार मुन्ना को कार्यशाला में सम्मानजनक रूप से नहीं बैठाए जाने पर वे आक्रोशित हो गए। आक्रोशित श्री मुन्ना कार्यशाला से बाहर निकल गए। इस बीच कुछ कार्यकर्ता - यह भी कहते सुने गए कि जाने दीजिए- मनाने की कोई जरूरत नहीं। पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडेय उन्हें पार्टी का पट्टा पहनाकर अंदर ले गए। उनको छोड़ जिला स्तर का पद थामे बैठे अन्य नेताओं ने श्री मुन्ना के सम्मान का तनिक भी ख्याल नहीं रखा और न उन्हें मनाते देखे गए। बहरहाल इस घटना ने भाजपा की पुरानी गुटबाजी और मतभेद के साथ-साथ वरिष्ठों के अपमान की एक नई इबारत रच दी। घटना का वीडियो लगातार सोशल मीडिया पर वायरल बना हुआ है।

## चिन्मय विद्यालय में 12 जून से छह दिवसीय ज्ञान-यज्ञ का आयोजन

**बोकारो।** चिन्मय मिशन के संस्थापक महान वेदांती परम पूज्य स्वामी चिन्मयानंद महाराज के प्रमुख शिष्य परम पूज्य स्वामी अद्वैतानंद सरस्वती का बोकारो आगमन हो रहा है। वे चिन्मय मिशन बोकारो द्वारा आज 12 जून से आयोजित 6 दिवसीय ज्ञान यज्ञ के आचार्य होंगे। स्वामी अद्वैतानंद को श्रीमद भगवत गीता विभिन्न उपनिषदों एवं रामायण के वेदांतिक पक्ष पर अथाह ज्ञान है। उनकी वाणी ओजमय मधुर एवं सरल है। गीत संगीत में प्रवीण स्वामीजी का प्रवचन अत्यंत सरल और वैज्ञानिक होता है। ज्ञान-यज्ञ दो सत्रों में 6 दिन तक लगातार चलेगा। चिन्मय मिशन सेक्टर-5 में प्रातः काल में 06.45 से लेकर 07. 45 तक धन्याष्टकम् स्तोत्र पर सत्संग होगा और संध्या कालीन सत्र रामायण अयोध्या कांड पर चिन्मय विद्यालय के तपोवन सभागार में 7 बजे से 08. 30 तक होगा। अयोध्या कांड में वर्णित भगवान श्री राम का परिवार के प्रति भाइयों के प्रति प्रेम और त्याग माता के प्रति आदर और समर्पण पिता के प्रति उच्च निष्ठा और आदर आधुनिक समय के युवाओं का निश्चित ही मार्गदर्शन करेगा।

## श्रमिकों का भविष्य हुआ अंधकार मय : अजय

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** सीसीएल में कार्यरत दर्जन्नो श्रमिक का भविष्य अंधकार में बना हुआ। जिसमें मुख्य रूप से उनकी सेवा पुस्तिका में जन्मतिथि एवं शैक्षणिक योग्यता में जन्मतिथि में अंतर है। जिसके परिणाम स्वरूप वैसे श्रमिकों को श्रमिक ने पदोन्नति के लाभ से वंचित रखा है। पूर्व में से श्रमिकों को दैनिक वेतन भोगी से मासिक वेतन भोगी बनाया गया। पहले तो वैसे कर्मचारी जिनकी नियुक्ति कैटिगरी 1 मजदूर के पद पर हुई बाद में उन्हें लिपिख अथवा स्टोर ईश्वर क्लर्क बनाया गया प्रारंभिक दौर में तो उन्हें मासिक वेतन से दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी बनाया गया एक पद पर प्रमोशन भी दिया गया। लेकिन बाद में जन्मतिथि सेवा पुस्तिका और शैक्षणिक प्रमाण पत्र में अंतर होने के कारण उच्च पद पर पदोन्नति के लाभ से वंचित रखा जा रहा है ऐसे पूरे सीसीएल में दर्जनों श्रमिक कार्यरत हैं। सीसीएल के कथारा कोलियरी के अंतर्गत मोहम्मद जुल्फिकार एवं तुलसी जिन्हें पहले तो मजदूर से स्टोर ईश्वर क्लर्क बनाया गया बाद में उन्हें सहायक भडार पाल के पद पर पदोन्नति दी गई लेकिन 15 वर्षों से अधिक समय से उन्हें उच्च पद पर पदोन्नति के लाभ से वंचित रखा गया है।

प्रबंधन अपना तर्क सेवा पुस्तिका और शैक्षणिक प्रमाण पत्र में जन्मतिथि का अंतर होना बताया है। दूसरी और जिन कर्मचारियों का निधन हुआ उनके जगह पर उनके आश्रित पुत्र अथवा अन्य को नौकरी प्रदान किया गया उनके द्वारा जो शैक्षणिक प्रमाण पत्र जन्म प्रमाण पत्र में अंकित तिथि को प्रबंधन ने और अस्वीकार करते हुए उनका उम्र सत्यापन कराया गया और दोनों में अंकित जन्म तिथि को नियुक्ति पत्र में अलग जन्म तिथि दर्ज किया गया।

## रवि जैन ने उप विकास आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार संभाला

**दुमका।** उपायुक्त सह निवर्तमान उप विकास आयुक्त अभिजीत सिन्हा से परियोजना निदेशक आईटीडीए रवि जैन ने उप विकास आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार ग्रहण किया। आईएएस अधिकारी रवि जैन वर्तमान में दुमका जिले के परियोजना निदेशक आईटीडीए भी है। प्रभार के उपरांत निवर्तमान उप विकास आयुक्त ने नव पदस्थापित उप विकास आयुक्त रवि जैन को उनके कार्यों से अवगत कराया तथा सभी अधिकारियों से परिचय प्राप्त भी कराया। प्रभार लेते ही उन्होंने कहा कि जिले में विकास के एक नए मानक को स्थापित किया है।

## ग्रामीण विकास शाखा के कार्यालयों का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने जिला ग्रामीण विकास शाखा अंतर्गत विभिन्न कार्यालयों का बुधवार को औचक निरीक्षण किया। इस क्रम में जिला समाज कल्याण कार्यालय पहुंचे। वहां सभी कर्मचारी की उपस्थिति की जानकारी ली। कार्यालय में गंदगी थी और सारे सामान व्यवस्थित रूप से नहीं थे। जिस पर उन्होंने समाज कल्याण पदाधिकारी को आवश्यक दिशा



निरीक्षण करते उपायुक्त

निर्देश दिया। इसके उपरांत मनरेगा, आवास, लेखा शाखा पहुंचे वहां सभी कर्मचारी उपस्थित थे। सभी को योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाते हुए कार्य करने का निर्देश दिया। इसके उपरांत उपायुक्त ने डीआरडीएस सभागार के सौंदर्यीकरण कार्य का उद्घाटन किया। अधिकारियों को सफाई व्यवस्था रखने का निर्देश दिया।

## त्रिपक्षीय वार्ता में ऐश पोंड से छाई ट्रांसपोर्टिंग पर महत्वपूर्ण निर्णय

**बेरमो।** एसडीएम मुकेश कुमार मछुआ की अध्यक्षता में आयोजित त्रिपक्षीय वार्ता में डीवीसी प्रबंधन, बेरमो हाइवा एसोसिएशन और ट्रांसपोर्टर पक्ष के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया कि ऐश पोंड से छाई ट्रांसपोर्टिंग अंडरलोड होगी और लोकल गाड़ियों को प्राथमिकता दी जाएगी। बैठक में डीवीसी प्रबंधन की ओर से उप महाप्रबंधक कालीचरण शर्मा, मुरस्कर साहब, संजीव कुमार उपस्थित थे, जबकि बेरमो हाइवा एसोसिएशन की ओर से गुलेश्वर महतो, सम्भू महतो, भोला तुरी, नरेश प्रजापति और मुन्ना कुमार ने भाग लिया। विधायक प्रतिनिधि के तौर पर विकास सिंह (बब्लू सिंह) मुखिया और सदन सिंह उपस्थित थे। बैठक में निर्णय लिया गया कि आने वाले समय में जो भी टेंडर होगा, उसमें भी सभी गाड़ियाँ अंडरलोड ही चलेंगी। इसके अलावा, जो भी गाड़ियाँ नियम के विरुद्ध पायी जाएंगी, उन पर उचित कार्यवाही की जाएगी।

## न्याय की गुहार लगाती शोलकी सोनू की माँ

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** चंद्रपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत शारदा कॉलोनी निवासी आशीष कमार के 17 वर्षीय पुत्र शोंलकी उर्फ सोनू की हत्या कर पेड से लटकाने का आरोप लगाया है। वही शारदा कॉलोनी मे बुधवार को परिजनों ने प्रेस वार्ता कर बताया कि मेरा बेटा फुसरो के श्याम मोबाइल मे काम करता था। दो दिन से काम पर नहीं जा रहा था। 31 मई को फुसरो के दो लड़का बुलाने आया था। जिसका नाम अंशु कुमार और करण कुमार है। मेरा बेटा वही दोनों लड़के को भेज कर मेरा बेटा दुकान जाने के लिए तैयार हुआ। और उसी रात से हुआ गायब हो गया हम लोगों ने काफी खोजबीन किया पर किसी का तरह का कोई पता नहीं चला। 3 तारीख को शारदा कॉलोनी के पीछे जंगल में पेड़ में कपड़ा से लटका हुआ उसका शव बरामद हुआ और शव को एसिड से जला दिया गया था. प्रशासन को इसकी सूचना हम लोगों ने दी प्रशासन ने आकर शव को अपने कब्जे में लिया वहीं शव को कब्जे में लेने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद चंद्रपुरा पुलिस ने बताया कि वह आत्महत्या किया गया है जबकि उसकी हत्या की गई है. जबकि प्रशासन अपराधी को बचाने का कार्य कर रही है। वहीं स्थानीय विधायक से भी जब बात की गई तो विधायक ने भी कुछ बोलने से पीछे हटते दिखे।

# अमेरिका के 20 शहरों में फूटा इमिग्रेशन बम

## न्यूयॉर्क, शिकागो, सैन फ्रांसिस्को और वाशिंगटन में हजारों लोगों ने किया प्रदर्शन

एजेंसी

- लॉस एंजिलिस में मेयर ने लगाया कर्फ्यू
- प्रदर्शनकारी जानवर व विदेशी दुश्मन : ट्रंप

**न्यूयॉर्क ।** ट्रंप प्रशासन की इमिग्रेशन कार्रवाई के खिलाफ प्रदर्शन तेज हो गए हैं। इस समय लॉस एंजिल्स अराजकता से गुजर रहा है। यह प्रदर्शन इस शहर के अलावा भी कई जगहों पर फैल चुके हैं। अमेरिकी मीडिया के अनुसार यहां 20 से ज्यादा शहरों में हजारों लोग उतर आए हैं। लॉस एंजिल्स में प्रदर्शनकारियों ने यातायात को रोक दिया है। शिकागो में भीड़ ने डाउनटाउन लूप में मार्च किया, जिसके चलते कुछ समय के लिए यातायात बाधित हो गया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों के ऊपर पुलिस के हेलीकॉप्टर मंडराते रहे। शिकागो ट्रिब्यून ने तत्काल किसी गिरफ्तारी की सूचना नहीं दी है। न्यूयॉर्क में भी कुछ ऐसे ही हालात देखने को मिले हैं। यहां फेडरल इमिग्रेशन बिल्डिंग के पास लोअर मैनहट्टन से प्रदर्शनकारियों का ग्रुप मार्च कर रहा था। वहीं, अटलांटा में करीब 1,000 प्रदर्शनकारियों की भीड़ बुफोर्ड हाईवे पर जमा हो गई। कई सौ प्रदर्शनकारियों ने डोराविले में मार्च किया, जिससे उनकी स्थानीय पुलिस के साथ तुरंत टकराव की स्थिति बन गई। इसके अलावा सैन फ्रांसिस्को, सिएटल, ह्यूस्टन, डलास, सैन एंटोनियो और वाशिंगटन, डीसी में विरोध प्रदर्शन हुए। इस दौरान प्रदर्शनकारियों की पुलिस के साथ झड़प भी देखने को मिली।

एनबीसी न्यूज के अनुसार, न्यूयॉर्क और सैन फ्रांसिस्को में दर्जनों गिरफ्तारियां हुई हैं, जबकि ह्यूस्टन और सैन एंटोनियो में रैलियां काफी हद तक शांतिपूर्ण रहीं। ऑस्टिन में स्थानीय पुलिस डिपार्टमेंट ने ड्राइवरों को चेतावनी जारी की है कि वह लॉस एंजिल्स के विरोध प्रदर्शन के समर्थन में रैली कर रहे पैदल यात्रियों के बड़े समूहों पर नजर रखें।



ये प्रदर्शन इमिग्रेशन एनफोर्समेंट में सैन्य बलों के उपयोग को लेकर कैलिफोर्निया में गहराते राजनीतिक और कानूनी टकराव के बीच हुए हैं। मंगलवार को फोर्ट ब्रैग में अमेरिकी सेना की 250वीं वर्षगांठ के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भाषण दिया, जिसमें लॉस एंजिल्स के प्रदर्शनकारियों को जानवर और विदेशी दुश्मन बता दिया। इसके साथ ही ट्रंप ने शहर में लगभग 4,000 नेशनल गार्ड सैनिकों और 700 मरीन की तैनाती का बचाव किया है। ट्रंप ने लॉस एंजिल्स को आजाद करने और इसे ₹स्वतंत्र, स्वच्छ और सुरक्षित₹ बनाने की कसम खाई। इसके साथ ही उन्होंने 'विद्रोह अधिनियम' लागू करने तक का सुझाव दिया है। ट्रंप ने चेतावनी दी है कि वाशिंगटन, डीसी में मिलिट्री परेड के दौरान किसी भी रुकावट का 'बहुत बड़ी ताकत' से सामना किया जाएगा। बढ़ते गतिरोध ने डोमेस्टिक लॉ इन्फोर्समेंट के सैन्यीकरण पर एक व्यापक राष्ट्रीय बहस को जन्म दिया है। इस विवाद ने राज्य और फेडरल अथॉरिटी के बीच गहरे तनाव को रेखांकित किया है। इससे अमेरिकी शहरों में सत्ता के संतुलन और इमिग्रेशन एनफोर्समेंट के राजनीतिक दांव को लेकर सवाल उठ रहे हैं। देश भर में बढ़ते विरोध प्रदर्शनों के साथ, कैलिफोर्निया में एक फेडरल जज ने संघीय सरकार के सैन्य कर्मियों के उपयोग को प्रतिबंधित करने के अनुरोध पर गुरुवार दोपहर को सुनवाई निर्धारित की है। अमेरिका के लॉस एंजिलिस में विरोध प्रदर्शन के चलते शहर के बीच में कर्फ्यू लगा दिया दिया है। लॉस एंजिलिस के मेयर ने ये कर्फ्यू लगाया है। मेयर करेन बास ने कहा कि मैंने लोकल इमरजेंसी का एलान किया है और लॉस एंजिलस के डाउनटाउन में तोड़फोड़ और लूटपाट को रोकने के लिए कर्फ्यू जारी किया है। मेयर के अनुसार, कर्फ्यू मंगलवार रात 8 बजे (स्थानीय समयानुसार) बुधवार सुबह 6 बजे तक लागू रहेगा। करेन बास ने कहा कि कर्फ्यू कई दिनों तक जारी रहने की उम्मीद है। मेयर करेन बास ने कहा कि ट्रम्प प्रशासन के अप्रवासी नागरिकों के घरों पर चल रहे छापों के विरोध में हिंसक विरोध प्रदर्शन शुरू हुआ।

## स्पीड न्यूज

### प्रधानमंत्री ओली सहित चार मंत्रियों पर चलेगा मुकदमा

**काठमांडू।** सुप्रीम कोर्ट ने प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और चार मंत्रियों के खिलाफ अदालत की अवमानना का मुकदमा चलेगा।इस सभी के खिलाफ 22 जून से निरंतर सुनवाई करने का आदेश सुप्रीम कोर्ट ने दिया है। सुप्रीम कोर्ट में चार वर्ष पहले इसी तरह के प्रावधान बजट में रखे जाने के खिलाफ दायर एक याचिका पर सुनवाई करते हुए उसे रद्द करके देश के बालू, गिट्टी आदि के निर्यात पर रोक लगा दी थी। इसके विपरीत सरकार ने हाल ही में पेश किए गए आम बजट में देश के बालू, गिट्टी आदि के निर्यात की छूट देने की घोषणा की गई है।

### रेल सेवाओं का रूस तक विस्तार करेगा पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रेलमंत्री हनीफ अब्बासी ने कहा है कि पाकिस्तान अपनी रेल सेवाओं का रूस तक विस्तार करने जा रहा है। इस पर 22 जून से काम शुरू हो जाएगा। उन्होंने पत्रकारों को यह जानकारी मंगलवार को पंजाब प्रांत के मुल्तान रेलवे के डिवीजनल सुपरिंटेंडेंट के कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। अब्बासी ने कहा कि यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए 2027 तक रेलवे के बेड़े में करीब 200 गाड़ियां शामिल की जाएंगी।

### यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा की जमानत खारिज

**हिसार।** हरियाणा के हिसार जिले की एक कोर्ट ने यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा की जमानत याचिका बुधवार को खारिज कर दी। न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) सुनील कुमार ने आरोपी की जमानत याचिका पर सुनवाई की। पुलिस ने जमानत याचिका का विरोध किया और दलील दी कि मामले की जांच चल रही है। मुकेश ने कहा कि कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद ज्योति की जमानत याचिका खारिज कर दी। कोर्ट अब मामले की सुनवाई 23 जून को करेगी।

### भारत के एआइ 2027 तक होगा तीन गुना

**नयी दिल्ली।** भारत के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस बाजार के अगले तीन वर्षों अर्थात वर्ष 2027 तक तीन गुना बढ़कर 17 अरब डॉलर से अधिक का बाजार होने का अनुमान है। बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) द्वारा इसको लेकर बुधवार को एक रिपोर्ट जारी की गयी जिसमें यह बात कही गयी है। रिपोर्ट के अनुसार विकास की यह गति भारत को दुनिया की सबसे तेजी से विस्तार करने वाली एआई अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना रही है। इस विस्तार का श्रेय कई प्रमुख कारकों को जाता है, जिसमें उद्यम प्रौद्योगिकी निवेश में वृद्धि, एक मजबूत डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र और कुशल पेशेवरों के पर्याप्त पूल तक पहुंच शामिल है। भारत में वर्तमान में वैश्विक एआई प्रतिभा का 16 प्रतिशत हिस्सा है, जो इस श्रेणी में अमेरिका के बाद दूसरे स्थान पर है।

### यूनियन बैंक ने लोन पर ब्याज घटाया

**मुंबई ।** बैंक यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में 50 आधार अंकों की कटौती के बाद बुधवार से अपनी प्रमुख ऋण दरों में संशोधन करते हुये बाह्य बेंचमार्क ऋण दर और रेपो लिंक्ड ऋण दर में 50 आधार अंकों की कमी करने की घोषणा की है। बैंक ने कहा कि इसके साथ उसने अपने इन दोनों प्रमुख ऋण दरों को हाल ही में रिजर्व बैंक की दरों में कटौती के साथ पूरी तरह से जोड़ दिया है जो नए और गृह, वाहन, व्यक्तिगत और एमएसएमई उधारकर्ताओं के लिए फायदेमंद होगा।

### अमेरिका यूक्रेन के रक्षा बजट में कटौती करेगा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि मौजूदा अमेरिकी प्रशासन अगले साल यूक्रेन के लिए अपने सैन्य बजट में कटौती करेगा। हेगसेथ ने अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की रक्षा उपसमिति के समक्ष एक सुनवाई के दौरान यह जानकारी दी।



### लालू यादव ने जन्मदिन पर तलवार से काटा 78 किलो का केक

**पटना।** राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने पटना में बुधवार को परिवार के साथ केक काटकर अपना 78वं जन्मदिन मनाया। पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के आवास पर उन्होंने कार्यकर्ताओं द्वारा लाए गए 78 किलोग्राम के केक को तलवार से काटा। उत्साहित कार्यकर्ताओं ने इस अवसर पर मिठाइयां बांटी।

## पटना को डबल डेकर फ्लाईओवर की सौगात


खबर मन्त्र संवाददाता

- नीचे मेट्रो और ऊपर में 2 फ्लाईओवर का नीतीश कुमार ने किया लोकार्पण

**पटना ।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को 422 करोड़ रुपये की लागत से बने अशोक राजपथ पर कारगिल चौक (गांधी मैदान) से साइंस कॉलेज तक के डबल डेकर फ्लाईओवर की सौगात पटना वासियों को दी। कारगिल चौक के पास आयोजित कार्यक्रम स्थल पर फीता काटकर इसका लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान कारगिल चौक से साइंस कॉलेज और साइंस कॉलेज से कारगिल चौक तक डबल डेकर फ्लाईओवर का निरीक्षण भी किया। कहा जा रहा है कि इस पथ के निर्माण से अशोक राजपथ में जाम की समस्या से निजात मिलेगी और यातायात व्यवस्था सुगम होगी। इस डबल डेक फ्लाईओवर का कार्य प्रारंभ जनवरी, 2022 में हुआ था।



इस पथ का निर्माण अशोक राजपथ के ऊपर दो लेयर (डेकर) में किया गया है, जो गांधी मैदान के पास कारगिल चौक से प्रारंभ होकर पीएमसीएच होते हुए साइंस कॉलेज तक जाता है। एलिवेटेड कॉरिडोर के ऊपरी डेकर की लंबाई 2175.50 मीटर है जो गांधी मैदान से साइंस कॉलेज तक जाता है। यह गांधी मैदान से साइंस कॉलेज की तरफ जाने वाले यातायात के लिए है। नीचे के डेक की लंबाई 1449.30 मीटर है जो पटना कॉलेज से गांधी मैदान की तरफ बीएन कॉलेज मेन गेट तक आता है। नीचे के डेक पटना कॉलेज से गांधी मैदान की तरफ जाने वाले यातायात के लिए है। इस पथ के डेक की चौड़ाई 8.5 मीटर है।



## दिग्विजय सिंह के भाई लक्ष्मण सिंह कांग्रेस से हुये निष्कासित

- लक्ष्मण सिंह ने राहुल गांधी रॉबर्ट वाड्रा व उमर अब्दुल्ला के खिलाफ की थी टिप्पणी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने बुधवार को राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह के भाई लक्ष्मण सिंह को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से 6 वर्ष के लिए निलंबित कर दिया है। पार्टी की अनुशासनात्मक मामलों की समिति के महासचिव तारीक अनवर ने एक बयान में इसकी जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि कांग्रेस अध्यक्ष ने मध्य प्रदेश से पूर्व विधायक लक्ष्मण सिंह को तत्काल प्रभाव से 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया है। ऐसा उनकी पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते किया गया है। कांग्रेस की ओर से इस बारे में जानकारी नहीं दी कि आखिर किन गतिविधियों के चलते उन्हें निष्काषित किया गया है लेकिन हाल के समय में उन्होंने कुछ ऐसे बयान दिए थे जिसने कांग्रेस आलाकमान को असहज कर दिया था। उन्होंने पार्टी नेतृत्व के अपरिपक्व होने की बात कही थी। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के बाद



रॉबर्ट वाड्रा और कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर यह टिप्पणी की थी। लक्ष्मण सिंह ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर सीएम उमर अब्दुल्ला पर आतंकियों से मिले होने का आरोप लगाया था। सिंह ने गांधी परिवार पर टिप्पणी की थी कि रॉबर्ट वाड्रा जीजा जी हैं राहुल जी के उसने क्या कहा- मुसलमानों को सड़क पर नमाज नहीं पढ़ने देते इसलिए आतंकियों ने हमला किया।

### बुनियादी ढांचा नेटवर्क जीवन को बना रहा है आसान : प्रधानमंत्री



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में पिछले 11 वर्षों में किए गए बुनियादी ढांचे के विकास पर प्रकाश डालते हुए बुधवार को कहा कि रेलवे से लेकर राजमार्गों, बंदरगाहों से लेकर हवाई अड्डों तक, भारत का तेजी से फैल रहा बुनियादी ढांचा नेटवर्क जीवन को आसान बना रहा है और समृद्धि को बढ़ा रहा है। मोदी ने अपनी सरकार के 10 जून को अपने तीसरे कार्यकाल का एक वर्ष, यानी कुल 11 वर्ष पूरे करने के अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि बुनियादी ढांचे में भारत की उत्कृष्ट प्रगति पर जोर दिया - रेलवे, राजमार्गों, बंदरगाहों और हवाई अड्डों तक - जिससे बेहतर कनेक्टिविटी, आर्थिक विस्तार और नागरिकों के लिए जीवन को आसान बनाने और समृद्धि में वृद्धि हुई है।

## सोनम ने करायी थी पति की हत्या

### राजा रघुवंशी हत्या मामले में पत्नी ने कबूला जुर्म

एजेंसी

- मेघालय पुलिस ने प्रेमी राज कुशवाहा से आमना-सामना कराकर पूछताछ की, तो उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया

**शिलॉन्ग ।** सोनम ने अपने पति राजा रघुवंशी की मौत में अपनी भूमिका को स्वीकार करते हुए बुधवार को अपना जुर्म कबूल कर लिया। मेघालय पुलिस ने जब उसके प्रेमी राज कुशवाहा से उसका आमना-सामना कराकर उससे पूछताछ की, तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, पुलिस ने जब सोनम और राज कुशवाहा का आमना-सामना कराया, तो खून से सनी जैकेट, सोनम का रेनकोट और अन्य सबूत सामने रखे गए थे। पुलिस ने इन सबूतों के बारे में जब सोनम से सवाल किया, तो वह मौन हो गई। लेकिन इसके बाद सोनम ने सभी सबूतों को देखते हुए अपना गुनाह कबूल कर लिया। सोनम ने कबूल कर लिया कि उसने तीन सुपारी किलर्स आकाश राजपूत, विशाल उर्फ विक्की ठाकुर और



आनंद कुर्मी के साथ मिलकर अपने पति राजा रघुवंशी को मौत के घाट उतारा था। पुलिस जांच में यह सामने आया है कि मेघालय से सोनम लगातार अपने प्रेमी राज को अपने लोकेशन के बारे में पूरी जानकारी देती रही। वह बताती रही कि अब ये लोग कहां पहुंचे हैं और आगे क्या करने जा रहे हैं। पुलिस ने यह भी बताया कि शादी के बाद ही सोनम ने अपने प्रेमी राज के साथ मिलकर पति राजा रघुवंशी को मौत के घाट उतारने का प्लान बना लिया था। प्लान के अनुसार यह सब कुछ किया गया। पुलिस ने यह भी बताया कि सोनम ने अपनी सास को भी झूठ बोला था कि उसने अपरा एकादशी का व्रत रखा था, जबकि होटल से यह जानकारी मिली कि उसने खाना खाया था। यही नहीं, पुलिस को मेघालय रेलवे स्टेशन से हत्याकांड में प्रयुक्त हथियार भी मिला था। सोनम ने इस मामले में पुलिस जांच को भटकाने की पूरी कोशिश की। उसने राजा रघुवंशी के फोन से एक सोशल मीडिया पोस्ट भी शेयर की थी, जिसे उसने कैप्शन दिया था सात जन्मों का साथ। हालांकि जब सख्ती से पूछताछ की गई, तो सोनम ने सब सच उगल दिया।

### ट्रंप पर कुछ टिप्पणियों पर है पछतावा : मस्क



**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के अरबपति एलन मस्क ने बुधवार को कहा कि उन्हें पिछले सप्ताह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बारे में की गई कुछ पोस्ट पर पछतावा है। ट्रंप और मस्क ने पिछले सप्ताह सोशल मीडिया पर एक-दूसरे के खिलाफ तीखी टिप्पणियां की थी। टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ ने राष्ट्रपति के व्यापक कर और व्यय बिल को घृणित बताया था। ट्रंप ने शनिवार को कहा था कि उनका रिश्ता खत्म हो गया है, लेकिन उसके बाद उन्होंने यह भी कहा था कि अगर मस्क उन्हें फोन करके शुभकामनाएं देते हैं तो उन्हें कोई समस्या नहीं होगी। मस्क ने कहा कि कि मुझे पिछले सप्ताह ट्रंप के बारे में की गई कुछ पोस्ट पर पछतावा है। कुछ ज्यादा ही बोल गया था। मस्क के पोस्ट के बाद टेस्ला के शेयर 2.44% बढ़ गए।

## जगन्नाथ मंदिर में शाही स्नान को देखने लाखों श्रद्धालु पुरी पहुंचे

एजेंसी

- जय जगन्नाथके जयकारों और जुलूस के साथ पवित्र त्रिदेवों को मुख्य मंदिर के गर्भगृह में रत्नसिंहासन से स्नान वेदी तक औपचारिक रूप से लाया गया

**पुरी।** चार धामों में से एक ओडिशा में विशप्रसिद्ध श्री जगन्नाथ मंदिर में भगवान जगन्नाथ, उनके बड़े भाई बलभद्र और उनकी बहन देवी सुभद्रा के भव्य शाही स्नान समारोह और हति वेश को देखने के लिए बुधवार को लाखों श्रद्धालु यहां पहुंचे। स्नान पूर्णिमा के नाम से लोकप्रिय शाही स्नान समारोह को देवताओं की प्रसिद्ध रथ यात्रा या रथ यात्रा से पहले एक प्रमुख अनुष्ठान माना जाता है। परंपरा के अनुसार बुधवार सुबह दैत्य सेवकों के जय जगन्नाथके जयकारों और भव्य पहांडी जुलूस के साथ पवित्र त्रिदेवों को मुख्य मंदिर के गर्भगृह में रत्नसिंहासन से स्नान वेदी तक औपचारिक रूप से ले जाया गया। दैत्य सेवक - देवताओं के रक्षक के रूप में जाने जाने वाले एक



विशेष समूह - देवताओं को बाहरी मंदिर परिसर में स्थित स्नान वेदी पर ले गए। इसी के साथ ही ढोल, झांझ, बिगुल और घंटा की ध्वनि से वातावरण गूंज उठा। पुजारियों ने मंदिर परिसर के अंदर पवित्र स्वर्ण कुएं से निकाले गए पवित्र जल को पवित्र किया। स्नान अनुष्ठान के लिए सुगंधित जड़ी-बूटियों और चंदन के साथ मिश्रित कुल 108 घड़ों का उपयोग किया गया। मंदिर के स्वर्ण कुएं से सेवकों द्वारा हाथ से पानी निकाला गया। इसमें से 35 घड़ों का उपयोग भगवान जगन्नाथ को स्नान कराने के लिए, 33 का उपयोग बलभद्र को, 22 का उपयोग सुभद्रा को और 18 का उपयोग सुदर्शन को स्नान कराने के लिए किया गया। स्नान समारोह के बाद, देवताओं को वस्त्र पहनाए गए और भगवान के सबसे बड़े सेवक गजपति राजा दिव्यसिंह देब, छेरा पहानरा (स्नान वेदी के ऊपर देवताओं के चारों ओर झाड़ू लगाना) करने के लिए महल से एक औपचारिक जुलूस में पहुंचे। देवताओं को ह्यसहनामेलाृ के दौरान देवताओं के सार्वजनिक दर्शन से पहले भोग लगाया गया, जो शाम 19:30 बजे से रात 10:30 बजे तक जारी रहेगा। देर रात देवताओं को मंदिर के एकांत कक्ष में ले जाया जाएगा, जिसे अनासर हाउस (बीमारों के लिए कमरा) कहा जाता है। भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के साथ 15 दिनों तक विश्राम करेंगे। माना जाता है कि पवित्र स्नान के बाद उन्हें बुखार हो जाता है। इस पखवाड़े के दौरान मंदिर के वैद्य देवताओं का हर्बल से उपचार करेंगे।